E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 105 | गुवाहाटी | शनिवार, 11 नवंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

दीवाली में लगाए गए केले के पेड़ हाथियों को खिलाएगी सरकार पेज 3
राजनाथ सिंह और लॉयज ऑस्टिन ने भारत-अमेरिका साझेदारी को बताया महत्वपूर्ण पेज 4
राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मिले चंपतराय, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने... पेज 5
शराब कांड के जिम्मेवार लोगों पर हत्या का केस दर्ज करवाए सरकार : बजरंग गर्ग पेज 8

शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*जो मनुष्य अपने क्रोध को अपने ही ऊपर झेल लेता है, वह दूसरों के क्रोध से बच जाता है।*

– सुकरात

## न्यूज गैलरी

### नगालैंड के पूर्व राज्यपाल आचार्य का निधन

**मुंबई ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगालैंड के पूर्व राज्यपाल पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य (92 वर्ष) का निधन हो गया। आचार्य ने शुक्रवार को अंधेरी के वर्सोवा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम -शेष पृष्ठ दो पर

## बाबर और औरंगजेब को टाइट नहीं किया तो सीएम बनकर क्या फायदा : हिमंत



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि यदि वे मुख्यमंत्री बनकर थोड़ा बहुत बाबर और औरंगजेब को टाइट नहीं करते हैं तो उनके मुख्यमंत्री बनने का क्या फायदा है। मुख्यमंत्री बनकर बाबर और औरंगजेब को तो थोड़ा टाइट करना ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद जब मदरसा के शिक्षकों को वेतन देने संबंधी फाइलें उनके पास आयीं तो उन्होंने पूछा कि इन मदरसा का क्या काम है। इन मदरसों में क्या पैदा होता है। अधिकारियों ने बताया कि इन मदरसों में मुल्ला पैदा होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का काम मुल्लाओं को पैदा करना नहीं है, बल्कि हम डॉक्टर और इंजीनियर पैदा करेंगे। इस पर अधिकारियों ने कहा कि असम में ये मदरसे 1933 से चल रहे हैं। यदि इन्हें बंद किया गया तो हंगामा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी हंगामा होगा देख लिया जाएगा और मदरसों को इस प्रकार बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि असम की डेमोग्राफी बदल गई है। हिंदुओं की आबादी 65 फीसदी रह गई है। उन्होंने कहा कि उनके मुख्यमंत्री रहते हुए मुल्लों को पैदा करने की दुकान नहीं चल सकती है। मुख्यमंत्री आज मध्य प्रदेश में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुल्लों को पैदा करके समाज -शेष पृष्ठ दो पर

## धनतेरस पर माणिक चंद ज्वेलर्स के शो रूम में उमड़ी अच्छी-खासी भीड़



*माणिक चंद के जीएस रोड स्थित शोरूम में अपनी ओर खींचते-पुकारते आभूषणों में डूबीं-तैरतीं सुबह से शाम तक कतारबद्ध महिलाओं की आंखें और उनके पसंदगी को लेकर साथ देते पुरुष-महिलाओं का विहमंग दृश्य।*

**गुवाहाटी।** माणिक चंद ज्वेलर्स के सभी शो रूम में धनतेरस के शुभ अवसर पर आज अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। सुबह से शाम तक भीड़ कतारबद्ध खड़ी होकर गहनों को देखते-खरीदते देखी गई। सोने के गहने की मेकिंग चार्ज में 25 प्रतिशत कट होने के कारण ग्राहको में अत्यधिक उत्साह था। लोग खासकर महिलाएं विशेष रूप से आकर्षित थीं। वैसे हीरे और प्लेटिनम गहनों में पांच प्रतिशत कट होने की वजह से खीरददारों का ध्यान कम नहीं था। किंतु सोनें के गहनों की अपेक्षा हीरे और प्लेटिनम के गहनों पर कम था। गहनों के नए-नए डिजाइन महिलाओं को अपनी ओर खींच रहे थे। ऐसी महिलाएं भी थीं, जिन्हें गहनों को देखकर लगा रहा था कि क्या लूं और क्या छोड़ू और छोड़ू तो कैसे छोड़ू। महिलाओं को यह पूछते देखा गया कि क्या यह डिजाइन वाला मिलेगा या नहीं। अधिकांश महिलाएं यह पूछती देखी गई कि रविवार को खुला रहेगा न? हम रविवार को आएंगे। खास बात यह थी कि गहनों के नए-नए डिजाइन और बनावट ग्राहकों को पुकारने लग रहे थे। महिलाओं की आंखें-गहनों पर से हट नहीं रही थे। ऐसी महिलाएं भी थी जो एक गहने लेने का मन बनाकर आई थी और दो-तीन सेट लेकर गई और यह बोलते देखी गई कि कल हम आएंगी और यह सेट ले जाएंगी। यह सेट रख दीजिए। खरीददारों में खरीद का उत्साह देखकर शोरूम के कर्मचारियों के चेहरे पर भी अभिभूत करने वाली प्रसन्नता दिखलाई दे रही थी।

## यूएलबी में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित

**नई दिल्ली।** नगालैंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राज्य विधानसभा ने शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाला विधेयक पारित कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया अगले साल 30 अप्रैल तक खत्म हो जाएगी। बता दें नगालैंड विधानसभा ने गुरुवार को सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया। दो दशकों के बाद राज्य में नगरपालिका चुनावों का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राज्य में आखिरी बार निकाय चुनाव 2004 में हुए थे। विधेयक पारित होने के बाद मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार महिलाओं के लिए सीटों के एक तिहाई आरक्षण का प्रावधान इसमें शामिल किया गया है। शीर्ष अदालत पूर्वोत्तर राज्य में शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग करने वाली पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) और अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान नगालैंड सरकार के वकील ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ को -शेष पृष्ठ दो पर

## अयोध्या में आज 25 हजार वालंटियर्स 51 घाटों पर दीयों में भरेंगे तेल

**अयोध्या ( हि.स. )।** सातवें दीपोत्सव के लिए अयोध्या पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुशल प्रबंधन में दीपोत्सव में वालंटियर्स के सहयोग से 24 लाख से अधिक दीयों को प्रज्ज्वलित करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शुक्रवार को बताया कि शनिवार सुबह से ही वालंटियर्स दीयों में तेल भरने का कार्य करेंगे। सभी को एक-एक लीटर की सरसों तेल की बोतलें दी जाएंगी। हर वालंटियर सावधानी पूर्वक 30 दीये में तेल डालेगा। दीये का ऊपरी हिस्सा कुछ खाली -शेष पृष्ठ दो पर

MCJ® Beauty with Purity
SHUBH DIWALI
MANIK CHAND™ JEWELLERS
GOLD • DIAMOND • PLATINUM
Thank you
Heartful thanks to our valued customers & well wishers for their overwhelming continuing Patronage & support on Dhanterash
Flat 25% OFF* On Making Charge of Gold Ornaments
Flat 5% OFF* On Diamond/ Platinum Ornaments
*Offer valid from 5th Nov to 15th Nov, 2023
*Condition Apply
IJSF INDIA JEWELLERY SHOPPING FESTIVAL 2023
MCJ KRISHAN SONI GROUP
Chamkegi Sabki Kismat! Win
• Christian Basti, G.S. Road, Guwahati-5, Ph.: 2343186 / 2343189
• Shoppers Point, 1st flr, H.B.Rd., Guwahati-1, Ph.: 2732767 / 2736102
• K. C. Road, Fancy Bazar, Guwahati-1, Ph.: 2547454 / 2516922
• TIME SQUARE MALL, R. G. Baruah Road, Sunderpur, Guwahati-5, Ph.: 2203101/ 9678068936
• IMPERIAL MALL, G. Floor, Club Road, Silchar, Ph.: 03842-236002, 236004
• Hotel COURTYARD BY MARRIOTT, Jail Road, Police Bazar, Shillong, Ph. : 0364-2912990 | Mobile 9678068930
Email : info@mcj.net.in 9678068937 manikchandjewellersgs www.facebook.com / Manik-Chand-Jewellers-969752743149007 Web : www.manikchandjewellers.com

THIS DIWALI CELEBRATE WITH DATAMATION
Early Bird Offer
SHOP NOW & GET DELIVERY ON PREFERRED DAY
3 YEARS WARRANTY ON LED TV
STORE OPEN ON 10th NOV AT 8AM
50 LUCKY DRAW 10 OCT TO 11 NOV 23 WIN EXCITING PRIZES
EXCHANGE OFFER
•LED TV •Water Purifier •Mixer Grinder •Trolley Bag •Geyser •OTG and many more...
CASHBACK UPTO 26%
GET THE BEST PRICE FOR YOUR OLD ELECTRONICS
LOWEST EMI ₹990/-* MONTH
FIXED EMI 999*
ASSURED GIFT
0% FINANCE
5% SBI CREDIT CARD
ONLINE PRICE MATCH
FINANCE PARTNERS BAJAJ FINSERV IDFC FIRST Bank HDB FINANCIAL SERVICES HDFC BANK
*T&C APPLY
DATAMATION
G.S. Road, Ulubari, Guwahati
Ph : 7086094885, 7086094900, 0361-2451581
OUR FRANCHISE STORES
NEXTZEN (Azara), RUPJYOTI (Bokakhat), S D ELECTRONICS (Rongia)

+91 7002506581
সূমন ফাইবাৰ এণ্ড ইনটেৰিঅ'ৰ
sfi
SUMAN FIBRE & INTERIOR
Siddiqui Ali Commercial Complex, S.J. Road, Athgaon, Guwahati-781001
शुभ दीपावली
WHOLESALER OF :
PVC FALSE CEILING & WALL PANEL, DOOR FITTINGS, PLYWOOD, SUNMICA
POWER TOOLS, MODULAR KITCHEN & ACCESSORIES

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# भारत की एक इंच भूमि पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता : अमित शाह

**देहरादून ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक हमारे आईटीबीपी और सेना के जवान सीमा पर तैनात हैं तब तक भारत की एक इंच भूमि पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। अब हिम वीरांगनाएं भी देश की सीमा की सुरक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हो रही हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 62वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने जवानों के लिए सेल्फ सस्टेनेबल एनर्जी बिल्डिंग और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित बीओपी (बॉर्डर ऑब्जरवेशन पोस्ट) पर सब्जियों, दवाओं और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ड्रोन का ई-लोकार्पण किया। गृह मंत्री ने आईटीबीपी के 147 शहीदों पर बनी फ्लिप बुक को भी लांच किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और आईटीबीपी के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि देशवासी जब दीपावली के अवसर पर अपने घर में दिया जलाते हैं, तब वे एक दिया सीमा पर तैनात हमारे वीर जवानों के लिए भी जलाते हैं। देश की 130 करोड़ जनता पूरे दिल से वीर जवानों के त्याग, बलिदान, साहस और शौर्य का सम्मान करती है। देश की जनता चैन की नींद सोती है क्योंकि हमारे वीर जवान अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष सरहद पर देश की सुरक्षा के लिए समर्पित करते हैं। हिमवीरों का त्याग, सेवा और बलिदान अनमोल है और पूरा देश इसे नमन करता है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज आईटीबीपी का स्थापना दिवस है और हमारे हिमवीरों ने पिछले 62 वर्षों से शौर्य, दृढ़ता और कर्मनिष्ठा के ध्येय वाक्य के साथ भारत की दुर्गम सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि माइनस 45 डिग्री तापमान में देश की अग्रिम सीमा पर चौकन्ना रहकर उसकी सुरक्षा करना और जरूरत पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे ना हटना, आईटीबीपी की परंपरा रही है। आईटीबीपी 62 साल पहले 7 वाहिनियों के साथ शुरू हुआ। आज एक लाख हिमवीरों, 60 वाहिनियों, 17 प्रशिक्षण केंद्रों, 16 सेक्टर, 5 फ्रंटियर और 2 कमांड मुख्यालयों के साथ एक मजबूत बल के रूप में उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमवीरों की मांग को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वायुयान और रेल में सेना की तर्ज पर देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलस बलों का भी कोटा तय कर दिया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भी आईटीबीपी की भागीदारी बहुत बढ़ गई है, जो बहुत अच्छी बात है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी 36 लाख से ज्यादा वृक्ष इतने दुर्गम क्षेत्र में लगाए हैं। उन्होंने सभी जवानों से वृक्षों को अपने साथ जोड़ने को कहा, जिससे ना सिर्फ उनके मन में बहुत बड़ा बदलाव और संवेदनशीलता आएगी, बल्कि वृक्ष के पालन पोषण के साथ होने वाला जुड़ाव जवानों के मन में भी बहुत बड़ा



परिवर्तन करेगा। ये 36 लाख पौधे 5 साल में बड़े वृक्ष बनेंगे और देश के साथ-साथ पूरे विश्व के पर्यावरण को भी शुद्ध करेंगे। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट के माध्यम से एक नए कांसेप्ट को देश के सामने रखा है। पहले सीमा पर स्थित गांव को देश का अंतिम गांव कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने वहां जाकर कहा कि यह अंतिम नहीं, बल्कि देश का पहला गांव है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर बसे गांवों की आबादी को न केवल सस्टेन करने, बल्कि उसमें वृद्धि करने और वहां देश के अन्य हिस्सों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की अप्रोच के साथ वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम बनाया है। मोदी सरकार ने इस कार्यक्रम के पहले चरण में 19 जिलों में 46 ब्लॉक के 662 गांवों के लिए 4800 करोड़ रुपए के बजट से बिजली, सड़कें, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा हिमवीरों की जिम्मेदारी है, लेकिन अगर ये सीमावर्ती गांव खाली हो जाएंगे तो इस काम में बहुत दिक्कतें आएंगी। आने वाले 1 साल में 168 अनकनेक्टेड गांव सड़क, बिजली, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवाओं से भी जुड़ जाएंगे। सीमाओं पर सुविधाओं के विकास के बिना देश सुरक्षित नहीं रह सकता। भारत-चीन सीमा सुविधाओं के विकास पर 2014 से पहले औसतन प्रतिवर्ष 4000 करोड़ रुपए खर्च होता था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 सालों में बढ़ाकर औसतन 12340 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष कर दिया गया है। सरकार ने सीमा पर रोड, बीओपी बनाने, जवानों को सुविधाएं देने और गांवों को सुविधायुक्त बनाने के लिए तीन गुना खर्च बढ़ाया है। इस दुर्गम क्षेत्र में 350 से ज्यादा पुल और पुलिया बनाने का काम किया है। जवानों के कल्याण के लिए सरकार ने विगत 9 सालों में कई योजनाएं बनाई हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि विगत 9 साल में देश की आंतरिक सुरक्षा की स्थिति में बहुत बदलाव आया है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आज वहां आतंकवाद पर पूर्ण नियंत्रण पाने में हमें सफलता मिली है। आंतरिक सुरक्षा बहुत मजबूत हो रही है और सीमाओं की सुरक्षा को हमारे हिमवीर संभाल रहे हैं। 2047 तक हमें भारत को ऐसा देश बनाना है कि हर क्षेत्र में हम विश्व का नेतृत्व करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों और ऊंचाई पर स्थित बीओपी (बॉर्डर ऑब्जरवेशन पोस्ट) पर सब्जियों, दवाओं और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की कल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने हम सबके सामने रखी थी। इसी कल्पना के साकार होने की दिशा में आज पहला ड्रोन 15 किलोग्राम दवाएं और सब्जियां लेकर दुर्गम इलाके में पहुंचा है, ये एक बहुत बड़ी शुरुआत है।

## बीटीआर में 16 को स्थानीय अवकाश की घोषणा

**कोकराझाड़ ( हिंस )।** बोडोलैंड टेरिटोरियल रिजन (बीटीआर) प्रशासन ने 16 नवंबर को बोड़ो थुनलाइ शान (बोड़ो लिटरेरी डे) के अवसर पर बीटीआर में 16 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। बीटीआर के मुख्य सचिव ने इस आशय की घोषणा की है। बीटीआर के सभी जिले के सरकारी कार्यालय उस दिन बंद रहेंगे।

## श्री जगन्नाथ मंदिर में भगदड़ 10 लोग घायल

**पुरी।** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ की वजह से भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। जिसमें कम से कम 10 श्रद्धालु घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए यहां के जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक रंजन कुमार दास ने कहा कि तड़के हुई इस घटना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जिम्मेदार है। कार्तिक के हिंदू महीने को पवित्र माना जाता है और बड़ी संख्या में भक्त भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने के लिए 12वीं शताब्दी के मंदिर में आते हैं। घायलों में ज्यादातर बुजुर्ग शामिल हैं। दास ने कहा कि हम मंदिर के अंदर भक्तों के सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंगला आरती पूरी होने के बाद भक्तों को अंदर जाने की अनुमति दी गई। हालांकि, भारी भीड़ के घुसने से मंदिर में भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। भक्तों ने कहा कि यह घटना मंदिर के अंदर घंटीद्वार और सातपहाचा के पास तब हुई जब बाहर इंतजार कर रहे सभी भक्तों को एक समय में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। मंदिर पुलिस ने गिरते-पड़ते श्रद्धालुओं की मदद की। सूत्रों ने बताया कि अधिकांश घायल व्यक्तियों को आवश्यक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# दीवाली पर पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** दिवाली का त्योहार शुरू हो गया है, इसके लिए बाजारों में लोगों की भीड़ जुटने लगी है। इसी बीच, पीएम मोदी ने लोगों से खास अपील करते हुए पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने *वोकल फॉर लोकल* को बढ़ावा देने की कोशिश की है। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल की दिवाली देश के भारतीयों के लिए खास बनाया जाए। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दरअसल, आइए इस दिवाली को 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत के बारे में बनाएं। यह उद्यमियों की रचनात्मकता और अथक भावना के कारण है कि हम वोकल फॉर लोकल हो सकते हैं और भारत की प्रगति को आगे बढ़ा सकते हैं। यह त्योहार आत्मनिर्भर भारत का एक बंधन में बांधें! इसके साथ ही, पीएम मोदी ने किरण शो नाम की यूजर द्वारा शेयर किए गए वीडियो को रिपोस्ट किया है। इस वीडियो में लोगों से लोकल चीजों पर फोकस करने और उन्हें अपना ऑप्शन बनाने की अपील की गई है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि वोकल फॉर लोकल मिशन और इसके साथ आने वाली रचनात्मकता को पसंद करें! देवी लक्ष्मी इस दिवाली भारतीय उद्यमियों और व्यवसायों पर अपनी कृपा बरसाएं! इससे पहले भी पीएम मोदी ने एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि लोग इस दिवाली स्थानीय उत्पाद खरीदें और अपनी सेल्फी उस सामान या फिर उसे बनाने वाले के साथ नमो ऐप पर पोस्ट करें। सकारात्मक भावना के साथ इस काम में अपने दोस्तों और परिवार को भी शामिल करें और यह मैसेज दूसरों तक पहुंचाएं। पीएम मोदी ने इस पोस्ट के साथ एक लिंक भी शेयर किया है, जिसपर कोई भी व्यक्ति अपनी तस्वीर पोस्ट कर सकता है। मालूम हो कि पीएम मोदी ने हमेशा से ही लोकल चीजों को बढ़ावा देने की कोशिश की है और आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया है। धनतेरस के मौके पर आज पीएम मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं भी दीं।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल आचार्य के निधन पर जताया शोक

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने नगालैंड और असम के पूर्व राज्यपाल पीबी आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया। आचार्य ने शुक्रवार को अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने आज यहां एक बयान में कहा कि मैं नगालैंड और असम के पूर्व राज्यपाल पीबी आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त करता हूं। देश का एक प्रतिबद्ध बेटा, जिन्होंने अपना जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके निधन से देश ने एक सक्षम नेता खो दिया है। स्वर्गीय आचार्य एक बहुआयामी व्यक्तित्व थे जिनका शैक्षणिक सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान था।

# ताइवान भी देगा एक लाख भारतीयों को नौकरी

**नई दिल्ली।** उम्रदराज होते कई देशों की नजर भारत के युवा व कुशल श्रमिकों पर हैं। हाल ही में ताइवान ने भारत के एक लाख युवा श्रमिकों को नौकरी देने की पेशकश की है। ताइवान में बेरोजगारी दर अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है और मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर कृषि व स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अगले महीने भारत और ताइवान के बीच नौकरी को लेकर समझौता हो सकता है, उसके बाद ताइवान में नौकरी दिए जाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। ताइवान विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने भी इस बात की पुष्टि की है। वर्ष 2025 तक ताइवान की 20 प्रतिशत से अधिक आबादी 80 साल की हो जाएगी। ताइवान ने भारत के कुशल श्रमिकों को अपने देश के श्रमिकों के बराबर वेतन व इंश्योरेंस जैसी सभी सुविधाएं देने की पेशकश की है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के साथ कृषि व स्वास्थ्य क्षेत्र में भारतीयों को नौकरी देने के लिए ताइवान बहुत जल्द मुंबई व अन्य जगहों पर संबंधित कार्यालय खोल सकता है। ताइवान भारतीय इंजीनियर को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में ट्रेनिंग भी दे सकता है। चीन से तनातनी के बाद ताइवान भारत के लगातार करीब आता जा रहा है और दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश भी लगातार बढ़ रहा है। भारत भी चीन की जगह ताइवान से इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम का आयात करने को प्राथमिकता देता है। वर्ष 2001 में ताइवान और भारत के बीच सिर्फ 1.19 अरब डालर का कारोबार होता था जो वर्ष 2022 में बढ़कर 8.4 अरब डालर का हो गया। दोनों देशों के बीच वर्ष 2018 में निवेश प्रोत्साहन समझौता भी किया गया है जिसके तहत ताइवान की कई कंपनियां भारत में मोबाइल फोन संबंधी निर्माण में अपना योगदान दे रही है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हाल ही में इजरायल ने भी एक लाख भारतीयों को मुख्य रूप से वहां के निर्माण (कंस्ट्रक्शन) व नर्सिंग क्षेत्र में नौकरी देने की पेशकश की है। इजरायल की निर्माण क्षेत्र की कंपनियों ने सभी फलस्तीनियों को नौकरी से निकाल दिया है और उनका अनुबंध रद कर दिया है। इसके बाद उन्हें तत्काल रूप से श्रमिकों की जरूरत है। इजरायल के निर्माण व नर्सिंग क्षेत्र में पहले से ही कई हजार भारतीय काम कर रहे हैं।

# आतंकी पन्नू की धमकियां स्वीकार्य नहीं : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमरीका नेस फॉर जस्टिस के खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा एयर इंडिया के खिलाफ दी गई धमकियों की निंदा की है। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पूछे जाने पर कि क्या अमरीका को लगता है कि किसी एयरलाइन को धमकी देना और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद का महिमामंडन करना स्वीकार्य है, तो इसके विदेश विभाग के प्रवक्ता ने जवाब दिया है कि हिंसा या हिंसा की धमकी को कभी भी स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। हालांकि कनाडा के पूर्व संधीय मंत्री उज्जवल दोसांझ ने इस पर सवाल करते हुए कहा है कि फिर संयुक्त राज्य अमरीका पन्नू के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करता? उन्होंने कहा कि एयर इंडिया में उड़ान भरने वाले सिख अमरीकी नागरिक भी हो सकते हैं तो उन्हें आतंकित करने पर पन्नू के खिलाफ मुकद्दमा क्यों नहीं चलाया जा सकता? दोसांझ ने कहा है कि खलिस्तानी आतंक के सामने अमरीकी और कनाडाई राजनेता समान रूप से नपुंसक और कार हैं। उनका कहना है कि जब हमास के समर्थन में रैलियां निकाली गई और हिंसा का महिमामंडन हुआ, तो कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूटो ने उस महिमामंडन की निंदा करने में बहुत जल्दी की, लेकिन पन्नू ने जो कहा उसकी निंदा करने में वह खुद को सक्षम नहीं पा रहे थे। दोसांझ ने कहा कि यह मेरे लिए हैरान करने वाला और दुखद घटनाक्रम है कि मेरे प्रधानमंत्री और राजनेता आतंकवाद के महिमामंडन को तब गंभीरता से नहीं लेंगे जब यह एक समुदाय को प्रभावित करता है, वे ऐसा तब करेंगे जब वह दूसरे समुदाय को प्रभावित करेगा। वयोवृद्ध कनाडाई पत्रकार टेरी मिलेवस्की कहते हैं कि कनाड़ा ने आतंकवादियों के आतंक के मंडन को सामान्य बना दिया है। एवर इंडिया कनिष्क में बम ब्लास्ट के मास्टरमाइंड आतंकी तलविंदर परमार की तस्वीरें और पोस्टर आम हो चुके हैं।

# युद्धविराम की कोशिश के बीच गाजा सिटी में भीषण लड़ाई, पलायन जारी

**गाजा/खान यूनिस ( हि.स. )।** गाजा पट्टी के सबसे बड़े शहर गाजा सिटी के भीतर इजराइली सेना और हमास के लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई छिड़ी हुई है। घनी आबादी वाले जिस इलाके में हो रही है वहां से अल-शिफा अस्पताल नजदीक है। गाजा के इस सबसे बड़े अस्पताल के नीचे ही हमास का मुख्य नियंत्रण केंद्र होने का दावा इजराइली सेना ने किया है। इस अस्पताल में 10 हजार लोगों ने ने शरण ले रखी है। हजारों लोग सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए लगातार गाजा से पलायन कर रहे हैं। इजराइली हमले में जेनिन रिफ्यूजी कैंप में आग लगने और अल वालिद मस्जिद खंडहर में तब्दील हो गई। अमेरिका और अन्य संबद्ध देशों की अस्थायी युद्धविराम की कोशिशों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि बंधकों की रिहाई की शर्त पर ही गाजा पट्टी में युद्ध रोका जाएगा। गाजा में हमास और अन्य संगठनों के पास लगभग 240 इजरायली व विदेशी नागरिक सात अक्तूबर से बंधक बने हुए हैं। कतर और मिस्र की अगुआई में गाजा पट्टी में अस्थायी युद्धविराम की कोशिश हो रही हैं, बदले में फिलहाल 15 बंधकों को रिहाई के लिए हमास तैयार होता दिख रहा है। इन कोशिशों को अमेरिका का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इतने कम बंधकों की रिहाई के बदले हमले रोकने के लिए इजरायल तैयार नहीं दिख रहा है। इस बीच, फ्रांस की राजधानी पेरिस में फिलिस्तीनियों की सहायता के लिए बैठक हो रही है। इस बैठक में फिलिस्तीनी इलाकों में लगभग डेढ़ अरब डॉलर की सहायता देने पर विचार हो रहा है। यह सहायता खाद्य सामग्री, पानी, दवा और ईंधन के रूप में होगी। गाजा सिटी के जिस अल-शिफा अस्पताल के नजदीक भीषण लड़ाई हो रही है उसका स्टाफ अस्पताल में या उसके नीचे हमास की गतिविधियां चलने से स्पष्ट इनकार करता है। अस्पताल के निदेशक अबू सेलमिया के अनुसार, लड़ाई के चलते बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं, अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा है। गाजा सिटी में छिड़ी लड़ाई के बीच वहां से बड़ी संख्या में आमजन भी निकल रहे हैं। बीते तीन दिनों में वहां से लगभग 50,000 लोग निकलकर गाजा पट्टी के दक्षिणी भाग में जा चुके हैं। गाजा पट्टी में दो हफ्तों में 665 ट्रक राहत सामग्री पहुंच चुकी है। इसके बावजूद कई इलाकों में खाद्य सामग्री और पानी की किल्लत है। यह स्थिति इजरायली हमलों के बीच राहत सामग्री का वितरण न हो पाने के कारण है। वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में स्थित शरणार्थी शिविर में इजरायली सुरक्षा बलों की छापेमारी के दौरान टकराव हो जाने से गुरुवार को आठ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। इजराइली सेना ने कहा है कि यह छापेमारी हमास आतंकियों की तलाश में की गई थी लेकिन उसी दौरान वहां रहने वाले फिलिस्तीनी उग्र हो गए और उन्होंने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जवाबी कार्रवाई में लोगों की मौत हुई है। सात अक्तूबर के बाद से वेस्ट बैंक में इजराइली सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 173 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गिरफ्तार होंगे शुभेंदु

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्य महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधा। 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा तीसरे अंक को नहीं छू पाएगी। देशभर के समीकरण पर नजर डालें तो अभी पांच राज्यों में चुनाव हैं। आप देखेंगे कि वहां क्या होता है। इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगी और एक महीने के भीतर (विपक्ष के नेता) शुभेंदु अधिकारी को वहीं ईडी-सीबीआई गिरफ्तार कर लेगी। केंद्रीय एजेंसियों की पश्चिम बंगाल में कार्रवाई को लेकर टीएमसी प्रवक्ता ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय एजेंसियां जो कर रही हैं, षड़यंत्रकारी पर्यटन है। वे भाजपा के इशारे पर ऐसा कर रहे हैं। भाजपा यहां पूरी तरह से विफल रही है। इसलिए, केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह भाजपा की विफलता है।

## पृष्ठ एक का शेष

### बाबर और औरंगजेब...

का कोई फायदा नहीं है, इसलिए डॉक्टर और इंजीनियर पैदा करेंगे। उधर मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि कमलनाथ जब भारत के वाणिज्य मंत्री थे तब उन्होंने पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया था और पाकिस्तान से आयत को खुली छूट दे दी थी। उसी समय कमलनाथ ने चीन के 250 उत्पादों को इंपोर्ट ड्यूटी फ्री कर दिया था। यही वजह है कि पूरा देश चीनी सामानों से पट गया था। उन्होंने कहा कि कमलनाथ का पाकिस्तान और चीन प्रेम भारत के लिए काफी घातक साबित हुआ। कमलनाथ ने उनदिनों अपने भाषण में कहा था कि अब पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिए जाने के बाद पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते सुधर जाएंगे। लेकिन पाकिस्तान ने कभी भी भारत को मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा नहीं दिया। जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो सन् 2019 में पाकिस्तान को दिया गया मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पाकिस्तान से कोई रिश्ता सुधारना नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है। भारत हिमालय की तरह मजबूत है और पाकिस्तान हमसे टकराएगा तो उसका हाथ टूट जाएगा। मुख्यमंत्री आज मध्य प्रदेश में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कमलनाथ देश के उद्योग-वाणिज्य को केंद्रीय उद्योग-वाणिज्य मंत्री रहते हुए चौपट कर दिया था, क्योंकि उनका चीन और पाकिस्तान के प्रति प्रेम था। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कमलनाथ पर कई आरोप लगाए।

### नगालैंड के पूर्व ...

संस्कार शुक्रवार शाम को ओशिवरा श्मशान घाट में किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि भाजपा नेता पद्मनाभ आचार्य के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। आचार्यजी जीवनभर विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पित रहे। उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी गई, उसे निभाने में उन्होंने कभी कोई कसर नहीं छोडी। पूर्वोत्तर भारत में उनके काम को हमेशा याद किया जाएगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य का जन्म 8 अक्तूबर 1931 को हुआ था। वे दक्षिण भारत के उडुपी के संघ स्वयंसेवक के रुप में समाज सेवा शुरु की थी। उच्चविद्याविभूषित पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य को 1948 में गिरफ्तार किए गए थे। वे छह महीने तक जेल में रहे थे। वर्ष 1995 से 2001 तक पद्मनाभ नरेंद्र मोदी के साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रहे। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य को वर्ष 2014 से 2019 तक नगालैंड, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया। अपने कार्यकाल के दौरान आचार्य ने पूर्वांचल के सातों बहन राज्यों को राष्ट्रीय धारा में लाने के लिए महती प्रयास किया। पद्मनाभ ने भौगोलिक दूरी और वहां के अस्थिर वातावरण के कारण पूर्वांचल के नागरिकों के बीच की दूरी को पाटने के लिए यशवंतराव केलकर के साथ एसई आईएल (अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन) की शुरुआत की। आचार्य की इस अभिनव पहल के माध्यम से पूर्वाचल के छात्रों को देश के महानगरों में अलग-अलग परिवारों के साथ रहने की व्यवस्था की गई और छात्रों में एकता की भावना पैदा हुई।

### यूएलबी में महिलाओं ...

बताया कि विधेयक अब पारित हो गया है, इसलिए संबंधित नियम जल्द ही बनाए जाएंगे। हम अप्रैल 2024 तक परिणाम घोषित करेंगे। अपने आदेश में पीठ ने कहा कि सरकार के वकील के अनुसार, नियम एक महीने के भीतर तैयार किए जाएंगे और चुनाव प्रक्रिया 30 अप्रैल, 2024 तक समाप्त हो जाएगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर तय की है। जुलाई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यूएलबी में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण की संवैधानिक योजना को लागू नहीं करने पर केंद्र और नगालैंड सरकार दोनों को फटकार लगाई थी।

### अयोध्या में आज 25 ...

रखा जाएगा ताकि तेल घाट पर न गिरे। दीये में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाएंगे, जिससे वालंटियर्स को दीये प्रज्ज्वलित करने में आसानी होगी। प्रत्येक घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल तथा अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। दीपोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि 11 नवंबर का दीपोत्सव अद्‌भुत, आलौकिक होगा। प्रशासन के सहयोग से कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया है। 51 घाटों पर दीयों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन एवं विश्वविद्यालय के सुरक्षाकर्मियों द्वारा की जा रही है। शनिवार को दीपोत्सव के दिन सुबह 10 बजे से पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक एवं गणना वालंटियर्स की देखरेख में 24 लाख से अधिक दीयों में तेल डालने, बाती लगाने एवं देर शाम शासन द्वारा नियत समय पर दीये प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड टीम द्वारा सभी घाटों के दीपों की गणना की जाएगी।

# हसनंबा मंदिर में टूटा बिजली का तार, 20 से ज्यादा घायल

**बंगलूरू।** हासन में शुक्रवार को हसनंबा मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़े होने के दौरान धातु के बैरिकेड के संपर्क में आने से लगभग 20 भक्तों को बिजली का झटका लगा। बताया जा रहा है कि मंदिर के पास में बिजली का एक तार टूटकर गिर गया। जिससे कुछ लोगों को कर्नाट लगा और भगदड़ मच गई। जिसमें कई लोग रास्ते पर जहां-तहां गिर गए। घटना में कई लोगों को गंभीर चोट आई है। बता दें कि वार्षिक हसनम्बा यात्रा महोत्सव 2 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। राज्य भर से हजारों भक्त प्रतिदिन मंदिर में दर्शन के लिए आते हैं। शुक्रवार सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में लगी हुई थी। लाइन में लगकर श्रद्धालु देवी मां का दर्शन कर रह थे। इसी बीच बिजली का तार टूटकर मंदिर के खंभों को छू गया, जिससे खंभों के पास लाइन में खड़े श्रद्धालुओं को करंट का झटका लगा। जानकारी के मुताबिक, घटना आज यानी शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे की है। ऐसा कहा जाता है कि कतार में खड़े कुछ लोगों को धातु के बैरिकेड के संपर्क में आने से बिजली का झटका लगा। डर के कारण कई श्रद्धालुओं ने कतार से बाहर आने की कोशिश की, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई और भगदड़ मच गई। भगदड़ में कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं।



घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक केवल एक घायल की स्थिति थोड़ी गंभीर है, बाकी सभी खतरे से बाहर हैं। श्रद्धालुओं ने घटना के लिए जिला प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया। बताया जा रहा है कि लाइटिंग का तार टूटकर बैरिकेड को छू गया और लोगों को करंट का झटका लगा। बाद में समस्या को ठीक कर लिया गया और कुछ देर बाद दर्शन सामान्य रूप से जारी रहे।



# दीवाली में लगाए गए केले के पेड़ हाथियों को खिलाएगी सरकार

## दीपावली पर सरकार की विशेष पहल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के स्वच्छ भारत मिशन–शहरी के अंतर्गत देश भर के शहरों में *स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली* अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत असम ने दिवाली के बाद होने वाले कचरे का प्रबंधन करने के लिए एक अनूठी पहल की है। दिवाली में लगाए जाने वाले केले के पेड़ों को दीपावली के बाद हाथियों को खिलाने की सरकार द्वारा व्यवस्था की गई है। असम में पारंपरिक रूप से दिवाली पर लोग आवासीय और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के प्रवेश द्वारों पर केले के पेड़ों और पत्तियों पर मिट्टी के दीपक प्रज्ज्वलित करते हैं। इसके लिए दिवाली की रात जिन पेड़ों के तनों का इस्तेमाल होता है, वो अगले दिन किसी काम के नहीं रहते और उनके निस्तारण की जिम्मेदारी शहरी स्थानीय निकाय पर आ जाती है। ऐसे में इस बार दिवाली के बाद स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए *वेस्ट टु वेल्थ* सिद्धांतों के आधार पर कचरा प्रबंधन करने की दिशा में काम हो रहा है। असम में स्वच्छ भारत मिशन–शहरी टीम ने दिवाली के बाद कचरे को खत्म करने के लिए विशेष योजना बनाई है। इस योजना के तहत पारंपरिक दिवाली मनाए जाने के बाद जो केले के पेड़, तने और पत्तियां अगले दिन बचेंगे उनको शहरी स्थानीय निकायों के आसपास मौजूद राष्ट्रीय उद्यानों में हाथियों के चारे के रूप में उपयोग करने के लिए सौंप दिया जाएगा। इसके अलावा जहां आसपास कोई राष्ट्रीय उद्यान नहीं हैं, वहां के नागरिक केले के पेड़ों को छोटे–छोटे टुकड़ों में काटकर निस्तारण के लिए शहरी स्थानीय निकायों को सौंप देंगे। वहां से नगर निगम के कर्मचारी इन कटे हुए पेड़ों के तनों को गौशालाओं या केंद्र में स्थित *वेस्ट टु कम्पोस्ट* पिट्स में सौंप देंगे। इस तरह के कचरे को खत्म करने के लिए यहां पहले से ही विभिन्न जगहों पर 104 सेंट्रल कंपोस्ट पिट्स और 6245 घरेलू स्तर पर खाद बनाने के लिए किए गए गड्ढे मौजूद हैं।

## आलोपति कंडापारा के गियासुद्दीन खलिफा का निधन

**नगरबेड़ा ( विभास )।** बरपेटा जिले के बागबर निर्वाचन क्षेत्र के आलोपति कंडापारा के निवासी गियासुद्दीन खलिफा की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। यह पता चला है कि आलोपति कंडापारा गांव के निवासी गियास उद्दीन खलिफा (61) अर्श रोग के कारण कुछ दिनों से पीड़ित थे। बीती रात करीब 11–20 बजे उनके घर पर उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु के समय उनके परिवार में एक बेटी और दो बेटे हैं। गीयाच उद्दीन खलिफा के निधन से क्षेत्र वासियों ने शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है। मृतक गीयास उद्दीन खलिफा के कई भक्तों की उपस्थिति में आज सुबह 9.30 बजे नमाज–ए–जनाजा अदा की गई।

# मंत्री सिंघल ने नगरपालिका सेवाओं के लिए एकीकृत वेब पोर्टल किया लांच

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के आवास और शहरी मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने राज्य में नगर निकायों के ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नवविकसित एकीकृत वेब पोर्टल को लांच किया। शुक्रवार को जनता भवन (असम सचिवालय) स्थित उनके कार्यालय में इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पोर्टल पर उपलब्ध है, जो आवास और शहरी मामलों के विभाग और राज्य के सभी नगर निकायों के सभी कार्यक्षेत्रों के संपूर्ण डेटाबेस को एकत्रित करेगा। यह जनता के लिए विभागीय सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में कार्य करेगा। पोर्टल के लाभों में ऑनलाइन संपत्ति कर भुगतान, तत्काल व्यापार लाइसेंस अनुमोदन, पेयजल आपूर्ति कनेक्शन अनुरोध, थिएटर और खेल के मैदान की बुकिंग, फिल्म शूटिंग और नगरपालिका वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग, साथ ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने और समाधान तंत्र जैसी ई–सेवाएं शामिल हैं। पोर्टल नगर निकायों का विस्तृत विवरण प्रदान करता है, जिसमें मानचित्र और जनसांख्यिकी, महापौर/अध्यक्षों और वार्ड सदस्यों के बारे में जानकारी, संपत्ति, कार्यक्रम गतिविधियां, निविदा विवरण और बहुत कुछ शामिल है। लांच के दौरान मंत्री सिंघल ने सभी को आवास और शहरी मामलों के विभाग की सभी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच के लिए एकीकृत पोर्टल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के निर्देश के अनुरूप, नौकरशाही बाधाओं को दूर करने और लोगों को अपने घरों से सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है। लांच कार्यक्रम में आवास और शहरी मामलों की आयुक्त–सचिव कविता पद्मनाभन, गुवाहाटी नगर निगम के आयुक्त मेघनिधि दहल, नगर प्रशासन के निदेशक टंकेश्वर दास और विभाग के अन्य शीर्ष अधिकारी उपस्थित थे।

# नौसेना अधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

**इटानगर ( हिंस )।** कमांडर रोनी चौपू के नेतृत्व में देश के नौसेना अधिकारियों के तीन सदस्यीय के एक दल ने आज राजभवन में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केटी परनायक से मुलाकात की। लेफ्टिनेंट कमांडर रीज बागरा और लेफ्टिनेंट कमांडर सलोनी गांधी सहित नौसेना अधिकारियों ने राज्यपाल को भारतीय नौसेना के जागरूकता अभियान सह आउटरीच कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के युवाओं को प्रेरित करने और राज्य में उच्च अध्ययन संस्थानों के छात्रों को भारतीय नौसेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के प्रयास के लिए भारतीय नौसेना और नौसेना अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अच्छी जन्मजात शारीरिक फिटनेस और चपलता के साथ, राज्य के युवाओं में भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने की काफी संभावनाएं हैं। राज्यपाल ने स्कूल और कॉलेज स्तर पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा अधिक आउटरीच कार्यक्रमों का सुझाव दिया। राज्य के युवाओं के कल्याण के लिए, उन्होंने भारतीय नौसेना की शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए ऑडियो–विजुअल सहायता के उपयोग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राजभवन ऐसे कार्यक्रमों को सुविधाजनक बनाने के लिए हमेशा तैयार रहेगा। नौसेना अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना के जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में, भारतीय नौसेना टीम द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनईआरआईएसटी), इटानगर के साथ अरुणाचल प्रदेश में एक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया था। युवा मन को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को भारतीय नौसेना में शामिल होने के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, भारतीय नौसेना में शामिल होने के कई तरीकों और विभिन्न तौर–तरीकों पर प्रकाश डाला गया। इंटरेक्शन प्रोग्राम को संस्थान के छात्रों और शिक्षकों से बहुत उत्साहजनक और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

# लोगों का अटूट प्रेम हमारे लिए प्रेरणादायक : पीयूष

**लखीमपुर ( हिंस )।** राज्य के सूचना प्रसारण आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने आज नाउबेचा निर्वाचन क्षेत्र में पानीगांव हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने लोक कल्याण के लिए अथक प्रयास किये हैं। अनूठी योजनाओं के माध्यम से राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और दृष्टिकोण के प्रति लोगों का अटूट प्रेम और स्नेह हमारे लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और पार्टी के प्रति अटूट समर्थन के लिए वे लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर मंत्री ने साथ स्थानीय सांसद प्रदान बरुवा, विधायक मानब डेका, देवरी स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य भैरब देवरी, जिला भाजपा अध्यक्ष फणीधर बरुवा सहित पार्टी के कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में घायल अंगरक्षक समेत विधायक तेरस ग्वाला

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** दुलियाजान के भाजपा विधायक तेरस ग्वाला बीती रात एक सड़क हादसे में अपने अंगरक्षक के साथ घायल हो गए। दुलियाजान में यह सड़क हादसा गुरुवार की देर रात को हुआ। जानकारी के अनुसार एक वाहन ने विधायक सहित विधानसभा मूल्यांकन समिति के तीन वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में विधायक तेरस ग्वाला के साथ उनका अंगरक्षक भी घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर उत्तेजक स्थिति उत्पन्न हो गई। दुर्घटना का कारण बने वाहन के चालक ने कथित तौर पर शराब पी रखी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने नशे में धुत ड्राइवर डिंब गोगोई को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फकीराग्राम बीपीएफ ब्लॉक बूथ समिति का गठन

**कोकराझाड़( विभास )** कोकराझाड़ जीले के फकीराग्राम के कुदालधोवा में फकीराग्राम बीपीएफ की एक सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में अतिथि के रूप में जिला बीपीएफ के अध्यक्ष देरहासात बसुमातारी उपस्थित उपस्थित थे। यह सभा फकीराग्राम बीपीएफ के अध्यक्ष इनामूल हक की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस सभा में फकीराग्राम ब्लॉक बीपीएफ बूथ समिति का गठन किया गया। इस समिति में कॉनवेनर के रूप में फटिक देबनाथ को लेकर 11 सदस्यीय शक्तिशाली समिति का गठन किया गया। इस मौके पर बीपीएफ के नेता डॉ. रजउल करीम, प्रह्लाद ब्रम्ह सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गाजियाबाद से लापता काजल को फकीराग्राम में परिजनों को सौंपा गया

**कोकराझाड़ ( विभास )।** फकीराग्राम मुंसिपल बोर्ड के चेयरमैन फकीराग्राम के युवक और फकीराग्राम के राजभर परिवार ने गाजियाबाद से लापाता महिला को महिला के परिवारवालों को सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अक्तूबर को गाजियाबाद स्थित अपने घर से अशोक मिश्रा की पुत्री काजल शर्मा ट्रेन पकड़कर कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम में पहुंची। यहां इस महिला को देख का फकीराग्राम मुंसिपल बोर्ड के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार शर्मा, फकीराग्राम के युवक समाज अमित कुमार मिश्रा और जीतू ने काजल के माता पता से संपर्क किया और काजल शर्मा के माता सबिता मिश्रा और भाई आशीष मिश्रा फ्लाइट पकड़कर गुवाहटी पहुंचे और गुवाहाटी से कल देर शाम फकीराग्राम पहुंचे और यहां काजल शर्मा से मिले और इन्होंने फकीराग्राम वाशियों और फकीराग्राम मुंसिपल बोर्ड के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार शर्मा और राजभर परिवार और अमित और जीतू को धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही आज दिल्ली मेल ट्रेन पकड़कर अपने घर के लिए रवाना हो गए।

# पूर्वोत्तर अध्ययन मंडल की 10 दिवसीय शैक्षिक सांस्कृतिक यात्रा आयोजित



**गुवाहाटी।** विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र द्वारा पूर्वोत्तर अध्ययन मंडल का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत 10 दिवसीय शैक्षिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया गया। पूर्वोत्तर के सभी राज्यों से विद्या भारती के चयनित प्रधानाचार्य, आचार्य, पूर्व छात्र, प्रबंध समिति के सदस्य, पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। विद्या भारती के राष्ट्रीय महामंत्री अवनीश भटनागर का भी मार्गदर्शन यात्रा के अंतर्गत प्राप्त हुआ। गुवाहाटी से प्रयागराज, सतना, चित्रकूट, कालिंजर, पन्ना, छतरपुर, उज्जैन, भोपाल, बनखेड़ी सहित जबलपुर के विभिन्न शैक्षिक प्रकल्प एवं सांस्कृतिक धरोहरों का दर्शन प्रतिभागियों ने किया। यात्रा के अंतर्गत जनजातीय शिक्षा, ग्रामीण शिक्षा, कौशल विकास, पूर्व छात्रों द्वारा प्रबंधन, आदि का प्रत्यक्ष दर्शन किया। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती पर आधारित आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सभी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। रानी दुर्गावती शोध संस्थान द्वारा आयोजित पंचशतवार्षिकी समारोह में सम्मिलित होते हुए महाराजा छात्रशाल स्मृति शोध संस्थान की वार्षिक साधारण सभा में सभी प्रतिभागी सम्मिलित हुए। पूर्वोत्तर शैक्षिक मंडल ने चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान एवं गोविंद नगर में भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास की विभिन्न परियोजनाओं का दर्शन करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र का भी अवलोकन किया। अरुणाचल प्रदेश मुख्यमंत्री के सलाहकार ताई तागक यात्रा के संरक्षक रहे एवं विद्या भारती पूर्वोत्तर के क्षेत्रीय मंत्री डॉ. जगदीन्द्र रायचौधुरी यात्रा के संयोजक रहे। इस यात्रा में कुल 81 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। सभी स्थानों पर पूर्वोत्तर अध्ययन मंडल के सदस्यों का स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया।

# भांगागढ़ थाना परिसर में पानी की मशीन का उद्घाटन



**गुवाहाटी।** महानगर के भांगागढ़ थाना परिसर में शुक्रवार को जल प्रणाली (पानी की मशीन) का उद्घाटन किया गया। यह पानी की मशीन स्व. मंगलचंदजी लुणिया की स्मृति में उनके भ्राता श्री मनोजजी लुणिया एवं सुपुत्र श्री विकासजी लुणिया द्वारा प्रदत्त की गई है। इस सेवा का उद्घाटन लुणिया परिवार के सदस्यों कंचन देवी लुणिया, मंजू लुणिया, सुधा लुणिया, राजश्री लुणिया, महेंद्र लुणिया, मांगीलालजी भंसाली, मंजू भंसाली, भांगागढ़ थाना के प्रभारी बिश्वजीत भद्र, थाना नागरिक कमेटी के अध्यक्ष श्री बसंत कुमारजी सुराणा एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी ने श्रीमती कंचन देवी लुणिया का फुलाम गामोछा एवं जापी से सम्मान किया। साथ ही दानदाता परिवार के सभी सदस्यों एवं श्री मांगीलालजी भंसाली को नागरिक कमेटी के अध्यक्ष श्री बसंत कुमारजी सुराणा एवं उनकी टीम ने असमिया गामोछा से सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में भांगागढ़ थाना के ओसी बिश्वजीत भद्र ने कहा कि इस जल सेवा से यहां कार्यरत लोगों के साथ ही यहां आने वाले लोगों को सहूलियत होगी। उन्होंने इस मानव सेवा के कार्य के लिए दानदाता परिवार को धन्यवाद दिया। इस मौके पर भांगागढ़ थाना नागरिक कमेटी के अध्यक्ष श्री बसंत कुमारजी सुराणा ने अपने उद्बोधन में दानदाता लुणिया परिवार की भूरि–भूरि प्रशंसा की। साथ ही कहा कि इस जल सेवा से मेडिकल परिसर में आने वाले हजारों लोग लाभान्वित होंगे। इस मौके पर उदारमना लुणिया परिवार के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। इस आशय की जानकारी यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

# अजान शिशु निकेतन, तुपामारी का 23वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न




**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले में बोको निर्वाचन क्षेत्र का हिस्सा तुपामारी में निजी स्कूलों का 23वां वार्षिक अधिवेशन गुरुवार को संपन्न हो गया। तीन दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के साथ 7 नवंबर से आयोजित स्कूल के वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर ध्वजारोहण, समाज सेवा और वृक्षारोपण जैसी प्रतियोगिताओं के साथ–साथ कविता पाठ, अचानक व्याख्यान, वाद–विवाद, स्मृति परीक्षण, प्रश्नोत्तरी, नृत्य, संगीत, जुनून और विभिन्न खेल आयोजित किए गए। गुरुवार को सत्र के समापन दिवस की शाम को एक खुली और पुरस्कार वितरण बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजहर अली ने की। बैठक की में डोकुची मॉडल स्कूल नगरबेड़ा के प्राचार्य डॉ. रमन कुमार बायन, विक्रम साराभाई विज्ञान अकादमी के प्रबंध निदेशक अब्दुल जलील, अजान शिशु निकेतन के प्रबंध निदेशक जाबेल हक अहमद, अब्दुल मोटालेब तुपामारी ग्राम पंचायत सहकारी समिति के अध्यक्ष जहान उद्दीन और कई अन्य शिक्षाविद और प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। बैठक के दौरान, कई अतिथियों ने छात्रों के शैक्षणिक पहलुओं पर प्रेरक भाषण दिए। बैठक के अंत में वाहिदा रहमान के गीतों के साथ सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बैठक में हाल ही में घोषित एपीएससी परीक्षा परिणामों में तुपामारी को गौरव प्रदान करना अफजारुल हक को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# सरिता कोइराला को असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की परीक्षा में मिला पांचवा स्थान




**विश्वनाथ ( विभास )।** असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की जुलाई 2023 वर्ष के कल घोषित परिणाम में विश्वनाथ जिले प्रमुख स्वैच्छिक संस्थान विश्वनाथ चारिआलि राष्ट्रभाषा प्रबोध विद्यालय परिचालना समिति की छात्रा सरिता कोईराला को प्रबोध परीक्षा में असम के भीतर पांचवां स्थान प्राप्त की। सरिता कोईराला को पांचवां स्थान मिलने पर संस्थान में खुशी की लहर छा गई। इधर सभी हिंदी प्रेमी सरिता कोईराला को बधाई व शुभकामनाएं ज्ञापित की। विश्वनाथ जिले के लाहरीजान के काठनीबाड़ी के निवासी विवेकानंद कोईराला की पुत्री है। संस्थान के विद्यार्थी चारिआलि आदर्श केंद्र से परिचय परीक्षा में 4 को विशेष योग्यता, 3 को प्रथम स्थान, 6 को दूसरा स्थान, 6 को तीसरा स्थान, प्रथमा परीक्षा में 3 को विशेष योग्यता, 12 को प्रथम स्थान, 9 को दूसरा स्थान, प्रवेशिका परीक्षा में 2 को विशेष योग्यता, 3 को प्रथम स्थान, 1 को दूसरा स्थान, 2 को तीसरा स्थान और प्रबोध परीक्षा में 10 परीक्षार्थी को प्रथम स्थान प्राप्त हुए।

# धनतेरस पर फैंसी बाजार हुआ गुलजार, झाड़ू की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री



**गुवाहाटी।** धनतेरस के अवसर पर फैंसी बाजार की हर सड़क हर गली में लोगों की भीड़ का सैलाब खरीदारी के लिए उमड पड़ा। सोने चांदी के सभी प्रतिष्ठानों में लोगों ने धनतेरस की जमकर खरीदारी की। फैंसी बाजार के एल गोपाल ज्वेलर्स, मानिकचंद ज्वैलर्स, तनसुख राय ज्वेलर्स, एस एस ज्वेलर्स, एस एल सोनी ज्वेलर्स सभी प्रतिष्ठान में सोने चांदी की बिक्री के लिए लोगों की भीड़ उमड पड़ी। इसके अलावा पीतल, तांबे व स्टील के बर्तनों की दुकानों में भी ग्राहकों की जबरदस्त भीड़ उमड पड़ी। एसआरसीबी रोड स्थित हिंदुस्तान मेटल , गौरव मेटल , शापर्स प्वाइंट में ग्राहकों ने पीतल, तांबे एवं स्टील के बर्तनों के अलावा पीतल से बनी गणेश व लक्ष्मी की प्रतिमाएं की खरीदारी की। इस वर्ष धनतेरस के अवसर पर झाड़ू की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना काफी शुभ माना जाता है। एक व्यापारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गत वर्ष धनतेरस के दिन 7 लख रुपए से भी अधिक की झाड़ू बिक्री हुई थी जो इस वर्ष इससे काफी अधिक की बिक्री हुई है। फुटपाथ पर एवं हर दुकानों में दीये आतिशबाजी और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति के साथ–साथ झाड़ूओं का डेर भी लगा दिखाई दे रहा था। सूखे मेवों की दुकानों में भी लोगों ने काफी खरीदारी की। दिवाली के उपहार देने के लिए जगह–जगह पैकिंग किए हुए मिठाई और ड्राई फ्रूट्स के पैकेट की बिक्री भी काफी अधिक देखी गई। मिठाई की दुकानों में भी लोगों ने मिठाई की जमकर खरीदारी की। धनतेरस और दिवाली के अवसर पर गत कई दिनों से फैंसी बाजार, आठ गांव में भयंकर जाम की समस्या देखी गई। जिसके चलते ग्राहकों को अपने प्रतिष्ठान तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इलेक्ट्रिक और विद्युत सज्जा की दुकानों में रंग–बिरंगे टीम टीमाते बल्ब की लड़ी की मांग काफी अधिक रही। पूरा फैंसी बाजार इन सजावट की लडी से सजा हुआ दिख रहा है। इस वर्ष लोगों में दिवाली का उत्साह है काफी दिखाई दे रहा है। प्रशासन ने प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए दिवाली के दिन 8 से रात 10 बजे तक ही पटाखे छोड़ने की अनुमति देने के कारण पटाखे की बिक्री पर कुछ असर पड़ा है। इसकी जगह फुलझड़ियों की खपत अधिक रही।

# बच्चों संग अभामामस मध्य गुवाहाटी ने बांटी दीवाली की खुशियां



**गुवाहाटी ( विभास )।** सरकारी विद्यालय के बच्चों के चेहरे पर खुशी लाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस) मध्य गुवाहाटी शाखा की ओर से दीपावली का कार्यक्रम हीरालाल जोशी एलपी हिंदी स्कूल मैं आयोजित किया गया शाखा अध्यक्ष रितु अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान सदस्याओ ने बच्चों एवं अध्यापिकाओं के साथ दिवाली उत्सव मनाते हुए इसकी खुशियां बाटी। सदस्याओ ने बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया। बच्चों ने खूब आनंद के साथ दिवाली का उत्सव मनाया। बच्चों का दिवाली के महत्व के बारे में भी बताया गया। सदस्याओं ने उनके साथ रंग बिरंगी फुलझड़ियां जलाए। शाखा की तरफ से सभी बच्चों को उपहार, मिठाई, चॉकलेट्स आदि दिए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग रहा।

# राजनाथ सिंह और लॉयड ऑस्टिन ने भारत-अमेरिका साझेदारी को बताया महत्वपूर्ण

**- दोनों देशों के बीच 5वीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता हैदराबाद हाउस में हुई**
**- उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए साथ काम करने को तैयार**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और अमेरिका के बीच 5वीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वार्ता में रक्षा को भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक बताया। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि भारत और अमेरिका समान लक्ष्य खोजें और तत्काल वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए दोनों देशों के लोगों के लिए काम करें। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस वार्ता के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। लॉयड ऑस्टिन का स्वागत 09 नवंबर को नई दिल्ली पहुंचने पर पालम तकनीकी क्षेत्र में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया था। वार्ता से पहले राजनाथ सिंह ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन का स्वागत किया और कहा कि भारत-अमेरिका के संबंधों में मजबूती बढ़ रही है। मंत्रिस्तरीय संवाद में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद प्रशांत सुनिश्चित करने के लिए भारत-अमेरिका साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया। राजनाथ सिंह कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और अमेरिका पहले से कहीं अधिक करीब हैं।

उन्होंने कहा कि हम उस साझेदारी के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं, जो उभरती चुनौतियों का समाधान कर सके। रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष में रक्षा साझेदारी बनाने में 'प्रभावशाली लाभ' हासिल किया है। इससे हमें शांति



और स्थिरता के लिए मिलकर और भी अधिक योगदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका विचारों का आदान-प्रदान करके समान लक्ष्य खोजें और तत्काल वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए दोनों देशों के लोगों के लिए काम करें। ऑस्टिन ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के सामने अमेरिका और भारत की साझेदारी यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग का दायरा बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका-भारत साझेदारी के बीच दोस्ती का दिल है। हमारे सहयोग का दायरा बहुत बड़ा है, यह समुद्र से अंतरिक्ष तक फैला हुआ है। ऑस्टिन ने कहा कि हमारे लगातार मजबूत होते संबंध हमें इस साझेदारी के भविष्य और अधिक सुरक्षित दुनिया की दिशा में हमारे साझा प्रयासों के लिए पूरी आशा देते हैं। इसलिए मैं आज की चचाओं और एक महत्वाकांक्षी एजेंडे की प्रतीक्षा कर रहा हूं, जो हमारी साझेदारी को भविष्य में आगे बढ़ाता रहेगा। भारत-अमेरिका टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जिसमें विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि राज्य सचिव और रक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे पहले 2023 में अमेरिका ने भारत में जीई-एफ 414 इंजन के सह-उत्पादन के लिए एक अग्रणी विनिर्माण लाइसेंस को मंजूरी दी थी। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने एक शैक्षिक श्रृंखला शुरू की है, जो दोनों देशों में रक्षा उद्योगों में योगदान करने के लिए स्टार्टअप को तैयार करती है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत द्विपक्षीय यूएस-भारत आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह और रक्षा नीति समूह के माध्यम से भी सहयोग करते हैं।

# 370 हटने से आतंकवाद में कमी आईः अमित शाह

**-जवानों का त्याग और बलिदान अनमोल है**



**देहरादून, (हि.स.)।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के 62 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जवानों की सेवा, उनका त्याग और बलिदान अनमोल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा को लगातार मजबूत किया जा रहा है। जम्मू- कश्मीर में अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है। शुक्रवार को सीमा द्वार स्थित आईटीबीपी के 62 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गृहमंत्री अमित शाह ने हिमवीरों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस दौरान गृह मंत्री ने परेड के निरीक्षण कर सलामी ली। इस दौरान गृह मंत्री ने आईटीबीपी के स्थापना दिवस पर वाइब्रेंट विलेज और प्रथम गांव से आए नागरिकों और प्रदेशवासियों व हिमवीरों को शुभकामनाएं दीं। गृह मंत्री ने कहा कि देश के वीर जवानों की बदौलत आज हम चैन की नींद सोते हैं। देश के दुर्गम क्षेत्रों में सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए हिमवीर -45 डिग्री में अपनी सेवा देते हैं। ऐसे जवानों के लिए दिवाली पर एक दीप जवानों के नाम जलाना होगा। अमित शाह ने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आप देश की सुरक्षा की चिंता कीजिए, आपके परिवार की चिंता भारत सरकार करेगी। अमित शाह ने कहा कि जवानों की मांग के अनुसार सेवा की तर्ज पर वायुयान और रेलवे में कोटा तय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद और उग्रवाद पर नकेल कसने का काम कर रही है। सरकार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बजट में बढ़ोतरी कर रही है। बॉर्डर के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है। देश सुरक्षित रहेगा तभी हम सभी सुरक्षित रहेंगे। 2014 से पहले 4000 करोड़ रुपये खर्च होते थे, आज 2022-23 में 12340 करोड़ बजट का प्रावधान किया गया है। यानी पहले से तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। 350 से ज्यादा पुल-पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। सीमा के गांवों को संपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकवाद में कमी आई है और वहां की पुलिस राहत की सांस ले रही है। इसी का परिणाम है कि वहां अब मृत्यु दर 72% गिरा है। नॉर्थ ईस्ट में मृत्यु दर में भी 65 फीसदी की कमी आई। सरकार सुरक्षा को लेकर जरूरत के अनुसार एक के बाद एक कठोर निर्णय ले रही है। अमित शाह ने कहां कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आंतरिक सुरक्षा को लगातार मजबूत किया जा रहा है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। वर्ष 2047 तक भारत विश्व के हर क्षेत्र में प्रथम रहे, इसी योजना को लेकर भारत सरकार काम कर रही है। भारत विश्व का नेतृत्व करे, ऐसा भारत बनाना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आईटीबीपी महानिदेशक अनीश दयाल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# बृजमोहन अग्रवाल पर हमला प्रायोजित है : मुख्यमंत्री भूपेश

**रायपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री भूपेश ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बृजमोहन अग्रवाल पर हमले की घटना प्रायोजित है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन पर हमला कौन कर सकता है? बृजमोहन ही वो शख्स हैं जिनसे नरेंद्र मोदी भी डरते हैं। बृजमोहन अग्रवाल से हर कोई डरता है। उन पर हमला प्रायोजित है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार शाम बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि मैं शाम 6 बजे बैजनाथपारा में चुनाव प्रचार कर रहा था। उस वक्त मेरे उपर हमला करने की कोशिश की गई। मेरा कॉलर पकड़ा गया, मुझे मारने की कोशिश की गई। बृजमोहन ने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं, यह सब जानते हैं। जो रायपुर की फिजा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने ठेका दिया है महंत को चुनाव जिताने का। ऐसे ठेकेदार लोग जो पूरे शहर को अशांत कर रहे हैं। उन्होंने इस चुनाव को निरस्त करने



के लिए ऐसे प्रयास किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों पर एफआईआर की है। मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि ह्वबृजमोहन पर हमला कौन कर सकता है? बृजमोहन ही वो शख्स हैं जिनसे नरेंद्र मोदी डरते हैं और टेबल के नीचे छुप गए थे, तब नरेंद्र मोदी पर्यवेक्षक बनकर आये थे। बृजमोहन अग्रवाल से हर कोई डरता है। उन पर हमला प्रायोजित है।

**चुनाव के समय मुझे बदनाम किया जा रहा है : एजाज ढेबर**

मेयर एजाज ढेबर ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। घटना में न मेरा हाथ है और न ही मेरे किसी समर्थक का। चुनाव के समय मुझे बदनाम किया जा रहा है। यह पूर्व प्रायोजित घटना है। ताकि चुनाव में उनको (बृजमोहन अग्रवाल) लाभ मिल सके। इसकी कोई भी जांच करा ले।

# भूस्खलन व बर्फबारी से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुगल रोड व एसएसजी रोड बंद




**रामबन, (हि.स.)।** भारी बारिश के चलते रामबन जिले के मेहर इलाके के पास सड़क पर भूस्खलन और पत्थर गिरने के बाद जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। इसी बीच बर्फबारी के चलते मुगल रोड और एसएसजी रोड भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। जम्मू-कश्मीर यातायात पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि मेहर इलाके में मिट्टी खिसकने और टी-2 रामबन में पत्थर गिरने के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि वे मंजूरी मिलने तक जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने से बचें। अधिकारियों ने कहा कि मुगल रोड और श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमारी (एसएसजी) रोड भी बर्फ जमा होने के कारण बंद की गई है।

# दिल्ली में फिलहाल नहीं लगेगा ऑड-ईवनः गोपाल राय

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से हो रही बारिश ने मौसम सुहाना बनाने के साथ ही दमघोंटू हवा में भी सुधार किया है। शुक्रवार तड़के हुई बारिश के बाद भी सुबह 9 बजे से कई जगह बारिश हो रही है। इस बारिश ने न सिर्फ आम लोगों को बल्कि प्रशासन को भी राहत पहुंचाई है, जो वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए कृत्रिम बारिश कराने की योजना बना रही है। दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया है। प्रदूषण की मार झेल लोगों को बारिश के आने से कुछ



राहत जरूर मिली है। बारिश से पहले जहां दिल्ली-एनसीआर में सांस लेना तक मुश्किल हो गया था, वहीं अब हवा काफी साफ हो गई है। हालांकि अब भी वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब स्थित में बना हुआ है।

# दिसंबर में उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी मुख्यमंत्री ममता

**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर इस साल के अंत में उत्तर बंगाल सफर पर जाने वाली हैं। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। पता चला है कि अभी तारीख तय नहीं हुई है लेकिन दिसंबर महीने के मध्य में ममता उत्तर बंगाल जा सकती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले उनका यह महत्वपूर्ण दौर होने वाला है। पांच दिसंबर के बाद सीएम के सफर की संभावना है। सूत्रों ने बताया है कि वहां दो प्रशासनिक बैठकों को संबोधित करेंगी और चाय बागान के श्रमिकों से भी उनकी मुलाकात होनी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में



उत्तर बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था और तृणमूल कांग्रेस के हाथ निराशा लगी थी। इस बार 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उत्तर बंगाल में भी अच्छा प्रभाव छोड़ा है। लोकसभा चुनाव में यह वोट में तब्दील हो और पार्टी को अधिक से अधिक फायदा पहुंचे, इसकी कवायद में तृणमूल कांग्रेस जुट गई है। इस लिहाज से ममता बनर्जी का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है।

# कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी

**अजय कुमार**

**- पुलिस हिरासत में 11 नवंबर को सुबह 10 से शाम 04 बजे तक पत्नी से मिलने घर जाएंगे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी है। जेल में बंद मनीष सिसोदिया पुलिस हिरासत में 11 नवंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पत्नी से मिलने घर जाएंगे। सिसोदिया ने बीमार पत्नी से पांच दिन मुलाकात करने की इजाजत मांगी थी। इससे पहले 30 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सीबीआई ने 25 अप्रैल को दिल्ली के आबकारी घोटाला मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें सिसोदिया के अलावा बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल को आरोपित बनाया गया है। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसी राव



की बेटी के. कविता के सीए रह चुके हैं। सीबीआई ने सिसोदिया को 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 25 नवंबर 2022 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर 2022 को पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे। कोर्ट ने पहली चार्जशीट में शामिल कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण रामचंद्र पिल्लै, मुत्थू गौतम और समीर महेंद्रू के खिलाफ संज्ञान लिया है।

# यमुना किनारे छठ पूजा की अनुमति न मिलने पर मनोज तिवारी ने दिल्ली सरकार को घेरा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बीते दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना किनारे छठ महापर्व मनाने की अनुमति देने से इनकार करने पर अब आप और बीजेपी के बीच खींचतान शुरू हो गई है। शुक्रवार को बीजेपी नेता और दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दिल्ली सरकार पर हमला करते हुए लिखा, जितना अत्याचार करना है कर लो आप , झूठ बोल कर दिल्ली की सत्ता में काबिज हुए आप, चाहे जितने कहर करो आप अब दिल्ली की चिंता भगवान कर रहे हैं, आज के बारिश छठ मैया का प्रसाद है। इस इशारे हो समझना चाहिए और स्वच्छता एवं प्रकृति के त्योहार छठ महोत्सव को यमुना तट पर भी होने की स्वीकृति देनी चाहिए। आपको बता दें कि बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना किनारे छठ पूजा की अनुमति देने की मांग को लेकर दायर हुई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि प्रतिबंध यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए है। अदालत के रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता ने इसे वापस लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया, जिसको अदालत ने स्वीकार कर लिया। याचिकाकर्ता छठ पूजा संघर्ष समिति और पूर्वांचल जागृति मंच ने दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 29 अक्टूबर 2021 के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की थी। इस आदेश में अधिकारियों ने यमुना के किनारे पर छठ पूजा करने पर रोक लगा दी थी।



# तमिलनाडु विस से पारित 12 विधेयक राज्यपाल के पास लंबित रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 10 नवंबर (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित 12 विधेयकों को लंबे समय से राजभवन में लंबित रखने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी। आज सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी, मुकुल रोहतगी और पी विल्सन ने कहा कि राज्यपाल एन रवि ने राज्य विधानसभा से पारित 12 विधेयकों को लटका रखा है। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से दिए गए कुछ फैसलों जैसे लोकसेवकों पर अभियोजन की अनुमति देने, कैदियों की समय पूर्व रिहाई, तमिलनाडु लोक सेवा आयोग में नियुक्ति इत्यादि से संबंधित फाइलें भी राज्यपाल के पास लंबित हैं। तमिलनाडु सरकार की याचिका में कहा गया है कि राज्य के राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा की ओर से पारित 12 विधेयकों पर अपनी सहमति की मुहर नहीं लगाई है। तमिलनाडु सरकार ने मांग की है कि राज्यपाल को इन फाइलों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का दिशा-निर्देश पारित किया जाए।

# 05 में से 04 राज्यों में खिलेगा कमल, भाजपा की चल रही आंधी : केशव प्रसाद मौर्य



**बोले,नीतीश के बयान की जितनी निंदा की जाए, कम है**

**झांसी, (हि. स.)।** देश के 05 में से 04 राज्यों में 03 दिसंबर को कमल खिलने जा रहा है। भाजपा मप्र में लगातार सरकार बनाने जा रही है। छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भाजपा सरकार छीनने जा रही है। भाजपा की आंधी चल रही है। बीते रोज नीतीश कुमार के बयान का समर्थन करने वाली सांसद डिंपल यादव को भारतीय संस्कृति का सम्मान न करने वाला बताया।नीतीश के बयान की जितनी निंदा की जाए, कम है। यह कहना है प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का। वह मप्र के निवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रचार-प्रसार करने आज झांसी पहुंचे थे। मध्य प्रदेश चुनाव में शामिल होने जा रहे उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को झांसी पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि देश के पांच राज्यों में होने जा रहे चुनाव में भाजपा की आंधी चल रही है। वही उन्होंने नीतीश कुमार के बयान की जमकर निंदा की। उन्होंने नीतीश के बयान का समर्थन करने वाली सपा सांसद डिंपल यादव को भी भारतीय संस्कृति का विरोधी बता डाला। उन्होंने कहा कि यह उचित नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2047 तक देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार रहने वाली है। जिसे भी जो कहना या लागू कराना है, उसके बाद सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता ने मन बना लिया है कि 2024 में फिर से देश में मोदी सरकार लानी है। यह तो अभी सेमी फाइनल चल रहा है। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष हेमंत परिहार व संजीव श्रृंगीऋषि आदि उपस्थित रहे।

# पंजाब विस से पारित बिल को मंजूरी देने में देरी पर राज्यपाल को सुप्रीम कोर्ट की नसीहत- 'आग से न खेलें'

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विधानसभा से पारित बिलों को मंजूरी देने में राज्यपाल की देरी के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को आग से न खेलने की नसीहत दी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह लोकतंत्र है। जनप्रतिनिधियों की ओर से पारित विधेयक को इस तरह लटकाया नहीं जा सकता। आप ये नहीं कह सकते हैं कि विधानसभा का सत्र ही गलत था।



चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर राज्यपाल को लगता भी है कि बिल गलत तरीके से पास हुआ है तो उसे विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। अगर राज्यपाल इसी तरीके से बिल को गैरकानूनी ठहराते रहे तो क्या देश में संसदीय लोकतंत्र बचेगा। चीफ जस्टिस ने कहा कि राज्यपाल राज्य का संवैधानिक मुखिया होता है लेकिन पंजाब की स्थिति को देख कर लगता है कि सरकार और उनके बीच बड़ा मतभेद है, जो लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। चीफ जस्टिस ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संविधान में यह कहां लिखा गया है कि राज्यपाल, स्पीकर द्वारा बुलाए गए विधानसभा सत्र को अवैध करार दे सकते हैं।

सुनवाई के दौरान राज्यपाल की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। तब कोर्ट ने कहा कि अगर हल निकालना था तो कोर्ट आने की जरूरत क्यों पड़ी। तब मेहता ने कहा कि एक हफ्ते का समय दिया जाए।

सुनवाई के दौरान 6 नवंबर को मेहता ने कोर्ट को बताया था कि राज्यपाल ने फैसला ले लिया है। सरकार को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। तब कोर्ट ने कहा था कि मामला कोर्ट आने से पहले राज्यपालों को निर्णय ले लेना चाहिए। कोर्ट ने पंजाब सरकार और राज्यपाल दोनों को आत्ममंथन करने को कहा था। कोर्ट ने कहा था कि राज्यपाल को मामला कोर्ट पहुंचने से पहले फैसला कर लेना चाहिए। पंजाब जैसी स्थिति कई दूसरे राज्यों में हुई है, जहां राज्यपाल तभी काम करते नजर आते हैं, जब मामला कोर्ट पहुंचता है। उन्हें मामला कोर्ट आने का इंतजार नहीं करना चाहिए।

पंजाब सरकार ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने राज्य विधानसभा की ओर से पारित 27 विधेयकों में से 22 पर ही मुहर लगाई है। 20 अक्टूबर को बजट सत्र के विशेष सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले तीन धन विधेयक भी उसमें शामिल हैं। विशेष सत्र के पहले राज्य सरकार ने इन तीनों धन विधेयकों को राज्यपाल के पास सहमति के लिए भेजा था। लेकिन राज्यपाल ने इस पर सहमति नहीं दी।

राज्यपाल ने कहा कि चूंकि बजट सत्र 20 जून को समाप्त हो गया, ऐसे में कोई भी विस्तारित सत्र गैरकानूनी है। जिसकी वजह से विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले ही स्थगित करना पड़ा।

# शहीद दिवस के मंच से शुभेंदु ने दिया चोरमुक्त बंगाल का नारा, तृणमूल ने किया पलटवार

**नंदीग्राम, (हि.स.)।** राज्य के बहुचर्चित नंदीग्राम आंदोलन के शहीदों की याद में हर वर्ष दस नवंबर को पालन किये जाने वाले शहीद दिवस के मंच से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी ने एक दूसरे पर जम कर हमला बोला। शुक्रवार सुबह भाजपा की ओर से शहीद वेदी पर श्रद्धांजली देने पहुंचे विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने चोरमुक्त बंगाल का नारा देते हुए कहा कि दस नवंबर 2024 तक बंगाल पूरी तर चोरमुक्त हो जायेगा। इसके कुछ देर बाद तृणमूल कांग्रेस की ओर से पार्टी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष एवं सांसद दोला सेन स्थानीय नेताओं के साथ शहीद वेदी पर पहुंचे। इस दौरान कुणाल ने शुभेंदु पर पलटवार करते हुए उन्हें गिरफ्तारी के लिये तैयार रहने की चेतावनी दी। शुभेंदु अधिकारी के भाजपा में शामिल होने के बाद से शहीद दिवस आयोजन को लेकर तृणमूल और भाजपा में तनातनी की स्थिति रही है। इस बार भी लगभग एक उसी तरह के हालात बनते नजर आये।

प्रशासन की तरफ से दोनों पार्टियों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित कर दिया गया था। उसी के मुताबिक सुबह 9:00 बजे शुभेंदु अधिकारी स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ शाहिद बेदी पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2024 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार पुनर्गठित होने के साथ ही बंगाल चोर मुक्त हो जाएगा। इसके कुछ देर बाद तृणमूल नेता कुणाल घोष ने शुभेंदु पर हमला बोलते हुए कहा कि 2024 में केंद्र में वैकल्पिक सरकार गठित होगी और फिर शुभेंदु अधिकारी गिरफ्तार हो जाएंगे । उन्होंने यह भी कहा कि जिस सीबीआई और ईडी के दम पर नेता प्रतिपक्ष बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं वही एजेंसियां उन्हें गिरफ्तार करेगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में हुए भूमि आंदोलन के दौरान अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए 10 नवंबर 2007 को तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी माकपा ने नंदीग्राम में सूर्योदय अभियान चलाया था। इस दौरान पुलिस की तरफ से की गई फायरिंग में कई लोग मारे गए थे। उन्हीं की याद में हर वर्ष शहीद दिवस मनाया जाता है।

# अयोध्या दीपोत्सव के दौरान एक सौ रुपये देकर आप भी जला सकते हैं दिया



**लखनऊ, (हि.स.)।** योगी सरकार हर साल की तरह इस बार भी अयोध्या के दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार 21 लाख दीये जलाकर पर्यटन विभाग विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग व अयोध्या जिला प्रशासन ने इस बार एक नया प्रयास भी किया है। इसके तहत आप भी घर बैठे दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं। एप के माध्यम से आप घर बैठे अयोध्या में एक से लेकर 51 दीयों तक दान देकर उन्हें रोशन कर सकते हैं। एक दीप के लिए जहां आपको 101 रुपये खर्च करने होंगे तो वहीं, 11 दीयों के लिए 251 रुपये, 21 के लिए 501 रुपये और 51 दीयों के लिए 1100 रुपये ऑनलाइन दे सकते हैं।

**देश या विदेश कहीं से बुक करा सकेंगे दीये** – पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि विभाग ने 'होली अयोध्या' नाम से एक मोबाइल एप तैयार किया है। इससे आम लोग आसानी से घर बैठे अयोध्या के दीपदान में शामिल हो सकेंगे। यह मोबाइल एप एंड्रायड व एप्पल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। इस एप को कोई भी व्यक्ति डाउनलोड कर एक या उससे अधिक दीये अपने नाम से बुक कर सकते हैं। खास बात यह कि दीपोत्सव के बाद पर्यटन विभाग संबंधित व्यक्ति के पते पर यह दीया, प्रसाद व सरयू का जल भी प्रसाद के रूप में भेजेगा। इस एप के माध्यम से तय की गई सहायता राशि देकर कोई भी दीप जलवा सकता है। वह अपने नाम से, अपने परिजनों के नाम से एक से लेकर 51 दीये तक बुक करा सकते हैं। इस एप पर आने वाले आवेदन को जिला प्रशासन देखेगा और उसके अनुसार दीये जलवाने की व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि देश ही नहीं विदेशों में रह रहे लोग भी इस दीपोत्सव से जुड़ना चाहते हैं। ऐसे में यह उनके लिए अच्छी सुविधा होगी।

**एप पर दीपदान के मिलेंगे चार पैकेज** – एप पर दीप प्रज्वलन के अलग-अलग पैकेज रखे गए हैं। 101 से 1100 रुपये तक के चार पैकेज में पहला पैकेज 101 रुपये का है, जिसमें एक दीप प्रज्वलित होगा। इसका प्रमाण डिजिटल रूप से श्रद्धालु के नाम से भेजा जाएगा। दूसरा पैकेज 251 रुपये का है। इसमें 11 दीप जलेंगे। प्रमाण के रूप में जले हुए दीपों के साथ रामजन्मभूमि का प्रसाद कोरियर से भेजा जाएगा। इसी तरह तीसरा पैकेज 501 रुपये का है, जिसमें 21 दीप जलाए जाएंगे तथा दीपों के साथ प्रसाद, रामनामी गमछा, सरयु का जल दानदाता को कोरियर से भेजा जाएगा। चौथे पैकेज में 1100 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करना होगा, जिसमें 51 दीप प्रज्वलित होंगे। इसमें दीपों के अतिरिक्त रामलला का प्रसाद, रामनामी गमछा, सरयू जल के साथ राममंदिर का मॉडल कोरियर से भेजा जाएगा।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मिले चंपतराय, प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का दिया आमंत्रण

**लखनऊ, (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपतराय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का आमंत्रण दिया। चंपत राय के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज, प्रतिष्ठा समारोह आयोजन समिति के सदस्य व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज, संघ की प्रान्तीय टोली के सदस्य प्रशान्त भाटिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**आज जीवन धन्य हो गया, मन आह्लादित है : योगी आदित्यनाथ**

ट्रस्ट के सदस्यों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि आज जीवन धन्य हो गया है। मन आह्लादित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का ही सुफल है कि श्री अयोध्या जी में प्रभु श्री रामलला के नूतन बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा को सफलीभूत होते हुए हम सभी देख पा रहे हैं। कृतज्ञ हूं, हर्षित हूं, उत्साहित हूं, राममय हूं। योगी ने लिखा कि प्रभु श्री राम की असीम अनुकंपा, पूज्य संतों एवं दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के आशीर्वाद, श्रद्धेय अशोक सिंघल जी एवं रामभक्तों के सदियों के अनवरत संघर्ष का परिणाम है कि राम मंदिर बन रहा है। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी 2024 को ट्रस्ट की ओर से 10 हजार अतिथियों को बुलाने की योजना है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहनराव भागवत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद आज उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का आमंत्रण दिया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख मनोज ने बताया कि 01 जनवरी से 15 जनवरी तक संघ के कार्यकर्ता घर-घर जाकर हल्दी व अक्षत देकर रामलला का आमंत्रण देंगे। उससे पहले ट्रस्ट के सदस्य विविध क्षेत्र के प्रमुख लोगों से मिलकर उन्हें अयोध्या आने का आमंत्रण देंगे। मनोज ने बताया कि 01 जनवरी से शुरू होने वाला गृह सम्पर्क अभियान अब तक का सबसे बड़ा विश्वव्यापी जनसम्पर्क अभियान होगा।



# मुकदमा दर्ज होने पर मेरठ कलक्ट्रेट पर आमरण अनशन पर बैठे सपा विधायक





**मेरठ, (हि.स.)।** जिले के गढ़ रोड स्थित न्यूटिमा अस्पताल पर हंगामे के बाद मुकदमा दर्ज होने के विरोध में शुक्रवार को सपा विधायक अतुल प्रधान आमरण अनशन पर बैठ गए। कलक्ट्रेट पर चल रहे सपा विधायक के धरने को आम आदमी पार्टी और भारतीय किसान यूनियन ने अपना समर्थन दिया है। न्यूटिमा अस्पताल में बिल कम कराने को लेकर हुए हंगामे के बाद सरधना के सपा विधायक अतुल प्रधान समेत 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। अतुल प्रधान ने कलक्ट्रेट में आमरण अनशन शुरू कर दिया। विधायक के धरना स्थल पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। भाकियू और आप के नेताओं ने कहा कि जनता के लिए न्याय की लड़ाई लड़ने वाले विधायक पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसका विरोध किया जाएगा। इससे पहले सपा विधायक ने गुरुवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर न्यूटिमा अस्पताल में अनियमितताओं का मामला उठाया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के खुलकर न्यूटिमा अस्पताल के पक्ष में आने के बाद सपा विधायक ने आमरण अनशन का रास्ता अपनाया। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि जब लोग बाजार में केले लेने भी जाते हैं तो उसे उलट-पलट कर देखते हैं। ये तो डॉक्टरों का मामला है। अस्पताल में लाखों रुपये की लूट हो रही है। अस्पताल के अंदर मेडिकल स्टोर खुले हैं। हम पर्ची पर दवा का सॉल्ट लिखने को कह रहे हैं ताकि मरीज के तीमारदार जहां से चाहे वहां से दवा ले लें, लेकिन डॉक्टर दवाओं के कोड लिखते हैं। विधायक ने कहा कि हमें भले ही जेल भेज दिया जाए, लेकिन हम पीछे नहीं हटेंगे। जिला प्रशासन की चार सदस्यीय समिति से निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। पुलिस ने मरीज के तीमारदारों के खिलाफ भी बिना जांच के मुकदमा दर्ज कर लिया। न्याय मिलने तक वह आमरण अनशन पर रहेंगे। इस अवसर पर सपा के महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, अंकुश चौधरी, सत्यवीर, संजय, विनय कुमार आदि उपस्थित रहे। इस मामले में सीओ सिविल लाइंस अरविंद चौरसिया का कहना है कि पुलिस पूरी बारीकी से छानबीन कर रही है। इसके लिए वीडियो फुटेज, ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है।

## मेरठ में सपा नेता के घर फायरिंग, तोड़फोड़

**मेरठ, (हि.स.)।** सरधना थाना क्षेत्र के खिर्वा गांव में गुरुवार की देर रात सपा नेता के घर के बाहर फायरिंग की गई। इसके बाद घर के बाहर तोड़फोड़ कर दी। सपा नेता के भाई ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। खिर्वा गांव निवासी अब्बास जैदी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव हैं। गुरुवार की देर रात सपा नेता के घर के बाहर अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। घटना के समय सपा नेता का भाई कुत्ते को खाना डाल रहा था। फायरिंग की आवाज सुनकर वह अपनी जान बचाकर घर के अंदर छिप गया। पहले तो परिजनों ने फायरिंग को आतिशबाजी की आवाज समझा। इसके बाद अज्ञात लोगों ने घर के बाहर तोड़फोड़ की और फरार हो गए। उनके भागने के बाद परिजन घर से बाहर निकले और दीवार में गोली के निशान देखे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के बाहर से कई खोखे बरामद किए। सपा नेता के पिता मुस्तफा हुसैन ने सरधना थाने में तहरीर दी। सरधना थाना प्रभारी प्रताप सिंह के अनुसार, मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्दी ही मामले का खुलासा किया जाएगा।



# कवि कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात यूनिट हटाई गई, दूसरी यूनिट तैनात



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** चिकित्सक पल्लव बाजपेयी के साथ विवाद के बाद कवि डॉ. कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ यूनिट को हटाकर अब दूसरी यूनिट तैनात की गई है। विवाद के दौरान कुमार विश्वास की सुरक्षा में तैनात रहे सीआरपीएफ के जवानों के विरुद्ध चल रही जांच के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। डॉ. बाजपेयी ने कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया था। कुमार विश्वास को केंद्र सरकार की ओर से वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। उनकी सुरक्षा में तैनात जवानों के साथ बुधवार को रोडरेज की घटना सामने आई थी। उस समय कुमार विश्वास गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे। सीआरपीएफ के महानिदेशक एसएल थाओसेन ने घटना की समीक्षा के बाद कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि सुरक्षा में तैनात कमांडो ने संचालन प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया।

डॉ. कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों की ओर से बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उनके वाहन को एक कार ने टक्कर मार दी थी, साथ ही कुमार विश्वास के काफिले में चल रहे सीआरपीएफ और पुलिसकर्मियों पर भी हमला किया गया था। घटना के बाद डॉ.बाजपेयी ने इंदिरापुरम पुलिस थाने में अपने वाहन को टक्कर मारे जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। उनका आरोप है कि कुमार विश्वास के सुरक्षाकर्मियों ने उन पर हमला किया था।

# गढ़वा सदर अस्पताल में 24 करोड़ 84 लाख से बन रहा 50 बेड का अस्पताल




**रांची, (हि.स.)।** गढ़वा जिले के सदर अस्पताल में 50 बेड के अस्पताल के भवन का निर्माण कराया जा रहा है। भवन निर्माण के लिए 24 करोड़ 84 लाख 27 हजार 500 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य योजना से ढाई करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। पूर्व में नौ करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं। कुल 11 करोड़ 50 लाख रुपये का आवंटन किया गया है। इस आवंटित राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची होंगे जबकि राशि के नियंत्रित पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। एसीएस ने निर्देश दिया है कि संबंधित कार्यकारी एजेंसी के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता योजना की वित्तीय-भौतिक समीक्षा करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि व्यय निर्धारित नियमों के अनुरूप हो। आवंटित राशि से संबंधित व्यय विवरणी प्रत्येक महीने के दसवीं तारीख तक ऑनलाइन विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर बनेगा देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज



**रांची, (हि.स.)।** अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम कंप्लीट करने की डेडलाइन है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी ने अलबर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है। यह फुट ओवरब्रिज काफी आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा। अलबर्ट एक्का चौक पर बने गोलंबर के चारों तरफ गोल फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। सबसे पहले चौक बने शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के लिए नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। उसके बाद उस प्लेटफॉर्म पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा को स्थानांतरित किया जाएगा। फुट ओवरब्रिज के उपर और नीचे चारों तरफ आकर्षक लाइट लगाए जाएंगे। इस तरह का गोल फुट ओवरब्रिज देश में पहली बार रांची में बन रहा है। इससे पहले कोलकाता में गोल फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन वहां रोड क्रॉस करने के लिए एफओबी नहीं है

# तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को मारी टक्कर



**पलामू, (हि.स.)।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर चौक पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बेकाबू कार ने सड़क किनारे तीन लोगों को टक्कर मार दी। साथ ही एक गाय को भी चपेट में लिया। हादसे में जख्मी लोगों में एक का पैर टूट गया है। सभी को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है। घटना के बाद पुलिस ने चालक और कार को कब्जे में ले लिया है। मामले में छानबीन के बाद कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि चैनपुर की ओर से एक तेज रफ्तार कार चौक पार कर रही थी। इसी क्रम में कार ने सड़क किनारे खड़े एक महिला और दो युवकों को टक्कर मार दी। साथ ही एक गाय को भी चपेट में ले लिया। महिला को सबसे पहले टक्कर मारी। महिला घर का कचरा फेंकने के लिए बाहर निकली थी, जबकि दोनों युवक सड़क किनारे खड़े थे। जख्मी लोगों में चैनपुर निवासी राजपतिया देवी (40), मुन्ना खान (36) एवं अल्ताफ खान (17) शामिल हैं। मुन्ना खान का पैर टूट गया है, जबकि अल्ताफ और राजपतिया को अंदरूनी चोट आई है। मुन्ना की टायर की दुकान है। सभी चैनपुर के निवासी हैं। जख्मी लोगों ने बताया कि कार की स्पीड काफी तेज थी। टक्कर मारने के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक की हल्की पिटाई भी की। हालांकि तुरंत बाद चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार को कब्जे में लिया है, जबकि चालक को पड़कर थाना ले गई।

# 14 नवम्बर को विद्यालयों की छुट्टी रद्द, आयोजित किया जाएगा बाल सभा




**बेगूसराय, (हि.स.)।** दीपावली से छठ तक का अवकाश रहने के बावजूद 14 नवम्बर को बिहार के सभी विद्यालय खुले रहेंगे और बाल सभा का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक एवं पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने इस आशय का निर्देश सभी डीएम को दिया है। पत्र में कहा गया है कि जन योजना अभियान (पीपीसी) के तहत पंचायत विकास योजना के निर्माण के लिए प्रत्येक पंचायत में बाल सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से किए जाने का निर्देश दिया गया है। केन्द्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना (आरजीएसए) के तहत सभी ग्राम पंचायतों में बाल सभा का आयोजन अनिवार्य रूप से कराया जाना है। बाल सभा का आयोजन सरकारी विद्यालय एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त प्रयास से विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायत एजेंडा के अनुरूप बाल सभा का आयोजन करायेंगे। बाल सभा के लिए जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। बाल सभा में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चें-बच्ची शामिल होंगे। इस सभा में पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बच्चों के अभिभावक भी भाग लेंगे। सभी ग्राम पंचायत बाल सभा में लिए गए निर्णय को ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के निर्माण के लिए विशेष ग्राम सभा में शामिल कर उसे पारित कराना सुनिश्चित करेंगे। पत्र के आलोक में बाल सभा के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। बाल सभा में एजेंडा तय किया गया है, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के उद्देश्य से बच्चों के लिए सुरक्षित, सकुशल और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना। आईसीडीएस के गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन एवं पांच साल से कम उम्र के बच्चों को पोशाक आहार। महिलाओं और बच्चों का पोषण, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं और किशोरियों की पोषण संबंधी आवश्यकताएं है। बच्चों के लिए शिक्षा को लेकर बच्चों का स्कूल में शत-प्रतिशत नामांकन, दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना। अभिभावक शिक्षक संघ (एसएमसी) स्कूल प्रबंधन समिति (पीटीए) के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना। स्कूल में पोशाक, पाठ्य पुस्तकें, छात्रवृत्ति अनुदान जैसे संसाधनों का बच्चों तक समय पर पहुंच रखा गया है। बाल सभा में बच्चों के लिए शिक्षा विषय में इसके साथ ही प्रारंभिक बचपन का विकास एवं देखभाल और पूर्व प्राथमिक शिक्षा है। प्राथमिक से उच्च शिक्षा, व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा शिक्षा में लैंगिक भेदभाव को शामिल किया गया है। बच्चों के विरुद्ध हिंसा विषय में शत प्रतिशत बाल श्रम मुक्त पंचायत तथा शराब और ड्रग्स के हानिकारक उपयोग को समाप्त करने के प्रति जागरूकता को रखा गया है। इसके साथ ही बाल विवाह संबंधी मामलों में कमी करने, बच्चों के प्रति सभी प्रकार की हिंसा से सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना, सुरक्षा संबंधी मुद्दे, यौन शोषण, लैंगिक भेदभाव, स्थानीय शासन में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही कानूनी प्रावधान के संबंध में जागरूकता विषय को भी शामिल किया गया है। इसी आलोक में राज्य के सभी पंचायत के एक विद्यालय में बाल सभा आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है।

# सदन के बाहर आपस में भिड़े भाजपा-राजद विधायक



पटना, 10 नवम्बर (हि.स.)। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को राजद और भाजपा के विधायक सदन के बाहर आपस में भिड़ गए। बिहार विधानसभा में आरक्षण बिल पास होने को लेकर सत्तारूढ़ दल के विधायकों में काफी खुशी नजर आ रही है। ऐसे में राजद के विधायक मुकेश रौशन भाजपा के विधायक संजय सिंह को मिठाई खिलाने पहुंच गए। राजद विधायक ने भाजपा विधायक की तरफ मिठाई का डब्बा आगे किया और मिठाई लेने का आग्रह किया। इस दौरान भाजपा के विधायक जीतन राम मांझी मामले में सरकार के खिलाफ पोस्टर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। लिहाजा उनको राजद विधायक के तरफ से मिठाई का निमंत्रण मिलना रास नहीं आया और वह गुस्से से लाल हो गए। नौबत हाथापाई की आ गई। ऐसे में दोनों दलों के कुछ विधायकों को बीच-बचाव करने आना पड़ा, तब जाकर मामला शांत हुआ। दूसरी ओर बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को सदन में जोरदार हंगामा हुआ है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जीतन राम मांझी पर किए सीएम नीतीश के तुम-तड़ाक के खिलाफ विपक्षी दलों के सांसद वेल में पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसी बीच विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के लोग वेल में पहुंच गए। नीतीश के खिलाफ विपक्ष की नारेबाजी हुई तो पीएम मोदी के खिलाफ सत्ता पक्ष की नारेबाजी शुरू हो गई। इस बीच मार्शलों ने एक्शन लिया और सभी का पोस्टर छीन लिया।

# जिन्हें गांव के विद्यालय में नहीं करनी है शिक्षक की नौकरी, वह दे दें इस्तीफा : के.के. पाठक



**बेगूसराय, (हि.स.)।** शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक ने कहा है कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय की हुई है। जो शिक्षक ग्रामीण क्षेत्र में नहीं रह सकते हैं वह नौकरी छोड़ दें। गुरुवार की रात बेगूसराय पहुंचते ही के.के. पाठक सबसे पहले रात करीब 9:30 बजे डायट शाहपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे बीपीएससी उत्तीर्ण नवनियुक्त शिक्षकों से संवाद किया। अधिकारियों के साथ पहुंचे के.के. पाठक ने संवाद के बाद डाइट के विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा तथा निरीक्षण एवं चर्चा करने कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद के.के. पाठक, डीएम रोशन कुशवाहा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी शर्मिला राय सहित अन्य अधिकारियों के साथ पीटीसी विष्णुपुर पहुंचे। यहां भी उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवनियुक्त शिक्षकों के साथ संवाद किया। प्रशिक्षण के व्यवस्थाओं एवं अन्य मुद्दों की जानकारी ली, उन्होंने पीटीसी का निरीक्षण भी किया। दोनों जगहों पर नवनियुक्त शिक्षकों के साथ संवाद में के.के. पाठक ने कहा है कि आप सबों को प्रशिक्षण समाप्त होते ही नियुक्ति पत्र मिल जाएगा। नियुक्ति पत्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कंप्यूटर द्वारा जनरेट होगा। जिसमें कहीं से कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है। कंप्यूटर तय करेगा कि आपको किस गांव में जाना है।

आप सबों की नियुक्ति ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में होगी। के.के. पाठक ने सभी से उनके मूल निवास स्थान की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि आप लोग नियोजित नहीं नियुक्त शिक्षक हैं। आपने अपनी मेघा, अपना मेरिट और सिंसेयरिटी को साबित कर दिया है। गांव में रहना है, जो गांव में नहीं रह सकते, उनके लिए यह नौकरी नहीं है, अभी भी नौकरी छोड़ दें। आपकी नियुक्ति से गांव के लोगों में जोश है। पूरे राज्य के सभी गांव में लोग आपका इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव के विद्यालय में शहर के अंग्रेजी स्कूलों से बेहतर पढ़ाई दें। जिससे बच्चे कहने लगें कि अच्छी पढ़ाई के लिए चलो सरकारी स्कूल। सरकार को भी आपसे काफी आशा है, स्कूल जाएं और अच्छे से पढ़ाएं। इधर, रात में के.के. पाठक के बेगूसराय पहुंचते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। शिक्षक से लेकर अधिकारी तक अलर्ट मोड में हैं।

## संपादकीय

# नीतीश की अमर्यादित भाषा

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दोनों सदनों में महिला के प्रजनन अधिकारों पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया है, जिसे अभद्र, अमर्यादित, असंसदीय और अंततः अश्लील करार दिया जा सकता है। वह भाषा न तो लिख कर दोहराई जा सकती है और न ही कही जा सकती है। परिवार में भी इतनी मर्यादा और परदा रखा जाता है कि ऐसी भाषा को साझा नहीं किया जा सकता। ऐसे शर्मसार और निर्लज्ज बयान देने वाले नीतीश कुमार कमोबेश देश के पहले मुख्यमंत्री हैं। वह नौसीखिया राजनीतिज्ञ नहीं हैं, बल्कि बीते 18 सालों से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। 'सुशासन बाबू' विशेषण उनकी शख्सियत के साथ चिपका दिया गया है। बेशक 'लड़कियों के लिए साईकिल' और 'शराबबंदी' सरीखी योजनाएं उन्होंने बिहार में लागू कीं और पंचायत स्तर पर भी महिलाओं को आरक्षण दिया, लिहाजा नीतीश कुमार महिला वर्ग के 'चहेते मुख्यमंत्री' बने रहे हैं। उन्हें महिलाओं का भरपूर समर्थन भी मिलता रहा है, लेकिन स्त्री-पुरुष संबंधों और प्रजनन पर वह ऐसे 'प्रोफेसर' की मुद्रा में आ गए मानो मेडिकल के छात्रों को पढ़ा रहे हों! प्रोफेसर की भाषा भी ऐसी नहीं होती। मर्यादा क्यों जरूरी है आखिर? विधानसभा और विधान परिषद में इसकी क्या जरूरत थी? वे सदन सरकार की नीतियों पर विमर्श करने के लिए हैं। वहां मुख्यमंत्री 'गुप्त ज्ञान' नहीं बांट सकते। मुख्यमंत्री ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि एक महिला मंत्री को मुंह छिपाना पड़े और एक महिला विधायक की रुलाई फूट पड़े। मुख्यमंत्री का चरित्र देखिए कि जब वह मर्यादाओं को लांघ रहे थे, तब मुस्करा भी रहे थे और सदन में कुछ पुरुष विधायकों ने ठहाके भी लगाए थे। लैंगिक अधिकारों के संदर्भ आते हैं, तो यह भारतीय राजनीति का चरित्र बार-बार उभर कर सामने आता है। नीतीश को 'सज्जन नेता' माना जाता रहा है, लेकिन अब उससे भी मोहभंग हो गया है। बेशक मुख्यमंत्री ने खुद अपनी निंदा की है, शर्म महसूस की है, दुख भी प्रकट किया है और माफी मांगते हुए अपने शब्द वापस लिए हैं, लेकिन साथ में यह भी जोड़ दिया गया है कि 'अगर किसी को तकलीफ।' यह हास्यास्पद राजनीति है। दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय सर्वेक्षण के संदर्भ में मांग की थी कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का कुल आरक्षण 65 फीसदी किया जाए। सवर्णों के लिए 10 फीसदी आरक्षण भी है, लिहाजा आरक्षण की कुल सीमा 75 फीसदी की जाए। बिहार के 'पिछड़ावादी' मुख्यमंत्री लालू यादव, राबड़ी देवी, नीतीश कुमार कोटे के अलावा और क्या जानते हैं? और इसके अलावा बिहार को उन्होंने क्या दिया है? बिहार में सबसे अधिक करीब 35 फीसदी लोग गरीब हैं। प्रति व्यक्ति आय 54,383 रुपए है। औसतन 55 फीसदी छात्राएं ही साक्षर हैं, जबकि ग्रेजुएट का औसत मात्र 7 फीसदी है। बहुत बड़ी संख्या में बिहारी लोग मजदूरी करने या रिक्शा चलाने बड़े शहरों को पलायन कर जाते हैं। ग्रेजुएशन की डिग्री 4-5 साल में भी मिल जाए, तो गनीमत है। मुख्यमंत्री ने इन सब तथ्यों से आंख मूंद रखी है। अच्छा है कि ज्यादा महिलाएं शिक्षित हो रही हैं, लिहाजा प्रजनन दर को कम किया गया है। जनसंख्या की दर 4.3 से घटकर 2.9 हो गई है। ये आंकड़े बिहार के अधिकृत ब्योरे हो सकते हैं, लेकिन हम इन तथ्यों पर भी भरोसा नहीं करते। गंभीर सवाल यह है कि मुख्यमंत्री को ऐसी फूहड़ और भद्दी भाषा तथा छिछले इशारे करने की जरूरत क्या थी? हास्यास्पद है कि उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके पार्टी प्रवक्ता मुख्यमंत्री के कथनों को 'सही' मान रहे हैं, बल्कि मुख्यमंत्री का महिमा-मंडन किया जा रहा है। आश्चर्य यह है कि विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन ने ऐसी भाषा पर टिप्पणी तक नहीं की।

'सुशासन बाबू' विशेषण उनकी शख्सियत के साथ चिपका दिया गया है। बेशक 'लड़कियों के लिए साईकिल' और 'शराबबंदी' सरीखी योजनाएं उन्होंने बिहार में लागू कीं और पंचायत स्तर पर भी महिलाओं को आरक्षण दिया, लिहाजा नीतीश कुमार महिला वर्ग के 'चहेते मुख्यमंत्री' बने रहे हैं। उन्हें महिलाओं का भरपूर समर्थन भी मिलता रहा है, लेकिन स्त्री-पुरुष संबंधों और प्रजनन पर वह ऐसे 'प्रोफेसर' की मुद्रा में आ गए मानो मेडिकल के छात्रों को पढ़ा रहे हों! प्रोफेसर की भाषा भी ऐसी नहीं होती। मर्यादा क्यों जरूरी है आखिर? विधानसभा और विधान परिषद में इसकी क्या जरूरत थी? वे सदन सरकार की नीतियों पर विमर्श करने के लिए हैं। वहां मुख्यमंत्री 'गुप्त ज्ञान' नहीं बांट सकते। मुख्यमंत्री ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि एक महिला मंत्री को मुंह छिपाना पड़े और एक महिला विधायक की रुलाई फूट पड़े। मुख्यमंत्री का चरित्र देखिए कि जब वह मर्यादाओं को लांघ रहे थे, तब मुस्करा भी रहे थे और सदन में कुछ पुरुष विधायकों ने ठहाके भी लगाए थे। लैंगिक अधिकारों के संदर्भ आते हैं, तो यह भारतीय राजनीति का चरित्र बार-बार उभर कर सामने आता है। नीतीश को 'सज्जन नेता' माना जाता रहा है, लेकिन अब उससे भी मोहभंग हो गया है।

## कुछ अलग

# सियासी परिदृश्य की प्रतिभा

**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के कम से कम मंडी दौरे ने यह बता दिया कि पार्टी के सामने लोकसभा चुनाव की दीवार खड़ी है। ताजी सत्ता के सामने लोकसभा चुनाव के पैमानों की सियासत तो रहेगी ही, लेकिन तख्त और ताज की परीक्षा में सरकार के ढर्रे का मूल्यांकन भी होगा। यह इसलिए भी कि कांग्रेस इस समय देश के सामने फिर युग परिवर्तन की भूमिका में आगामी चुनाव की धुरी से, विपक्षी एकता के समुद्र को लांघ रही है, जबकि वर्तमान में पांच राज्यों के चुनाव परिणाम उसका राजनीतिक स्थान, कद और परिदृश्य तय करेंगे। हिमाचल में लोकसभा चुनाव की पटकथा यूं तो मंडी व हमीरपुर में लिखी जाएगी, फिर भी कांगड़ा और शिमला संसदीय क्षेत्रों में सत्ता के दरबार और सत्ता के दरबारियों के बीच फैसला होगा। मंडी क्षेत्र में प्रतिभा सिंह को कांग्रेस के तिलक और अपने परिवार की पृष्ठभूमि में उसी संकल्प को फिर से पूरा करना है, जो पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की विरासत का संरक्षण करने का माद्दा रखता है। दूसरी ओर भाजपा की पूर्व सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की अमानत के लिए यहां चुनाव में दो-दो हाथ करने के लिए पगड़ी का सवाल है। क्या मंडी की पगड़ी पहन कर जयराम ठाकुर दिल्ली फतह करने के लिए इस सीट को सुनिश्चित करेंगे या फिल्मों में पिट कर सियासत में देश भक्ति खोज रही कंगना रणौत को भाजपा का आश्रय मिल जाएगा। फिलहाल कांग्रेस की ओर से मंडी का उम्मीदवार और भाजपा की ओर से हमीरपुर के प्रत्याशी लगभग तय हैं। मंडी के बाद हमीरपुर संसदीय सीट में इस बार राज्य बनाम केंद्र की सत्ता का मुकाबला होगा। तमाम सत्ताओं के श्रेष्ठ फलक पर विद्यमान नेताओं का अपना भविष्य हमीरपुर संसदीय सीट के भविष्य पर टिका है। यह सीट मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अलावा उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के ताज-तिलक की परीक्षा है, तो केंद्रीय मंत्री के रूप में अनुराग ठाकुर की छवि और बतौर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रभुत्व व प्रतिष्ठा का मूल्यांकन भी करेगी। जहां तक शिमला संसदीय सीट की अहमियत का सवाल है, सरकार सबसे अधिक मंत्रिमंडल में इस क्षेत्र को प्रतिनिधित्व देकर अपना दांव खेल चुकी है। शिमला सीट को जीतने का सामर्थ्य हकीकत में मंत्रिमंडल के गठन का विजय घोष होना चाहिए। यहां कई तोरणद्वार व कलगियां लगाकर सरकार ने प्रदेश को हिम्मत से बताया था कि उसके प्रभाव के सारे आंकड़े यानी पांच मंत्री इस क्षेत्र से होना अब नई सत्ता का दस्तूर है। यहां कांग्रेस का दांव अन्य सभी सीटों से भारी है। सरकार में कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट की हकीकत राजनीतिक दास्तां की तरह है। यहां मंत्रिमंडल की एकमात्र पगड़ी पहने चौधरी चंद्र कुमार के माध्यम से अन्य पिछड़ा वर्ग के सारे मत बटोरने की इच्छा सरकार को रहेगी, लेकिन मंत्रिमंडल की रिक्तियां फिलहाल, सबसे अधिक सत्ता को दस विधायक सौंपने वाले कांगड़ा जिला की सियासी मजबूरी ही साबित हुई हैं। हो सकता है सीपीएस, कैबिनेट रैंक के दो पदकों व विधानसभा अध्यक्ष के पद देने के बाद भी चुनावी परीक्षा में उतरने से पहले सत्ता को उपेक्षित कांगड़ा का महत्त्व समझ आ जाए। ऐसे में मंत्रिमंडल विस्तार के लिए लोकसभा चुनाव ने कुछ जख्म तो अब तक सहला ही दिए हैं। फिर भी चुनावी परिभाषा के अनुरूप कांगड़ा संसदीय सीट भाजपा व कांग्रेस की कमजोर कड़ी प्रतीत होती है। यहां उम्मीदवारी के लिए खाली मैदान समझ कर कुछ ऐसे लोग भी मांसपेशियां दिखा रहे हैं, जो न भाजपा की उधेड़बुन कम कर सकते हैं और न ही कांग्रेस के दीप को आंधियों से बचा सकते हैं।

## विपक्षी दलों का मार्गदर्शन करेंगे और नरेन्द्र मोदी को पराजित करने की इच्छा को साकार करेंगे

# विपक्ष का गठबंधन किस राह पर?

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

नीतीश बाबू को इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। अलबत्ता उनकी इस भागदौड़ में लालू के बेटों ने आंगन के पिछवाड़े पर कब्जा कर लिया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सारा श्रेय उन्होंने स्वयं लेना शुरू कर दिया। नीतीश बाबू का नाम ही गोल कर दिया। इंडी में पूछ प्रतीत नहीं और लालू के बेटे पीछे से घेरने लगे तो नीतीश बाबू ने बिहार विधानसभा में ही शाब्दिक अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। विधानसभा में महिला सदस्य भी बैठी थीं तो नीतीश बाबू सधे अंदाज में अभिनय के साथ संभोग की क्रियाएं समझाने लगे। नीतीश बाबू की यह मानसिक हालत अभी किसी को पता नहीं थी। लेकिन लगता है राजनीतिक स्थिति से निराश होकर वे स्वयं ही अपनी असलियत जाहिर करने लगे हैं।

**कुछ** महीने पहले विपक्ष के प्रमुख दलों ने मिल बैठ कर एक गठबन्धन बनाया था जिसका नाम उन्होंने इंडी रखा। शुरू शुरू में दो बैठकें भी कीं। मोटे तौर पर सभी दलों ने मान ही लिया कि नेतृत्व राहुल गान्धी जी का ही रहेगा। वे ही विपक्षी दलों का मार्गदर्शन करेंगे और नरेन्द्र मोदी को पराजित करने की इच्छा को साकार करेंगे। राहुल गान्धी ने भी इस नई भूमिका के लिए रिहर्सल वगैरह शुरू कर दी। एक दिन ट्रक पर चढ़ कर, ट्रक ड्राईवर का अभिनय किया। दूसरे दिन रेलवे स्टेशन पर जाकर कुली का काम किया। उसके लिए बाकायदा कुली की वर्दी भी पहनी। कुछ क्षण क्षणिक खेत में जाकर ध्यान से यह भी देखा कि पौधे कैसे उगते हैं और वहां धूप में दो तीन मिनट फसल बगैरह काटने का दृश्य भी पैदा किया। बाकी विपक्षी दल उनके ये कार्य धैर्य से देखते रहे कि कम से कम कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलांगना और मिजोरम की पांच विधानसभाओं के चुनाव में उनके लिए कुछ सीटें छोड़ देगी। लेकिन राहुल गान्धी कुली वगैरह बनने तक तो मनोरंजन करते रहे लेकिन अन्य विपक्षी दलों के लिए इन पांच राज्यों में सीटें छोडने की सीमा तक मनोरंजन करने के लिए तैयार नहीं हुए। अखिलेश यादव मध्य प्रदेश में अपने समाजवादी दल के लिए सीटें मांग रहे थे। लेकिन राहुल गान्धी पैरों पर पानी नहीं पडने दे रहे थे। इसलिए अखिलेश यादव निराश और नाराज, दोनों एक साथ ही हो गए। उन्होंने अपने प्रत्याशियों की फौज मध्य प्रदेश में उतार दी और साथ ही कांग्रेस को खरी खोटी सुना दी। यादव ने यह संकेत भी दे दिया कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस जैसी चालाक पार्टी से समझौता कैसे सम्भव है? लालू जी की मांगें तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेतीं। आम आदमी पार्टी के खास आदमी कांग्रेस से भी चालाक सिद्ध हो रहे हैं। उनको लगता था कि इन पांच राज्यों में कांग्रेस प्रतीक स्वरूप भी उसे कुछ सीटें छोड़ देगी तो वे कुछ अन्य प्रान्तों में भी एक-दो विधायकों के मालिक बन जाएंगे। लेकिन कांग्रेस ने उनकी यह ख्वाहिश पूरी नहीं की। केजरीवाल ने अपने प्रत्याशी जगह जगह खड़े कर दिए हैं। लेकिन क्या मजाल कि कांग्रेस के खिलाफ एक शब्द भी बोला हो। उसका उत्तर शायद वे पंजाब और दिल्ली में दें। यह भी हो सकता है वहां भी न दें। दरअसल केजरीवाल कांग्रेस के ढहने का इन्तजार कर रहे हैं। उनके



पास लम्बा समय है। वे जानते हैं इंडी के बावजूद कांग्रेस का महल गिरेगा ही। तब आपाधापी मचेगी। उस समय वे महल में दबे लोगों को बांह निकालने और उनका स्वागत करने को तत्पर होंगे। परन्तु उनकी एक ही समस्या है। भ्रष्टाचार के मामले उनका पीछा नहीं छोड़ते। कहा भी जाता है कई बार बचपन की गल्तियां ताउम्र तंग करती रहती हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में उनके प्रमुख साथी जेल में बन्द हैं। अनेक कोशिशों के बाद भी उनकी जमानत नहीं हो रही। सबूतों के संकेत अब केजरीवाल के घर की ओर भी आने लगे हैं। इसलिए अब वे देशभर में जनमत संग्रह करवाएंगे कि क्या जेल से ही केजरीवाल को मंत्रिमंडल चलाते रहना चाहिए या फिर उन्हें जेल जाने पर इस्तीफा देना चाहिए? वैसे मनीष सिसोदिया ने भी कई महीने पहले जेल जाने पर दिल्ली के स्कूली छात्रों से अपील की थी कि वे मेरी गैरहाजिरी में इधर उधर मत घूमें, अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें। उनको लगता था कि उनके डर से ही देश के छात्र पढ़ते हैं। उनके जेल जाने पर वे आवारा हो जाएंगे। यही बात केजरीवाल बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। उनको भी लगता है कि उनके जेल जाने से दिल्ली रसातल को चली जाएगी। इसलिए वे जेल से ही सरकार चलाने का जनमत लेना चाहते हैं। कांग्रेस इस जनमत पर आंख लगाए बैठी है। उनको अपने नैशनल हैराल्ड वाले केस का डर खाए जा रहा है, जिसमें मां-बेटा दोनों ही जमानत पर हैं। इंडी गठबन्धन के बाकी दल स्पष्ट हैं। उन्होंने इसका खुलासा भी कर दिया है। सीताराम येचुरी सीपीएम के बड़े नेता हैं। उन्होंने कोलकाता में स्पष्ट कर दिया कि इंडी की प्राणवायु ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के साथ पश्चिमी बंगाल में कोई समझौता नहीं होगा। उसके साथ बंगाल को छोड़ कर अन्य स्थानों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर समझौता होगा। तृणमूल कांग्रेस के लोग हैरान हैं कि पार्टी तो बंगाल की है। सीपीएम बंगाल में समझौता करेगी नहीं तो क्या तृणमूल के साथ पंजाब में सीटों का बंटवारा किया जाएगा। नीतीश बाबू शुरू में ही समझ गए थे कि क्या खेला हो रहा है। भागदौड़ करके विरोधी दलों का सम्मेलन उन्होंने पटना में बुलाया था। सोचा था, उन्हें इसका संयोजक बना दिया जाएगा तो थोड़ा देश भर में घूम कर अपना ईमेज बना लेंगे कि प्रधानमंत्री बनने लायक माल है। जेडीयू के कुछ 'नन्हां मुन्ना राही हूं, देश का सिपाही हूं' टाईप गीत गाने भी शुरू कर दिए थे। देश का सिपाही थोड़ा मैडल वगैरह लगा कर 'प्रधानमंत्री का पद यदि देश की जनता देगी तो मैं पीछे नहीं हटूंगा' जैसे जुमले भी याद करने लगा था। लेकिन कांग्रेस के मां-बेटे ने बेंगलुरु में सारा गुड़-गोबर कर दिया। उनके शो को हाईजैक कर, अपना बोर्ड लगा लिया। इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में नीतीश बाबू के जेडीयू को भी घास नहीं डाली। नीतीश बाबू को भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी मैदान में उतारने पड़े। लेकिन चुनाव के नतीजे तो आते रहेंगे। नीतीश बाबू को इससे कोई फर्क नहीं पडने वाला। अलबत्ता उनकी इस भागदौड़ में लालू के बेटों ने आंगन के पिछवाड़े पर कब्जा कर लिया। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सारा श्रेय उन्होंने स्वयं लेना शुरू कर दिया। नीतीश बाबू का नाम ही गोल कर दिया। इंडी में पूछ प्रतीत नहीं और लालू के बेटे पीछे से घेरने लगे तो नीतीश बाबू ने बिहार विधानसभा में ही शाब्दिक अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दीं। विधानसभा में महिला सदस्य भी बैठी थीं तो नीतीश बाबू सधे अंदाज में अभिनय के साथ संभोग की क्रियाएं समझाने लगे। नीतीश बाबू की यह मानसिक हालत अभी किसी को पता नहीं थी। लेकिन लगता है राजनीतिक स्थिति से निराश होकर वे स्वयं ही अपनी असलियत जाहिर करने लगे हैं। लेकिन ताज्जुब है कि उनके इंडी के दूसरे भागीदारों ने न तो नीतीश बाबू की इस हरकत पर क्षोभ व्यक्त किया और यदि वे मानते हैं कि नीतीश बाबू मानसिक निराशा में ऐसा कर रहे हैं, तो कम से कम वे इस पर दुख ही प्रकट करते। इंडी का यह बड़ा अभियान इस हालत तक पहुंच जाएगा, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। इस तरह विपक्षी गठबंधन इंडिया में फूट अभी से जाहिर हो रही है।

# खेल सामग्री खरीद में कुछ तो ईमानदारी हो

खेल सामग्री की दुकानदारी अब खेलों से जुड़े लोग भी कर रहे हैं, मगर वो भी खेलों के साथ वफा नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा भी इस नकली खेल सामान धंधे के माध्यम से खेल व खिलाड़ियों का काफी नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व को अचंभित कर रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है।

**विद्यालयों** व महाविद्यालयों सहित सभी प्रकार के शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपये का खेल सामान खरीदा जाता है, मगर इस खेल सामान को उपयोग में लाती बार खिलाडियों को बहुत मायूस होना पड़ता है। क्योंकि यह खेल सामान बहुत ही नकली होता है और यह नाम का खेल सामान खिलाडियों को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाता है। खेल सामग्री की दुकानदारी अब खेलों से जुड़े लोग भी कर रहे हैं, मगर वो भी खेलों के साथ वफा नहीं कर रहे हैं। उनके द्वारा भी इस नकली खेल सामान धंधे के माध्यम से खेल व खिलाडियों का काफी नुकसान हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व को अचंभित कर रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इनसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। इस कॉलम के माध्यम से पहले भी इस विषय पर लिखा जा चुका है, मगर सरकार खेलों के मामले में सोई हुई है। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट व मुक्केबाजी रिंग इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल में ही कबाड़ हो चुके हैं। लाखों रुपये का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। इस खेल सामान को खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो, और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं, वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल-खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है, उस खेल का



प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया। अच्छी प्रशिक्षण सुविधा के अभाव में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी समय से पहले ही खेल को अलविदा कह जाते हैं और जिनके पास धन व साधन हैं वे अच्छे प्रशिक्षण के लिए हिमाचल प्रदेश से पलायन कर जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम प्रशिक्षण केन्द्र हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी बनने के लिए स्कूल व कालेज समय में खिलाड़ी को अच्छी खेल सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। पूरे संसार में जहां के खिलाड़ी श्रेष्ठ हैं वहां पर स्कूल व कालेज स्तर पर बहुत ही उत्तम खेल सुविधाएं मुहैया हैं। इस स्तर पर अगर हिमाचल प्रदेश में घटिया खेल सामान न खरीद कर उच्च क्वालिटी का खेल सामान खरीदा होगा तो स्तरीय खेल सुविधा होगी तो जहां जो खिलाड़ी प्रशिक्षण सुविधाओं के अभाव में खेल छोड़ देते हैं वे अपने घर में रह कर खेल जारी रख सकते हैं। खेल सुविधाओं के लिए पलायन करने वालों को भी जब अपने ही राज्य में रह कर अपना प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के लिए सुविधा मिलेगी तो वह फिर क्यों अपना प्रदेश छोड़ेंगे। क्या हिमाचल प्रदेश सरकार इसे गम्भीरता से लेगी। अब भी समय है शिक्षा निदेशालय हो या कोई भी संस्थान, अब हिमाचल प्रदेश में उचित मूल्य चुका कर घटिया किस्म का खेल सामान खरीद कर करोड़ों रुपये की बंदरबांट को बंद करके असली खेल सामान खरीद कर हिमाचल प्रदेश के खिलाडियों का भला करना होगा।

## देश दुनीया से

# चरित्र हनन का शक्तिशाली औजार भी बन रही है तकनीक, सतर्कता जरूरी

**पुष्पा** जैसी सफल फिल्म से प्रसिद्ध हुईं अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों एक वायरल वीडियो के कारण चर्चा में हैं। डीपफेक तकनीक के जरिये तैयार किए गए इस वीडियो में नजर आ रही एक महिला को रश्मिका मंदाना की तरह दिखाने की कोशिश की गई। अमिताभ बच्चन ने इस वीडियो का संदर्भ देते हुए एक्स पर लिखा कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना साझा न की जाए। कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आगमन से पत्रकारिता उद्योग में उम्मीदें बढ़ी थीं। उम्मीद यह भी जताई जा रही थी कि कृत्रिम मेधा से फेक न्यूज और गलत सूचना के प्रसार को रोकने का एक प्रभावी तरीका मिल जाएगा। पर व्यवहार में इसका उल्टा ही हो रहा है। एक तरफ प्रौद्योगिकी ने आर्थिक और सामाजिक विकास किया है, तो दूसरी ओर फेक न्यज में काफी वृद्धि हुई है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने और चरित्र हनन करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। डीपफेक में कृत्रिम मेधा एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित किए जा रहे हैं, जो देखने में वास्तविक लगते हैं। डीपफेक एक अलग तरह की समस्या है, जिसमें वीडियो सही होता है, पर तकनीक से चेहरा, वातावरण या असली ऑडियो बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीपफेक वीडियो देख रहा है। डीपफेक बेहद पेचीदा तकनीक है। इसके लिए मशीन लर्निंग यानी कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए। डीपफेक कंटेंट दो एल्गोरिदम का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जो एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करता है। एक को डिकोडर कहते हैं, तो दूसरे को एनकोडर। इसमें वह फेक डिजिटल कंटेंट बनाता है और डिकोडर से यह पता लगाने के लिए कहता है कि कंटेंट असली है या नकली। हर बार डिकोडर कंटेंट को असली या नकली के रूप में सही ढंग से पहचानता है, फिर वह उस जानकारी को एनकोडर को भेज देता है, ताकि अगले डीपफेक में गलतियां सुधार कर उसे और बेहतर किया जा सके। एक बार ऐसे वीडियो जब किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ जाते हैं, तो उनकी प्रसार गति बहुत तेज हो जाती है। इंटरनेट पर ऐसे करोड़ों डीपफेक वीडियो मौजूद हैं। इस तकनीक की शुरुआत अश्लील कंटेंट बनाने से हुई। पोर्नोग्राफी में इस तकनीक का काफी इस्तेमाल होता है। अभिनेता और अभिनेत्री का चेहरा बदलकर अश्लील कंटेंट पोर्न साइट्स पर पोस्ट किया जाता है। डीपट्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 में ऑनलाइन पाए गए डीपफेक वीडियो में 96 फीसदी अश्लील कंटेंट था। इस तकनीक का इस्तेमाल मनोरंजन के लिए भी किया जाता है। डीपफेक कंटेंट की पहचान करने के लिए कुछ खास चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। उनमें सबसे पहली है चेहरे की स्थिति। अक्सर डीपफेक तकनीक चेहरे और आंख की स्थिति में मात खा जाती है। देश में डिजिटल साक्षरता कम होने के कारण डीपफेक वीडियो समस्या को और गंभीर बनाते हैं। हालांकि ऐसे वीडियो को पकड़ना आसान भी हो सकता है, क्योंकि ये इंटरनेट पर मौजूद असली वीडियो से ही बनाए जा सकते हैं। पर इसके लिए जिस धैर्य की जरुरत है, वह व्हाट्सऐप मैसेज फॉरवर्ड करते रहने वाले भारतीयों में नहीं दिखती। ए सी नेल्सन की हालिया 'इंडिया इंटरनेट रिपोर्ट, 2023' के आंकड़े के मुताबिक, ग्रामीण भारत में 42.5 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जो शहरी भारत की तुलना में 44 फीसदी अधिक हैं।

लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अड़चन पैदा करने और चरित्र हनन करने में इंटरनेट एक शक्तिशाली औजार के रूप में उभरा है। डीपफेक में कृत्रिम मेधा एवं आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल के जरिये किसी वीडियो क्लिप या फोटो पर किसी और व्यक्ति का चेहरा लगाने का चलन तेजी से बढ़ा है। इसके जरिये कृत्रिम तरीके से ऐसे क्लिप या फोटो विकसित किए जा रहे हैं, जो देखने में वास्तविक लगते हैं। डीपफेक एक अलग तरह की समस्या है, जिसमें वीडियो सही होता है, पर तकनीक से चेहरा, वातावरण या असली ऑडियो बदल दिया जाता है और देखने वाले को इसका पता नहीं लगता कि वह डीपफेक वीडियो देख रहा है। डीपफेक बेहद पेचीदा तकनीक है। इसके लिए मशीन लर्निंग यानी कंप्यूटर में दक्षता होनी चाहिए।

## दृष्टिकोण

# रामलाल प्याज नहीं लाया है

**मैं** अपने ऑफिस में जाकर सीट पर बैठा ही था कि रामलाल आ गया। उसे देखते ही मेरा दिमाग खराब हो गया। उसने आकर विनम्रता से हाथ जोड़े और खड़ा रहा। मैं संयत और शांत स्वर में बोला- 'भाई रामलाल, तुम्हारी फाइल मैंने हर जगह ढूंढ ली, लेकिन मिल नहीं रही। तुम्हीं बताओ अब कैसे- क्या करें?' रामलाल बोला -' सर, फाइल थी तो आप ही की कस्टडी में, फाइल जायेगी कहां?' मैंने कहा -'मैं तुमसे सत्य कह रहा हूं भाई, फाइल गुम हो गई है। देखो किसी गलत सेक्शन में चली गई तो वापस आ जायेगी। तुम थोड़ा धैर्य रखो। तुम जानते हो, मैं एकदम साफ-सुथरा आदमी हूं। मुझे तुमसे कुछ लेना-देना है नहीं। मैं तो खुद चाहता हूं कि तुम्हारा लोन टाइमली पास हो जाये तो तुम्हारा बेकार में वक्त खराब न हो।' वह बोला-'सर पांच महीने से चक्कर लगा रहा हूं। मेरी सारी खेती-बाड़ी खराब हो गई है। लोन मिल जाये तो फसलों को पानी मिल जाये।' तभी मेरे साथ बैठा वर्मा बोला- 'भाई रामलाल, तुम्हारे खेती-बाड़ी में किसकी पैदावार होती है?' वह बोला-'सर, मेरे तो साल भर खाने का गेहूं-बाजरा पैदा होता है।' वर्मा बोला-'भाई घर के लिए प्याज तो पैदा करते ही होंगे। एक बोरी प्याज लाकर दे दो तो फाइल ढूंढने की गारंटी मेरी है।' रामलाल बोला-'मेरे घर में कोई प्याज खाता नहीं, इसलिए हम प्याज बोते ही नहीं। यदि प्याज पैदा होता तो मैं वर्मा साहब आपको एक की एवज में दो बोरी प्याज लाकर देता।' वर्मा बोला -'भाई देख लो, कैसे भी करो प्याज लाकर दे दो तो फाइल मैं ढूंढूंगा और एक सप्ताह में लोन का चैक भी तुम्हें मिल जायेगा।' मुझे वर्मा पर बड़ा गुस्सा आया कि वह कैसी बातें कर रहा है। अपने साथ-साथ मुझे भी बदनाम कर रहा है। मैं बोला-'सुनो वर्मा, रामलाल को परेशान करने की जरूरत नहीं है। यदि फाइल तुम्हारी नजर में हो तो लाकर दो। मैं इसका काम निबटा दूं।' मेरी बात पर वर्मा कुटिलता से हंसने लगा। उल्टा वह मुझसे बोला-'शर्मा जी, आप क्यों परेशान हैं। मेरी और रामलाल की बात हो रही है। ज्यादा ही ईमानदार बनते हो तो कर दो उसका काम।' मुझे गुस्सा हा गया, मैं लपककर अपने अफसर के पास गया। सारा किस्सा सुनाया तो वह बोला-'यार शर्मा, वर्मा ठीक ही तो कह रहा है। प्याज मंगाओ तो एक बोरी मेरी भी शामिल कर लेना।' 'सर, न तो मुझे प्याज की रिश्वत खानी और न मेरे पास फाइल, आप वर्मा से सीधे बात कर लो।' मैंने कहा तो अफसर बोला- 'तुम जाओ भाई, वर्मा को मेरे पास भेजो। वर्मा काम का आदमी है। तुम्हारे बस की बात है नहीं।' मैं वापस आ गया और वर्मा से बोला कि जाओ साब बुला रहे हैं। वर्मा खुश हो गया। वह लपककर भागा और लौटकर आया तो रामलाल से बोला-'रामलाल, शर्मा जी को छोड़ो। अब तुम मुझसे बात करो। प्याज की बोरी एक नहीं दो लाओ। तुम्हारा काम तो और आसान हो गया। साहब भी प्याज में ही सलट रहे हैं।' रामलाल बोला-'लेकिन प्याज तो बहुत महंगा है। मैं कहां से लाऊंगा।' वर्मा बोला-'मैं तुम्हारी खोई हुई फाइल भी तो लाऊंगा। वैसे ही प्याज ले आओ। अब ज्यादा सिर मत खाओ। इधर प्याज लाओ और उधर अपना चैक ले जाओ।'



# अब जागा कनाडा, बढ़ाई एयरपोर्ट की सुरक्षा

**टोरंटो।**

खालिस्तानी गुरवतवंत पन्नू की धमकी के बाद कनाडा सरकार जागी और उसने एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। वैसे कनाडा इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देता है। लेकिन इस बार उसने खालिस्तान समर्थक गुरवतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया था और कनाडाई अधिकारियों के सामने यह मुद्दा उठाया था।

अब कनाडा ने भारत को बताया है कि पन्नू की धमकी को बेहद गंभीरता से लिया गया है और एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कनाडा के मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे उड्डयन विभाग ने इस धमकी पर गंभीरता से विचार किया है और सिक्योरिटी पार्टनर्स के साथ बात करके एयरपोर्ट और विमानों की सुरक्षा में इजाफा किया गया है इसी बीच टोरंटो स्टार ने रिपोर्ट किया है कि रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस को इस धमकी की जांच करने का आदेश दिया गया है। आरसीएमपी ने सभी धमकियों सेबहुद गंभीरता से लिया है। ओटावा में भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने भी कहा है गुरपतवंत सिंह पन्नू ने गंभीर अपराध किया है और उसे सजा मिलनी कनाडा सरकार को गंभीरता से विचार करके ऐक्शन लेना चाहिए।

खालिस्तानी सिख फॉर जस्टिस चीफ पन्नू का कहना है कि उसने कोई धमकी नहीं दी है और ना ही उसके वीडियो में हिंसा की कोई बात कही गई। उसने कहा, आरसीएमपी को आतंकी धमकियों की जांच करने का पूरा अधिकार है। उसने कहा कि एयर इंडिया को बायकॉट करने के लिए कहा गया था ताकि भारत पर असर पड़े। अगर यह आतंक है तो एजेंसियों को जांच करने दिया जाए। सब सामने आ जाएगा। बता दें कि कनाडा के टोरंटो और वैनकूवर एयरपोर्ट्स से नई दिल्ली के लिए एयर इंडिया के विमानों का संचालन होता है।

गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो जारी करके 19 नवंबर को एयर इंडिया के विमान को उड़ाने की धमकी दी थी। पन्नू ने कहा था कि कोई भी सिख 19 नवंबर को एयर इंडिया के फ्लाइट से सफर ना करे। उस दिन वैश्विक नाकेबंदी की जाएगी और विमान को नहीं चलने दिया जाएगा। उसने कहा था कि एयर इंडिया के विमान में सफर करने से उनकी जान को खतरा है। उसने कहा था कि 19 नवंबर को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को भी बंद किया जाएगा। हालांकि इससे कनाडा में एयर इंडिया के विमान को पहले भी निशाना बनाया जा चुका है। इसलिए इस धमकी को बेहद गंभीरता से लिया गया है। 23 जून 1985 को एयर इंडिया फ्लाइट 182 में बम विस्फोट हुआ था। इसके बाद 329 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से ही कनाडा और भारत के संबंधों में खटास आनी शुरू हो गई थी। इस विमान ने मॉन्ट्रियल शहर से उढ़ान भरी थी। यह पहले लंदन जाने वाला था और वहां से दिल्ली होकर मुंबई पहुंचने वाला था। इसका नाम सम्राट कनिष्क था। हालाकि आयरलैंड हवाई क्षेत्र में ही इसे बम से उड़ा दिया गया। इसमें सवार 22 हवाई यात्री भारत के थे। वहीं 280 लोग भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

## न्यूज ब्रीफ

### हवाई यात्रा करना हो जाएगा अब आसान, महिला को मिला प्लेन की सीट पर खुफिया बटन



**फ्लोरिडा ।** हवाईजहाज में सफर के दौरान बैठे-बैठे इंसान को हिलने-डुलने में भी समस्या पैदा होती है। ऐसे में अगर कोई ट्रैवल हैक पता लग जाए तो लोगों की यात्रा आसान हो जाती है। हाल ही में एक महिला ने एक ट्रैवल हैक के बारे में बताया जिसने उसकी यात्रा को काफी सुविधा जनक और आसान बना दिया। दरअसल, उसे प्लेन की सीट पर एक खुफिया बटन मिला, जिसे दबाते ही यात्रियों के लिए प्लेन में यात्रा करना आसान होगा। सोफी फॉस्टर ने हाल ही में लोगों को प्लेन की सीट पर मौजूद एक खुफिया बटन के बारे में जानकारी दी। सोफी हाल ही में ब्रिटिश एयरवेज से सर्बिया के बेलग्रेड की यात्रा कर रही थीं। वो एक बिजनेस क्लास सीट में थीं, इस वजह से उन्हें इकोनॉमी क्लास की भीड़भाड़ से बचने का मौका मिल गया था। उन्होंने बताया कि उनके ट्रे टेबल पर खाने की काफी चीजें थीं और उन्हें अपनी सीट से उठकर वॉशरूम जाना था। वो उठ नहीं पा रही थीं। तब उन्हें एक एयरहोस्टेस के हैक के बारे में याद आया जिसने बताया था कि कैसे सीट में स्पेस बढ़ा सकते हैं। कुछ वक्त पहले वर्जिन ऑस्ट्रेलिया के एक कैबिन क्रू मेंबर ने प्लेन की सीट पर एक खुफिया बटन के बारे में बताया था। सोफी ने कहा कि आयल सीटों के आर्मरेस्ट के ठीक नीचे एक बटन होता है। उस बटन को दबाने के बाद आर्म रेस्ट पूरी तरह ऊपर उठ जाता है जिससे अगर ट्रे टेबल खुला रहे, तो भी यात्री आसानी से सीटों को पार करते हुए निकल जाता है। कई लोगों को लगता है कि आर्म रेस्ट फिक्स होता है। इसे हटाया नहीं जा सकता। पर सच तो ये है कि उसे भी आसानी से हटाया जा सकता है। सोफी ने बताया कि ये ट्रिक कमाल की है क्योंकि इस बटन को दबाकर भी कोई आसानी से सीट से उठ सकता है। जब ट्रे टेबल खुला रहे और उसे बंद ना किया जा सके, तब अपनी सीट से उठने में इस बटन को दबाकर आर्म रेस्ट को हटाया जा सकता है जिससे इतनी जगह बन जाती है कि खुले ट्रे टेबल के बीच भी आसानी से उठा जा सके। मालूम हो कि हवाईजहाज पर जो लोग बैठे होंगे, वो ये जानते होंगे कि हवा में उड़ना, बादलों को देखना भले ही अच्छा अनुभव हो, पर सच तो ये है कि प्लेन की सीटें इतनी आराम वाली नहीं होती हैं कि लोग लंबी दूरी की यात्राओं को आसानी से कर लें।

### भारतीय मूल के तरुण गुलाटी बन सकते हैं लंदन के अगले मेयर, पाकिस्तानी मूल के सादिक खान से है मुकाबला



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतीय मूल के हैं और अब लंदन को मेयर भी भारतीय मूल का मिल सकता है। दरअसल लंदन के बिजनेसमैन तरुण गुलाटी ने मई 2024 के मेयर चुनाव के लिए दावेदारी पेश कर दी है। तरुण गुलाटी ने उम्मीद जताई है कि वह लंदन के भारतीय मूल के पहले मेयर बन सकते हैं। तरुण गुलाटी (63 वर्षीय) बीते महीने अपनी जन्मभूमि भारत में थे और यहीं से उन्होंने मेयर पद की दावेदारी का एलान किया था। तरुण गुलाटी ने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि लंदन दुनिया का शीर्ष वैश्विक शहर बना रहे और लोग यहां सुरक्षित और सशक्त महसूस करें और यहां प्रगति के अवसर मौजूद रहें। तरुण गुलाटी ने कहा कि लंदन में निम्न और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए बहुत कुछ किए जाने की जरूरत है। गुलाटी ने उम्मीद जतायी कि वह जो विचार पेश करेंगे, उसे मतदाता पसंद करेंगे। बता दें कि तरुण गुलाटी का सामना पाकिस्तानी मूल के मौजूदा मेयर सादिक खान से होगा। तरुण गुलाटी ने कहा कि बतौर लंदन मेयर वह कोशिश करेंगे कि विभिन्न देशों के लोग जो लंदन में रह रहे हैं, उनके बीच एकजुटता हो और लोगों का लोगों से संबंध हो। साथ ही सस्ती मकान मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता होगा। गुलाटी बतौर निर्दलीय चुनाव में उतरने की योजना बना रहे हैं। वहीं लेबर पार्टी से सादिक खान और कंजर्वेटिव पार्टी से सुजैन हिल दावेदारी पेश करेंगी। सुजैन हिल अगर चुनाव जीत जाती हैं तो वह लंदन की पहली महिला मेयर होंगी।

### दुनिया में नफरत की कोई जगह नहीं, हमास-इजराइल युद्ध के बाद बढ़ते तनाव पर बोले डेनिस फ्रांसिस

**संयुक्त राष्ट/जिनेवा ।** संयुक्त राष्ट महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने हिंसा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण हिंसा को बढ़ावा देते हैं। इससे संघर्षों को हल नहीं किया जा सकता है। साथ ही इस बात भी जोर दिया कि दुनिया में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। डेनिस ने पिछले महीने हमास के इजराइल पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में ताजा संघर्ष की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा, सात अक्तूबर के बाद से दुनिया ने नफरत फैलाने वाले भाषण और हिंसा अपराधों में तेजी से वृद्धि देखी है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा, मेरा एक स्पष्ट संदेश है कि नफरत की हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। उन्होंने इस दौरान भेदभाव की भी निंदा की।

# पाक की धमकी पर अफगानिस्तान ने दी ये बड़ी चेतावनी! कहा- अपने गिरेबां में झांको




**काबुल।**

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में कहा है कि अगर वह अपने पड़ोसी मुल्क से अच्छे संबंध रखना चाहता है, तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क को भी संयम बरतना होगा। तहरीक-ए-तालिबान के नाम पर अफगानिस्तान को धमकी देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान को धमकी देते हुए कहा था कि वह या तो तहरीक-ए-तालिबान से नाता रखे या फिर पाकिस्तान से। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री का जवाब देते हुए अफगानिस्तान की सरकार ने जमकर पाकिस्तान को खरी खोटी सुनाई। अफगानिस्तान की ओर से पाकिस्तान को भेजी गई चिट्ठी में इसका उल्लेख भी है। अमर उजाला के पास अफगानिस्तान की सरकार की ओर से पाकिस्तान को भेजी गई चिट्ठी मौजूद है। दरअसल पाकिस्तान का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान से जुड़े हुए लोग पाकिस्तान में लगातार हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को मिली जानकारी के मुताबिक यह हमले अफगानिस्तान की ओर से आने वाले टीटीपी के लोग कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने एक जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब तक अफगानिस्तान में शरण ले रहे इन लोगों की वजह से सैनिकों और आम लोगों की लगातार मौतें हो रहीं हैं। इस पूरे मामले में पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान को निशाने पर लेते हुए अपनी ओर से दी जाने वाली मदद को रोकने और अन्य तमाम तरह की धमकियां देकर अफगानिस्तान को दबाने की कोशिश की। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को लिखा पढ़ी में आपत्ति भी दर्ज कराई। खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जो आपत्ति पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को लिखकर दर्ज कराई, न सिर्फ उसकी भाषा शैली अफगानिस्तान को चुभ गई बल्कि कई झूठे आरोप भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर लगाने शुरू कर दिए। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान ने जो चिट्ठी लिखी, उसमें अफगानिस्तान को दी जाने वाली पाकिस्तान की ओर से मदद को बंद करने का भी धमकी दी गई। इससे नाराज होकर अफगानिस्तान ने बाकायदा पाकिस्तान को आड़े हाथों ले लिया। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के अनर्गल आरोपों के बाद खुद की आंतरिक सुरक्षा में मजबूती लाने की सलाह दी और दूसरे देश पर आरोप न मढ़ने की हिदायत भी दी है। अफगानिस्तान की सरकार की ओर से पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में कहा गया है कि वह अपने गिरेबान में झांके और पड़ोसी देश के साथ बेहतर रिश्ते रखें तो ज्यादा अच्छा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अफगानिस्तान की ओर से पाकिस्तान को भेजी गई इस सख्त चिट्ठी की उम्मीद पाकिस्तान की सरकार को बिल्कुल नहीं थी। रक्षा मामलों के जानकार मेजर जतिन गौरांग कहते हैं कि बीते कुछ दिनों में जिस तरीके से अफगानिस्तान ने दुनिया के अलग-अलग मुल्कों में अपनी पहचान बनानी शुरू की है, उससे उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि मजबूत हो रही है। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि पाकिस्तान दरअसल अफगानिस्तान पर इसलिए बौखलाया है क्योंकि उसका हस्तक्षेप अब सीधे तौर पर अफगानिस्तान में उतना नहीं रह गया है। हालांकि अभी भी पाकिस्तान का दखल अफगानिस्तान में है। लेकिन जिस उम्मीद के साथ अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार बनी थी, उससे पाकिस्तान को उम्मीदें कई गुना ज्यादा थीं। लेकिन पाकिस्तान की छिपी हुई नापाक उम्मीदों को अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने न सिर्फ वक्त रहते भांप लिया, बल्कि उनकी ओर से लगातार दी जाने वाली ऐसी धमकियों से रिश्ते और खराब होने लगे। यही वजह है कि अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की ओर से लगाए जाने वाले बेबुनियाद आरोपों पर कड़ा संज्ञान लिया और एक लंबी चौड़ी चिट्ठी पाकिस्तान की सरकार को लिख भेजी। इस चिट्ठी का मजमून यही है कि अब अगर पाकिस्तान अफगानिस्तान से बेहतर रिश्ते चाहता है, तो उसे न सिर्फ संयम रखना होगा बल्कि बेवजह की धमकियों से बाज आना होगा। अफगानिस्तान की सरकार की ओर से पाकिस्तान को जो चिट्ठी लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि पाकिस्तान को तहरीक-ए-तालिबान के तालिबान के नाम पर अफगानिस्तान को धमकी नहीं दी जानी चाहिए। दरअसल रक्षा मामलों से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि जिन टीटीपी के लोगों से पाकिस्तान परेशान है, दरअसल उन्हें पाल-पोस कर तो पाकिस्तान ने ही बड़ा किया है। रक्षा मामलों के जानकार कर्नल अशोक चतुर्वेदी कहते हैं कि अब जब टीटीपी लगातार पाकिस्तान पर हमलावर है, तो पाकिस्तान अपना बचाव करने की बजाय दूसरे देशों पर खासतौर से अफगानिस्तान पर आरोप मढ़ रहा है। बीते कुछ समय से अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच में रिश्ते बदतर होते जा रहे हैं। इसके पीछे असली वजह यही बताई जा रही है कि पाकिस्तान का अफगानिस्तान की सरकार में मनमुताबिक हस्तक्षेप न होना है। खुफिया एजेंसियों से ताल्लुक रखने रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी अनुरूप बैनर्जी कहते हैं कि पाकिस्तान की नियत अफगानिस्तान को लेकर कभी भी बहुत साफ नहीं थी। जब अफगानिस्तान में तालिबानियों की नई सरकार बनी, तो पाकिस्तान की पूरी सियासी और खुफिया एजेंसी काबुल में डेरा डालने पहुंच गई थी।

# इजरायल ने गाजा के कई अस्पतालों को बनाया निशाना, मानवीय युद्धविराम के बीच हमास पर हमले जारी



**जेरूसलम।**

इजरायल ने गाजा के कई अस्पतालों को अपना निशाना बनाया। साथ ही इजरायली सेना गाजा के घने शहरी इलाके में घुस चुकी है, जिस वजह से हमास को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। इजरायली हमले के बीच बड़े पैमाने पर लोगों ने दक्षिणी हिस्से की ओर रुख किया। बताया कि इजरायल ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकी अस्पतालों में छिपे हुए हैं, जिस वजह से अस्पतालों पर हमले किए जा रहे हैं। इजरायल ने कहा कि आतंकियों ने शिफा अस्पताल परिसर को अपना मुख्य कमांड सेंटर बना लिया है। बता दें कि शिफा अस्पताल गाजा का सबसे बड़ा अस्पताल है और इसके आस-पास काफी संख्या में लोगों का बसेरा है। इसलिए माना जा रहा है कि हमास ने इस इलाके में अपना ठिकाना बनाया है। बताया गया कि इजरायली सेना अस्पताल से तीन किलोमीटर की दूरी पर आ चुकी है। आतंकी संगठन हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय के प्रमुख सलामा मारौफ ने बताया कि इजरायल ने शिफा प्रांगण और प्रसूति विभाग को निशाना बनाया। उन्होंने इस घटना से जुड़े एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें चीख-पुकार सुना जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। इसी बीच, व्हाइट हाउस ने कहा कि गाजा में चार घंटे मानवीय युद्ध विराम लागू होने से काफी संख्या में लोगों ने दक्षिण की तरफ पलायन किया है। साथ ही लोगों के लिए दूसरा रास्ता खोलने पर भी सहमति बनी। हालांकि, फलस्तीनी क्षेत्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ फ्रांसेस्का अल्बानीज ने इस विराम की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये विराम वैसा ही है, जैसे किसी युद्ध क्षेत्र में कुछ पलों के लिए सांस लेने के लिए छूट मिली हो। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने किसी समझौते की बात को खारिज करते हुए कहा कि हमास के खिलाफ लड़ाई जारी है, लेकिन एक निश्चित अवधि के लिए हमले रुके हैं, ताकि वहां से नागरिकों को सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम गाजा के लोगों को एक सुरक्षित रास्ता देना चाहते हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली हमले में अब तक 10,800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस आंकड़े को झूठा बताया है।

# 10 भारतीय-अमेरिकियों ने राज्य और स्थानीय चुनावों में जीत हासिल की



**वाशिंगटन ।**

अमेरिका में रह रहे 10 भारतीय-अमेरिकियों ने स्थानीय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए स्थानीय व राज्य स्तर के चुनावों में यह जीत मिली है। इनमें से ज्यादातर भारतवंशी डेमोक्रेट पार्टी से संबंधित हैं। यह जीत अमेरिका की राजनीति में भारतीय समुदाय के बढ़ते दबदबे को दर्शाती है। जानकारी के अनुसार सुहास सुब्रमण्यम भी वर्जीनिया की सीनेट के लिए फिर से चुने गए हैं। वह दो बार 2019 और 2021 में हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए निर्वाचित हुए थे। ह्यूस्टन में जन्मे सुब्रमण्यम पूर्ववर्ती ओबामा प्रशासन के दौरान व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी नीति सलाहकार रहे थे। इसी तरह व्यापार क्षेत्र के दिग्गज कन्नन श्रीनिवासन भारतीय-अमेरिकियों के प्रभुत्व वाले लाउडन काउंटी क्षेत्र से वर्जीनिया हाउस ऑफ डेलीगेट्स के लिए चुने गए हैं। वहीं, न्यू जर्सी से भी तीन भारतीय-अमेरिकियों ने जीत हासिल की है। न्यू जर्सी में भारतीय-अमेरिकी विन गोपाल और राज मुखर्जी राज्य सीनेट के लिए चुने गए हैं। इनके अलावा बलवीर सिंह न्यू जर्सी के बर्लिंगटन काउंटी बोर्ड ऑफ काउंटी कमिश्नर में फिर से निर्वाचित हुए हैं।


मिली जानकारी के अनुसार पेनसिल्वेनिया में नील मुखर्जी (डेमोक्रेट) ने मोंटोगोमेरी काउंटी कमिश्नर, जबकि इंडियाना में भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक डॉ. अनिता जोशी ने कार्मेल सिटी काउंसिल सीट की वेस्ट डिस्ट्रिक्ट सीट पर जीत हासिल की है। जबकि गैर-लाभकारी लैंड बैंक के सीईओ अरुणन अरुलमपालम को कनेक्टिकट में हार्टफोर्ड के मेयर के रूप में चुना गया है। अरुणन जिम्बाब्वे से अमेरिका आए थे। चुनावों में जीत हासिल करने के बाद सभी 10 भारतीय-अमेरिकियों ने अपने क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए काम करने की बात कही है।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में सुनवाई एक बार फिर टली, 14 नवंबर तक कार्यवाही स्थगित

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान की एक विशेष अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ सिफर मामले में किसी सुनवाई बिना आगे की कार्यवाही को 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन की अध्यक्षता वाली विशेष अदालत ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में मुकदमे की सुनवाई की। इमरान खान 26 सितंबर से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्हें जिला जेल अटक से यहां स्थानांतरित किया गया था। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, अदियाला जेल में सिफर मामले की सुनवाई बिना किसी कार्यवाही के मंगलवार 14 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई। पिछले साल मार्च में वाशिंगटन में देश के दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) का खुलासा करने के लिए उनके खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के बाद 71 वर्षीय खान को इस साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था।

### खान और कुरैशी को 23 अक्टूबर को ठहराया गया दोषी



खान के खिलाफ मुकदमा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत चलाया जा रहा है और अदालत ने आखिरी सुनवाई के दिन 7 नवंबर को गवाहों के बयान दर्ज किए। यह स्पष्ट नहीं है कि 10 में से कितने गवाहों ने अपना बयान दर्ज कराया है। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगी पूर्व विदेश मंत्री 67 वर्षीय शाह महमूद कुरैशी को 23 अक्टूबर को एक राजनयिक केबल को लीक करने और देश के गोपनीयता कानूनों का उल्लंघन करने के लिए दोषी ठहराया गया था।

संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने मार्च 2022 में देश के वाशिंगटन दूतावास द्वारा भेजे गए दस्तावेज के मामले में सह-आरोपी खान और कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया। 31 अक्टूबर को विशेष अदालत ने 10 गवाहों में से किसी के भी बयान दर्ज किए बिना सिफर मामले की सुनवाई 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

### अमेरिकी साजिश के तहत खान को हटाया गया!

पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान ने अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, लेकिन उनपर एक कथा बनाने के लिए सिफर की सामग्री का दुरुपयोग करने का आरोप है। उनकी सरकार को अमेरिका द्वारा रची गई एक विदेशी साजिश के कारण हटा दिया गया था। हालांकि, वाशिंगटन द्वारा इस आरोप का खंडन किया गया। खान को 5 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले, एफआईए ने 30 सितंबर को आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत दोनों के खिलाफ अपना आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र के अनुसार, खान ने अवैध रूप से एक राजनयिक सिफर को अपने कब्जे में रखकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन किया था। उस समय कुरैशी पर खान को विदेश मंत्री के रूप में सुविधा देने का आरोप लगाया गया था।

## लंदन की सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन

# ब्रिटेन की गृह सचिव ब्रेवरमैन और मेट पुलिस के बीच वाकयुद्ध

**लंदन ।**

इजराइली सेना गाजा पट्टी में लगातार कार्रवाई कर रही है। बीते एक महीने से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच हमास के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया जा रहा है। अब तक 11 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। विरोध प्रदर्शन की तपिश ब्रिटेन में भी महसूस की जा रही है। लंदन की सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन के बीच ब्रिटेन की गृह सचिव सुएला ब्रेवरमैन और मेट्रोपॉलिटन पुलिस के बीच जुबानी जंग की खबरें सामने आई हैं।





रिपोर्ट के मुताबिक ब्रेवरमैन के हवाले से एक अखबार में सख्त लेख प्रकाशित हुआ। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के साथ वाकयुद्ध को लेकर रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेवरमैन ने पुलिस पर लंदन की सड़कों पर नफरत मार्च करने वालों से सख्ती से नहीं निपटने का आरोप लगाया। बता दें कि इजराइल-हमास संघर्ष के बीच लंदन में फलस्तीनी नागरिकों की मौत और गाजा में मानवीय संकट को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ब्रिटेन में हेट क्राइम की भी कई घटनाएं सामने आई हैं।

देश के सबसे बड़े पुलिस बल- मेट्रोपॉलिटन पुलिस पर फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों की कुछ कार्रवाइयों को नजरअंदाज करने के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विरोध प्रदर्शन के दौरान आक्रामकता से निपटने में दोहरे मानक अपनाने का आरोप भी लगाया गया है। इसके लिए भारतीय मूल की कैबिनेट मंत्री की विपक्षी नेताओं ने कड़ी आलोचना की है।

पुलिस को दी गई चेतावनी में ब्रेवरमैन ने कहा कि यदि इस सप्ताह के अंत में एक योजनाबद्ध फलस्तीन समर्थक विरोध मार्च आगे बढ़ता है, तो ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों से नफरत से भरे किसी भी प्रदर्शन के प्रति सख्ती दिखाने के साथ-साथ सक्रिय दृष्टिकोण की उम्मीद भी की जाएगी। लंदन में ब्रिटेन के यहूदी समुदाय की सम्मानजनक चौकसी की गई है, लेकिन इसने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की हमारी क्षमता का परीक्षण नहीं किया है।

उन्होंने कहा, यह फलस्तीन समर्थक आंदोलन है जिसमें हर सप्ताहांत हजारों गुस्साए प्रदर्शनकारी इकट्ठा हो रहे हैं। उन्होंने लंदन में मार्च किया है। शुरू से ही विरोध प्रदर्शन समस्याग्रस्त रहे हैं। न केवल आसपास की हिंसा के कारण बल्कि अत्यधिक आक्रामक सामग्री के कारण हालात खराब होने का खतरा है। गृह सचिव ब्रेवरमैन के अनुसार, भड़काऊ नारेबाजी, पोस्टर और स्टिकर को देखते हुए कहा जा सकता है कि ये समय भोलेपन का नहीं है, पुलिस को सख्ती दिखानी होगी।

ब्रेवरमैन के मुताबिक, हमने अपनी आंखों से देखा है कि आतंकवादियों का महिमामंडन किया गया है। इजराइल को नाजियों के रूप में अपमानित किया गया है और यहूदियों को और अधिक नरसंहार की धमकी दी गई है। उन्होंने कहा, वे नहीं मानतीं कि लंदन में हो रहे मार्च केवल गाजा के लिए मदद की गुहार के लिए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरी आयरलैंड के इस्लामवादी समूह भी विरोध-प्रदर्शन में सक्रिय हैं।

## ट्रॉली से टकराई बाइक, तीन की मौत

**फरीदाबाद ( हिंस )।** नगर में धनतेरस के दिन बड़ा हादसा हो गया। सर्वोदय अस्पताल के पास सड़क पर खड़े एक ट्रॉले से एक बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। यह तीनों कार मैकेनिक थे और कार ठीक करने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने परिजनों को सूचित किया है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद में शुक्रवार सुबह रामू (18 वर्ष), आकाश (19 वर्ष) और अर्पित (20 वर्ष) एक बाइक पर सवार होकर एक कार को ठीक करने के लिए गांव सीही जा रहे थे। वे सेक्टर-8 सर्वोदय अस्पताल के पास बाइपास पर पहुंचे थे, तभी वहां रोड पर खड़े एक ट्रॉले से उनकी बाइक की टक्क्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर ने तीनों की मृत घोषित कर दिया।

## शराब कांड के जिम्मेवार लोगों पर हत्या का केस दर्ज करवाए सरकार : बजरंग गर्ग

### कोरोना काल में सरकार के चहेतों ने किया करोड़ों का शराब घोटाला, पकड़ से बाहर

**हिसार ( हिंस )।** हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड़ के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने यमुनानगर व अंबाला जिलों में जहरीली शराब से 11 व्यक्तियों की मौत के दोषियों के खिलाफ हत्या की धारा के तहत केस दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार के संरक्षण में शराब व नशे का व्यापार फल-फूल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना के समय सरकार के चहेतों द्वारा करोड़ों रुपए की पुलिस कस्टडी में शराब घोटाला करने वालों को सरकार अभी तक नहीं पकड़ पाई है वहीं हरियाणा



सरकार नशे का व्यापार रोकने में पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। शराब कांड का मामला सामने आने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजरंग दास गर्ग ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की मिलीभगत के चलते नशे का व्यापार फल-फूल रहा है। हरियाणा में नकली शराब, चिट्टा व ड्रग्स खुलेआम बिक रहा है। नशे का व्यापार रोकने में हरियाणा सरकार पूरी तरह विफल सिद्ध हुई है। पिछले दिनों पानीपत, सोनीपत व फरीदाबाद में जहरीली शराब से लगभग 20 से ज्यादा व्यक्तियों की मौतें हुई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ती जा रही है।

## स्पा सेंटर की आड़ में सैक्स रैकेट का भंडाफोड़, सात युवतियां समेत नौ को दबोचे

**पलवल ( हिंस )।** स्थानीय पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर छापा मारकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से स्पा सेंटर के संचालक समेत सात युवतियों और महिलाओं को पकड़ा है। पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पलवल में डीएसपी हेडक्कार्टर शाकिर हुसैन ने बताया कि ब्लू ब्यूटी स्पा सेंटर पर देह व्यापार होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने वहां छापा मारा। पुलिस पहुंचते ही वहां भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस फोर्स अधिक होने के चलते कमरों से निकलकर भागने की कोशिश करने वाले एक भी युवक-युवती को



वहां से भागने नहीं दिया। पुलिस ने यहां से स्पा सेंटर के संचालक, तीन युवतियां और चार महिलाओं व एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया। बताया गया कि खुद की सहमति से इनको ग्राहकों के लिए लाया गया था।

## राजस्थान गुंडा एक्ट के तहत पांच अपराधी जिला बदर

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर पुलिस की ओर से चलाए जा रहे राजस्थान गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए छह अपराधियों को (तडीपार) जिला बदर किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि विभिन्न अपराधों को अंजाम देकर समाज में भय और आतंक का माहौल निर्मित करने वाले एवं आगामी विधानसभा चुनाव के मध्यनजर आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के खिलाफ जिले में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## अल-कायदा साजिश मामले में पांच के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल

**नई दिल्ली ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को अहमदाबाद (गुजरात) की विशेष अदालत में पांच व्यक्तियों के खिलाफ एक व्यापक आरोप पत्र दायर किया है। इनमें मो. सोजिब मियां, मुन्ना खान, जहांगीर उर्फ अजहरुल इस्लाम, अब्दुल लतीफ और फरीद का नाम है, जो विदेशी नागरिक हैं। इन्होंने अवैध रूप से भारत में घुसपैठ की और गुप्त रूप से अपने आतंकवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए जाली दस्तावेज़ हासिल किए। राजनयिक प्रयासों के माध्यम से इनकी पहचान के लिए एनआईए द्वारा औपचारिक तौर पर अनुरोध किया जा चुका है। ये सक्रिय रूप से भारत में कमजोर मुस्लिम युवाओं को अल-कायदा की चरमपंथी विचारधारा में प्रेरित करने, कट्टरपंथी बनाने और प्रेरित करने और धन इकट्ठा करने और उन्हें सीमा के दोनों ओर स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल कायदा के आकाओं और एजेंटों को हस्तांतरित करने में सक्रिय रूप से लगे हुए थे। दो फरार आरोपी शरीफुल इस्लाम और साहिबा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा के सदस्य हैं। ये सीमा पार से गिरफ्तार व्यक्तियों के प्रमुख संचालक हैं। ये भारत में कमजोर मुस्लिम युवाओं को कट्टर बनाने और प्रेरित करने में सहायक हैं।

## रोजगार की मांग पर दिव्यांगों ने किया दुष्यंत चौटाला आवास पर धरना-प्रदर्शन

**हिसार ( हिंस )।** दिव्यांग कर्मचारी सहदेव को नौकरी से हटाने और 21 महीने का बकाया वेतन न देने के विरोध में विकलांग अधिकार मंच हरियाणा की हिसार शहर ब्लॉक कमेटी के बैनर चले दिव्यांगों ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आवास पर धरना देकर प्रदर्शन किया। वे हटाए गए कर्मचारी को वापिस नौकरी पर लगाने व उसका बकाया वेतन देने की मांग कर रहे थे। धरने के बाद जजपा के जिला अध्यक्ष अमित बूरा को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। श्रीराम पार्क में एकत्रित होकर दिव्यांग नारेबाजी करते हुए दुष्यंत चौटाला के आवास पर पहुंचे। धरने की अध्यक्षता सहदेव और संचालक संदीप पटेल नगर ने किया। धरने को संबोधित करते हुए मंच के राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली, जिला प्रधान कृष्ण गुरी, कोषाध्यक्ष मैडम मीनू सिंगला, जिला उपप्रधान सूबेसिंह लोहान, जिला



सचिव फतेहाबाद सुरेंद्र जांडली, आदमपुर ब्लॉक प्रधान राजेश सलेमगढ़, उकलाना ब्लॉक प्रधान श्याम सुंदर, ब्लॉक सचिव उकलाना सुरेश कुमार, जिला सहसचिव बलजीत उकलाना, राजली ब्लॉक सचिव बरवाला नसीब खान, रामकेश राखीगढ़ी, सुशील मिल गेट, गजेसिंह 12 क्वार्टर, अग्रोहा ब्लॉक प्रधान महावीर कुलेरी ने संबोधित किया। जिला सचिव संदीप पटेल नगर ने बताया कि विकलांग कर्मचारी सहदेव को नौकरी पर बहाल करने और 21 महीने का बकाया वेतन देने की मांग पर जजपा जिला अध्यक्ष अमित बूरा को ज्ञापन सौंपा गया। अमित बूरा ने दिव्यांगों को आश्वासन दिया कि दिवाली से पहले आपको यह खुशखबरी मिल जाएगी। इस काम के लिए दोबारा यहां आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली ने सरकार को चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि विकलांग कर्मचारी सहदेव को अकेला न समझें। विकलांग अधिकार मंच उसके साथ खड़ा है। प्रदर्शन के माध्यम से उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि 10 दिन के अंदर यदि हमारी इन मांगों को हल नहीं किया तो 20 नवम्बर को कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास पर दिव्यांग हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। राज्य स्तरीय बैठक करके शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय विकलांग दिवस पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## जालंधर में बड़ा हादसा, फ्रिज की गैस लीक होने से धमाका, पिता-पुत्र की मौत, एक घायल

**जालंधर ( पंजाब )।** जालंधर की स्थानीय न्यू दाना मंडी के पास सतनाम नगर में फ्रिज के कंप्रेसर की गैस लीक होने से धमाका हुआ और आग फैल गई। जहरीली गैस चढ़ने से बाप-बेटे की मौत हो गई। वहीं, तीसरे जतिंदर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसकी हालत अब खतरे से बाहर हैं। सूचना मिलते ही मौके पर थाना-2 पुलिस समेत फोरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंच गई थी। फोरेंसिक टीम ने मौके से दर्जनों सैंपल भरे हैं। जिसे जांच के लिए भेज दिया है। पिछले माह भी जालंधर के अवतार नगर में फ्रिज की गैस लीक से धमाका और आग फैली थी, जिसकी चपेट में आने से परिवार के छह सदस्यों की मौत हो गई थी। ठीक एक माह बाद फिर से जालंधर में हुए हादसे से लोगों में खासी दहशत फैल गई है। यह भी पढ़ें- पंजाब सरकार-राज्यपाल विवाद- सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी-गवर्नर को कुछ अंदेशा भी है... वो आग से खेल रहे हैं घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे घटी। इसके बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। घटना हरपाल सिंह के घर में घटी, जो अपने घर में जिम के डंबल व प्लेट बनाते थे। आग से सारा सामान भी जलकर राख हो गया था। मरने वालों की पहचान बेटे जश्न सिंह (17) और पिता हरपाल सिंह (45) के रूप में हुई है जिनके शवों को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी निर्मल सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचते ही रेस्क्यू का काम शुरू कर दिया गया था। जिस बिल्डिंग में आग लगी, उसके अंदर स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स की पैकिंग का काम होता था। घटना के वक्त करीब 7 लोग अंदर थे। सभी को तुरंत बिल्डिंग से निकाला गया और तुरंत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। थाना दो के प्रभारी गुरप्रीत सिंह के मुताबिक पिता पुत्र रोजाना की तरह घर में स्पोर्ट्स इक्विपमेंट्स की पैकिंग कर रहे थे। इस दौरान ब्लास्ट हुआ और पूरे घर में अफरा-तफरी मच गई। घर के भीतर जहरीली गैस फैल

## इको फ्रेंडली दिवाली विषय पर आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**उधमपुर ( हिंस )।** गैर सरकारी संगठन जियो और जीने दो द्वारा गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल शक्ति नगर में इको फ्रेंडली दिवाली विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा इको फ्रेंडली दीपक बनाए गए जो कि बेहद खूबसूरत रूप में प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर प्रधान तारिक शाह ने स्कूल विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि दिवाली खुशियों का त्योहार है। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। दीपक हमारी परंपरा का प्रतीक है, परंतु पटाखे हमारे वातावरण को प्रदूषित करते हैं। बच्चों को हम यही संदेश देना चाहते हैं कि दीपक जला कर अंधेरे पर जीत प्राप्त करनी चाहिए।

## महापंचायत का फैसला, प्रिंसपल का केस न लड़े कोई वकील

**जींद ( हिंस )।** उचाना के सरकारी स्कूल में प्राचार्य द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के मामले में शुक्रवार को उचाना तहसील परिसर में महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत की अध्यक्षता संयुक्त अध्यक्ष मंडल आजाद पालवां, कंडेला खाप के प्रधान ओमप्रकाश रेढू, माजरा खाप के प्रधान गुरविंद्र संधू समेत दूसरे प्रतिनिधियों ने की। महापंचायत में खापों के अलावा कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें बार एसोसिएशन से अनुरोध किया जाएगा कि आरोपी प्राचार्य को वकील मुहैया नहीं करवाया जाए। इसके लिए जिला बार से अनुरोध किया जाएगा। आरोपी प्राचार्य के साथ इस मामले में संलिप्त स्टाफ या दूसरे कर्मचारी और राजनीतिक संरक्षण देने वाले बड़े नेता को भी गिरफ्तार किया जाए। पुलिस कार्रवाई में रही खामियों को ठीक करते हुए इस मामले का केस मजबूत बनाया जाए। अगर इन प्रस्तावों पर अमल नहीं किया जाता है तो प्रदेशभर की खापों की बैठक बुला कर बड़ा फैसला लिया जाएगा। पंचायत को संबोधित करते हुए आजाद पालवां ने कहा कि प्राचार्य ने जहां पर भी नौकरी की वहीं से आरोपी को बाहर निकाला गया। प्राइवेट स्कूल से लेकर सरकारी स्कूलों में ड्यूटी के दौरान आरोपी प्राचार्य के खिलाफ शिकायतें आई लेकिन बड़े नेता के दबाव के कारण शिकायतों को दबा दिया गया। कायदे से जिस भी अध्यापक या प्राचार्य की छवि साफ -सुथरी हो, उसे ही कन्या स्कूल में ड्यूटी पर लगाना चाहिए। एफआईआर दर्ज होने के बावजूद भी प्राचार्य के खिलाफ कई दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। छात्राओं द्वारा शिकायत भेजे जाने के बाद भी कई माह तक मामला दबा रहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में निरीक्षण किया और खामियां मिली, उसी समय प्राचार्य को गिरफ्तार किया जाना चाहिए था। महापंचायत की मांग है कि सहयोगी स्टाफ के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। खाप नेता ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि बार एसोसिएशन को ऐसे आदमी का केस नहीं लड़ना चाहिए और जिन्होंने इनका साथ दिया उनके खिलाफ कार्रवाई होए चाहे वह स्टाफ हो या कोई राजनेता उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। माजरा खाप प्रधान गुरविंदर ने कहा कि अकेला आदमी यह घिनौना कार्य नहीं कर सकता। बड़े राजनेता का इसमें हाथ है। जब इस प्रकार की घटना होती है,तब इस प्रकार की पंचायत की जाती हैए हमें आज यहां से निर्णय लेकर उठाना हैए नहीं तो कोई फायदा नहीं है। ज्ञानी राम उप प्रधान अखिल भारतीय किसान सभा ने बोलते हुए कहा कि इस प्रकार के आदमी का किसी को साथ नहीं देना चाहिए। कांग्रेसी नेता दिलबाग संडील ने कहा कि आज जो पंचायत रखी हैए जो भी निर्णय ठोस निर्णय लें ताकि इस प्रकार के आगे कोई घटना ना घटे।

## समाज में तीज-त्यौहार का उत्सव महिलाओं के बिना अधूरा : मनोहर लाल

**फरीदाबाद ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज में तीज-त्यौहार का उत्सव महिलाओं के बिना अधूरा है। महिलाएं समाज की अहम कड़ी हैं और हमारी सरकार ने महिलाओं को सशक्त व समृद्ध करने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित धनतेरस महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मनोहर लाल ने धनतेरस, छोटी दिपावली, दिपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूरजकुंड में पहली बार दिवाली मेला आयोजित किया जा रहा है, जो 3 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ था। इसी प्रकार, एक मेला आज से शुरू होकर 22 जनवरी, 2024 तक भगवान श्रीराम की जन्म भूमि अयोध्या में भी आयोजित होगा। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भगवान श्रीराम के मंदिर का उद्घाटन करेंगे।




उस दिन हम सभी के लिए एक और दिवाली होगी, उसके लिए आपको सभी को अग्रिम बधाई। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी हरियाली तीज उत्सव पर राज्य सरकार की ओर से एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें लगभग 50 हजार महिलाओं को मेरी ओर से एक भाई स्वरूप कोथलियां दी गई थी। आज भी इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को एक दीपक, कैलेंडर और अन्य वस्तुएं भेंट स्वरूप दी जाएंगी। मनोहर लाल ने कहा कि विगत 9 वर्षों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष योजनाएं चलाई गई हैं, जिसे धरातल तक पहुंचाकर सभी को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण मोदी और मनोहर सरकार की प्राथमिकता रही है। महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक तरक्क्की को बढ़ावा देने और उनके सामाजिक जीवन को और बेहतर करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। इस मौके पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, हरियाणा पर्यटन निगम के अध्यक्ष अरविंद यादव, उपायुक्त विक्रम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित थे।

## चक्रवाती तंत्र के असर से कई जिलों में गिरी बौछारों से मौसम में घुली ठंडक

**जयपुर ( हिंस )।** उत्तरी राज्यों में सक्रिय चक्रवाती तंत्र के असर से बदले मौसम का असर राजस्थान में भी दिख रहा है। यहां कई जिलों में देर रात से लेकर अलसुबह तक मेघगर्जन के साथ गिरी बौछारों ने कार्तिक मास में सर्दी का अहसास करा दिया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार प्रदेश में आज भी कई जिलों में बादल छाए रहने और मेघगर्जन के साथ हल्की बौछारें गिरने की संभावना है। ऐसे में आगामी दिनों में सदी के तेवर तीखे होने के आसार हैं। राजधानी जयपुर समेत श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, दौसा जिले में देर रात से तेज हवा संग बौछारें गिरी। बारिश से पारे में गिरावट होने पर मौसम सर्द हो गया। श्रीगंगानगर के लाधूवाला, हनुमानगढ़ के टिब्बी और दौसा जिले के सिकराय कस्बे में तेज बौछारें गिरी। हनुमानगढ़ में छाई धुंध बारिश से छंटने पर लोगों को दमघोंटू जहरीली हवा से राहत मिली। जयपुर में भी आज सुबह सर्दी के तेवर तीखे रहे। जयपुर समेत कई जिलों में बीती रात हुई बारिश से मौसम सुहावना हो गया लेकिन बादलों की रही आवाजाही के कारण रात के तापमान में भी दो तीन डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। राजधानी जयपुर में बीती रात पारा दो डिग्री बढ़कर 21.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया। शेखावाटी और हाड़ौती अंचल के जिलों में भी बीती रात पारे में बढ़ोतरी मापी गई। बीती रात से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कूपवाड़ा में भी जबरदस्त बर्फबारी देखी गई। हिमाचल प्रदेश के कोकसार और लाहौल स्पीति में भी बर्फबारी से कड़ाके की सर्दी का दौर रहा। हिमालय क्षेत्र में शुरू हुई बर्फबारी के असर से प्रदेश में आगामी दिनों में विंड पैटर्न में संभावित बदलाव होने व सर्द हवाएं चलने पर कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है। सीकर में शुक्रवार सुबह भी लगातार दूसरे दिन बादल छाए रहे। सुबह कई इलाकों में मामूली बूंदाबांदी भी हुई। हालांकि अब धूप निकलना शुरू हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो दीपावली पर मौसम साफ रहेगा। दौसा जिले में शुक्रवार अलसुबह मौसम में अचानक आए बदलाव आने के साथ कई इलाकों में रिमझिम व मध्यम बारिश हुई। इससे न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ठंड का जोर बढ़ने लगा है। यहां अलसुबह दौसा जिला मुख्यालय समेत बांदीकुई व सिकराय क्षेत्र में बारिश हुई। इसके साथ ही सर्द हवाओं का दौर भी शुरू हो गया।

## हरियाणा के मुख्य सचिव ने युवा अधिकारियों से ईमानदार रहने का किया आग्रह

### सामंजस्य एवं संयम से सुशासन हासिल किया जा सकता है

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने युवा एचसीएस अधिकारियों को अपने कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष और पूर्वाग्रह भेदभाव से मुक्त रहकर अपनी ईमानदारी और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य सचिव शुक्रवार को हरियाणा सिविल सेवा के 45 प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कौशल ने लोक सेवकों को अपने आचरण में अटूट नैतिक मानकों और ईमानदारी को बनाए रखने तथा पूरे दिल से लोगों की सेवा करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सुशासन के बुनियादी सिद्धांतों पर फोकस करते हुए राजनीतिक झुकाव से बचने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सुशासन सामंजस्यपूर्ण संयम बनाए रखते हुए नागरिकों और सरकार के बीच आत्म-अनुशासन, आत्म-नियंत्रण और निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता के स्तंभों पर निर्भर रहना है। यह ज्ञानवर्धक शब्द सुशासन के क्षेत्र में नैतिक व्यवहार और न्यायसंगत प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हैं। कौशल ने कहा कि पोस्टिंग के बाद क्षेत्र का अनुभव युवा अधिकारियों को जटिल गतिशीलता की समग्र समझ प्रदान करेगा और सरकार, नागरिकों, व्यवसायों, कर्मचारियों एवं अन्य सरकारी एजेंसियों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अधिकारियों ने जी-20 बैठकों और कार्यक्रमों के आयोजन से अमूल्य अनुभव मिले है, जिससे उनका ज्ञान और दृष्टिकोण वैश्विक स्तर पर बढ़ा है। कौशल ने कहा कि एक समर्पित सिविल सेवक में अटूट समर्पण, तीव्र श्रवण कौशल, जिम्मेदारी की भावना, अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ निष्ठा, बुद्धिमत्ता और सबसे बढ़कर, निस्वार्थता की भावना जैसे अहम गुण होते है। कौशल ने इस बात पर बल दिया कि हरियाणा ने एक अभूतपूर्व पहल की है, जिसमें निर्धारित समय सीमा में सभी तीन लाख कर्मचारियों को नैतिकता प्रशिक्षण प्रदान करने वाला हरियाणा अग्रणी राज्य होगा। इस परिवर्तनकारी प्रयास का उद्देश्य एक ऐसा प्रशासन तैयार करना है, जो न केवल चुस्त हो, बल्कि नागरिकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरदायी, प्रभावी और बेहतर ढंग से सेवाएं देने वाला हो।

## बस में आग से मरने वालों की संख्या हुई चार

**गुरुग्राम ( हिंस )।** यहां गुरुग्राम-जयपुर नेशनल हाइवे पर दो दिन पहले बस में आग लगने से झुलसे लोगों में शुक्रवार की शाम दो और की मौत हो गई। इस घटना में अब तक मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। नौ नवम्बर की रात करीब 9 बजे एक प्राइवेट बस में उस समय आग लग गई थी, जब वह 43 श्रमिकों को लेकर उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिला के लिए जा रही थी। जैसे ही बस सेक्टर-31 के सामने दिल्ली से जयपुर वाली लेन पर पहुंची तो अचानक ब्लास्ट होकर बस में आग लग गई थी। उस समय आग की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई थी जिनकी पहचान माया पत्नी विनोद गांव राढ़ जिला हमीरपुर उत्तर-प्रदेश एवं गायत्री पत्नी बलू गांव गोरखा थाना चरकारी जिला महोबा के रूप में हुई थी।

## न्यायालय परिसर में वकीलों ने मनाया दीवाली मिलन समारोह

### प्रदूषण को रोकने के लिए दीपावली पर पटाखे नहीं जलाने का आह्वान

**झज्जर ( हिंस )।** न्यायालय परिसर बहादुरगढ़ में वकीलों ने दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया। एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाई। बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ के पूर्व सचिव विक्रम छिल्लर के संयोजन में हुए दिवाली मिलन समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधान राजेंद्र लोहचब ने की। वकीलों ने मां लक्ष्मी, गणेश जी और श्रीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण व पूजन करके दीपावली का त्यौहार मनाया। एक दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और मिठाई बांटकर भाईचारे के साथ दीपावली मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इस अवसर पर मनफूल छिकारा, राकेश वत्स, उमेद वकील, ओम कौशिक, मुकेश सैनी, पवन पांचाल व सोमबीर राठी समेत तमाम वकील मौजूद रहे। राजेंद्र लोहचब ने वकीलों को कहा कि हम सभी को प्रदूषण रोकने के लिए युवाओं, बच्चों व अन्य सभी लोगों को दीपावली पर पटाखे नहीं जलाने केलिए जागरूक करना चाहिए। प्रदूषण रोकने के लिए प्रत्येक वर्ग को आगे आने की जरूरत



है। दिन प्रतिदिन बढ़ रहा प्रदूषण आज के समय की चिंता है। हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की जरूरत है। दीपावली को भारत की परंपरा के अनुसार मनाएं तो यह वातावरण को शुद्ध कर देगी। मिट्टी के दीये में सरसों या तिल का तेल, देसी घी डालकर बाती जलाएं। इसकी ऊर्जा वायरस के प्रभाव को नष्ट करने वाली होगी।



# धनतेरस के दिन सोने और चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।**

**धनतेरस के दिन सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। दोनों के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई थी। लेकिन बाद में ये तेजी के साथ बंद हुए।**

सोने के वायदा भाव 60,200 रुपये और चांदी के वायदा भाव 71,000 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 49 रुपये की गिरावट के साथ 60,233 रुपये के भाव पर खुला।फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 101 रुपये की गिरावट के साथ 60,181 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 60,238 रुपये के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 60,181 रुपये के भाव पर निचला स्तर छू लिया। मई महीने में सोने के वायदा भाव ने 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वहीं एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रेक्ट 215 रुपये की गिरावट के साथ 70,998 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 154 रुपये की गिरावट के साथ 71,059 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,172 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 70,974 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की वायदा कीमतों की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 1964.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1969.80 डॉलर था। फिलहाल यह 5.40 डॉलर की गिरावट के साथ 1964.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## न्यूज ब्रीफ

### डेलॉयट सर्वेः भारतीय बैंकों में वर्ल्ड डिजिटल चैंपियन बनने की क्षमता, ई-बैंकिंग में तेजी से हो रहे परिपक्व




**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों में दुनियाभर के बैंकों को पछाड़कर 'डिजिटल चैंपियन' बनने की क्षमता है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय बैंकों का डिजिटल मैच्योरिटी स्कोर अमेरिका, चीन, यूके और ब्राजील जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के बैंकों से भी बेहतर है। डिजिटल लेन-देन में बैंकों का रोल बहुत अहम माना जाता है। दुनियाभर के बैंक कितनी तेजी से डिजिटल मैच्योरिटी यानी अपने कामकाज को डिजिटल तरीके से कर रहे हैं। इसके लिए ग्लोबल कंसलटेंसी फर्म डेलॉयट की डिजिटल बैंकिंग मैच्योरिटी (डीबीएम) ने 41 देशों के 304 बैंकों का सर्वे किया और पाया कि भारतीय बैंक दुनियाभर के बैंकों की तुलना में डिजिटल मैच्योरिटी स्कोर में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। बैंकों का मुलायंकन करने के लिए सर्वे में 1,208 डिजिटल बैंकिंग कार्यों को शामिल किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से रिटेल कस्टमर लाइफ साइकिल, इन्फॉर्मेशन जुटाना, खाता खोलना, कस्टमर ऑनबोर्डिंग, डे-टू-डे बैंकिंग, कस्टमर रिलेशन को बढ़ाना था। हर सेगमेंट में 10 प्रतिशत प्रदर्शन करने वालों को 'डिजिटल चैंपियन', उसके बाद 'डिजिटल स्मार्ट फॉलोअर्स', 'डिजिटल एडॉप्टर्स' और 'डिजिटल लेटकमर्स' की उपाधि दी गई। भारतीय बैंकों ने सर्वे बेहतर प्रदर्शन किया और कई प्रमुख कस्मटर जर्नी में ग्लोबल एवरेज को पीछे छोड़ दिया। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में सबसे आगे होने के कारण भारतीय बैंक ग्लोबल एवरजे की तुलना में अच्छी स्थिति में हैं। भारतीय बैंकों ने मोबाइल बैंकिंग में ग्लोबल एवरेज से 3 प्रतिशत अधिक और इंटरनेट बैंकिंग में 1 प्रतिशत अधिक अंक प्राप्त किए। उन्हें 'डिजिटल स्मार्ट फॉलोअर्स' और 'डिजिटल एडॉप्टर्स' का खिताब मिला।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा ने जारी 7 किये तिमाही नतीजे




**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने सितंबर तिमाही 2023-24 के नतीजों का एलान कर दिया है। इस तिमाही कंपनी का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स 6 प्रतिशत बढ़कर 2,348 करोड़ रुपये हो गया। महिंद्रा ने एक बयान में कहा कि मुंबई मुख्यालय वाली कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में 2,209 करोड़ रुपये का प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स दर्ज किया था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 34,436 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि टेक महिंद्रा को छोड़कर सभी बिजनेस में उसका प्रदर्शन अच्छा रहा। कमजोर मांग और गैर-प्रमुख खातों से निकासी के कारण टेक महिंद्रा का बिजनेस प्रभावित हुआ। एमएंडएम के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनीश शाह ने एक नियामक फाइलिंग में कहा ऑटोमोटिव सेक्टर में कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में उसका राजस्व साल-दर-साल 20 प्रतिशत बढ़कर 18,869 करोड़ रुपये हो गया।

### रुपया एक पैसे बढ़कर 83.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई ।** कमजोर अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.28 पर पहुंचा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की सतत निकासी ने विदेशी निवेशकों की धारणा प्रभावित की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 83.28 पर खुला। यह पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.29 पर बंद हुआ था।

# अगले 18 महीनों में हर छठे दिन एयर इंडिया को मिलेगा एक नया विमान, सीईओ ने सिंगापुर में कही ये बात

**नई दिल्ली।**

**एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि एयरलाइन को अगले 18 महीनों में हर छह दिन में नए विमान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए एयरलाइन की ओर से 470 विमानों के ऑर्डर दिए हैं। विल्सन ने सिंगापुर में एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के अध्यक्षों की 67वीं सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा, हमारे पास नए विमान हैं, हम कई नए चालक दल और कर्मचारियों की भर्ती कर रहे हैं, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं। हमें अभी और काम करना है। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। विल्सन ने एक सत्र में कहा कि एयर इंडिया के अधिकांश ग्राहक विश्वसनीयता और समयबद्धता चाहते हैं और चुनौती ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की है। विल्सन ने कहा कि इसके अलावा, नए विमानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रखा जा रहा है और अधिकांश ग्राउंडेड विमानों को रीस्टोर कर दिया गया है।**




उन्होंने कहा कि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए 470 विमानों का ऑर्डर दिया है, जो 8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही है और इसे अगले 18 महीनों में हर छह दिन में एक नया विमान मिलने वाला है। उन्होंने अन्य एयरलाइनों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और एयर इंडिया के लिए यातायात बढ़ाने का भी विश्वास जताया।

एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के महानिदेशक सुभाष मेनन के अनुसार, भारत में वर्तमान हवाई यात्रा की मांग 2019 के स्तर से 20 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि शेष दुनिया के बाद क्षेत्र की सीमाएं फिर से खुलने के साथ ही एशिया प्रशांत क्षेत्र की हवाई यात्रा में 69 प्रतिशत का सुधार हुआ है, जो सितंबर तक अन्य क्षेत्रों से पीछे है।

2022 में एशिया प्रशांत क्षेत्र में यात्री यातायात में 171 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि क्षमता वृद्धि 130 प्रतिशत धीमी रही। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में एशिया में बाद में हवाई यात्रा में सुधार हुआ, इसलिए कई एशियाई एयरलाइंस यूरोपीय संघ द्वारा आवश्यक स्लॉट का उपयोग करने के लिए यूरोप के लिए सेवाओं को फिर से शुरू नहीं कर सकीं। इन स्लॉट के नुकसान से दोनों क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी प्रभावित होती है।

अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) में नियमों और मानदंडों के एक साझा ढांचे के तहत संचालित है। उन्होंने कहा कि इस ढांचे से एकतरफा हटने से सुरक्षा, स्थिरता, सुरक्षा और सीमा पार आवागमन जैसे इसके स्तंभों पर असर पड़ता है।

# शादी के बंधन में बंधे बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक, पूर्व मिस इंडिया को बनाया हमसफर



**नई दिल्ली।**

देश के प्रसिद्ध बैंकर और अरबपति उदय कोटक के बेटे जय कोटक की 2015 की मिस इंडिया विजेता अदिति आर्या के साथ शादी हुई। इस शादी समारोह का आयोजन मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य तरीके से किया गया। अरबपति बैंकर उदय कोटक के बेटे जय कोटक ने 2015 मिस इंडिया कॉन्टेस्ट की विजेता अदिति आर्या से शादी कर ली। शादी मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में हुई, जबकि अतिरिक्त उत्सव उदयपुर में आयोजित किए गए।

### कपल ने इंस्टग्राम पर अपनी शादी की तस्वीर साझा की

इस जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने बड़े दिन की तस्वीर साझा की। अदिति ने तस्वीरों को कैप्शन दिया, फाउंड माय पर्सन, जिस पर जय ने जवाब दिया, सो ब्यूटी फुल, सो एलिगेंट। उन्होंने एक प्रसिद्ध मीम को शेयर करते हुए वाह लिखा। जय कोटक ने शेरवानी पहन रखी थी जबकि अदिति ने लाल रंग का लहंगा पहना हुआ था। कोटक811 के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं जय कोटक जय कोटक ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से इतिहास और अर्थशास्त्र में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है। वह वर्तमान में कोटक महिंद्रा बैंक के डिजिटल बैंकिंग समाधान कोटक811 के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।


### अदिति ने दिल्ली के शहीद सुखदेव कॉलेज से की है पढ़ाई

अदिति आर्य ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज से बिजनेस स्टडीज में फाइनेंस की पढ़ाई की है। उन्होंने अर्न्स्ट एंड यंग में एक शोध विश्लेषक के रूप में काम किया और 2015 में मिस इंडिया का ताज पहनाया गया। इसके बाद उन्होंने मिस वर्ल्ड 2015 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इस साल मई में येल विश्वविद्यालय से एमबीए पूरा किया। जय ने इस मौके पर उन्हें बधाई दी थी और कहा था कि उन्हें अपनी मंगेतर पर बहुत गर्व है। अदिति ने 2021 में रणवीर सिंह स्टारर 83 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# सीमा पार तेज भुगतान का पता लगा रहे भारत-जापान, दास बोले- फिनटेक क्रांति में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका

**मुंबई।**

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) पर कहा कि भारत में फिनटेक क्रांति में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। दास ने टोक्यो में एक संगोष्ठी में कहा कि यूपीआई की सफलता की कहानी वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल बन गई है। मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से बैंक खातों के बीच तुरंत धन हस्तांतरण करने की इसकी क्षमता ने लोगों के डिजिटल लेनदेन के तरीके को बदल दिया है। इसके अलावा, यूपीआई को अन्य देशों की तेज भुगतान प्रणालियों के साथ जोड़ने का भी काम जारी है। फिनटेक का लाभ उठाने के साथ सीमापार से भुगतान को अधिक कुशल और सस्ता बनाने के लिए भारत और जापान की तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने की संभावना का पता लगाया जा सकता है।



दास टोक्यो में उद्योग मंडल टोक्यो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में भारतीय आर्थिक अध्ययन संस्थान की भारतीय अर्थव्यवस्था पर संगोष्ठी में कहा, आरबीआई का वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) परिवेश ग्राहक केंद्रित है। बेहतर संचालन व्यवस्था, प्रभावी निरीक्षण, नैतिक रूप से उपयुक्त गतिविधियां, जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने और स्व-नियामक संगठन के माध्यम से फिनटेक के स्व-नियमन को प्रोत्साहित करने पर जोर है। भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर दास ने कहा, यह संतोष की बात है कि हाल के वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे हालात में भी यह सुगमता से आगे बढ़ी है। अपनी अंतर्निहित मजबूती और सूझबूझ के साथ नीतिगत उपायों से वृद्धि को गति व मजबूती मिल रही है। हमारा आर्थिक प्रदर्शन महामारी के समय से सोच-विचार कर किए गए उपायों, उपयुक्त मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के दम पर बेहतर रहा है।

# हीरो मोटोकॉर्प के पवन कांत मुंजाल की 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त, ईडी ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कांत मुंजाल की 24.95 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मुंजाल की दिल्ली स्थित तीन अचल संपत्तियों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। मुंजाल हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड के सीएमडी और चेयरमैन हैं और उनकी संपत्ति करीब 24.95 करोड़ रुपये है। ईडी ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के आरोपपत्र का संज्ञान लेने के बाद मुंजाल और उनकी कंपनियों के खिलाफ पीएमएलए के तहत मामला दर्ज करने के बाद अगस्त में छापेमारी की थी। ईडी ने कहा, अभियोजन की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 54 करोड़ रुपये मूल्य की विदेशी मुद्रा अवैध रूप से भारत से बाहर ले जाई गई।

### कुणाल गुप्ता की 67.23 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

ईडी ने मेट टेक्नोलॉजीज और अन्य द्वारा फर्जी कॉल सेंटर धोखाधड़ी के मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत कुणाल गुप्ता, उनके परिवार के सदस्यों, कंपनियों और उनके सहयोगियों की 67.23 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है। जब्त की गई संपत्तियां 35 बैंक खातों, 14 कारों और 12 अचल संपत्तियों (कुल मूल्य 61.84 करोड़ रुपये) के रूप में हैं। ईडी के अनुसार अचल संपत्तियों में गोवा में एक रिसॉर्ट, गोवा में एक विला, कोलकाता और बैंगलोर में 10 वाणिज्यिक कार्यालय, फ्लैट, अपार्टमेंट और भूमि शामिल हैं।




जमीन हथियाने के मामले में 11.82 करोड़ रुपये मूल्य की आठ संपत्तियां जब्त प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत गोवा में अवैध रूप से जमीन हथियाने की जांच के सिलसिले में स्टेवन डिसूजा, मोसेस फर्नांडीस और समीर कोरगांवकर की 11.82 करोड़ रुपये मूल्य की आठ अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है।

## केंद्र सरकार ने 11.5 करोड़ लोगों के पेन कार्ड बंद किए, अब देना होगा जुर्माना

# पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की तारीख 30 जून थी

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने 11.5 करोड़ पैन कार्ड आधार से लिंक नहीं होने की वजह से बंद कर दिए हैं। एक आरटीआई के जवाब में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने बताया कि पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की तारीख 30 जून थी। देश में पैन कार्ड की संख्या 70.24 करोड़ तक पहुंच गई थी, इनमें से 57.25 करोड़ लोगों ने पैन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक कराया था। करीब 12 करोड़ लोगों ने तय समय में आधार को पेन कार्ड से लिंक नहीं कराया है। इनमें से 11.5 करोड़ लोगों के कार्ड निष्क्रिय कर दिए गए हैं। यह आरटीआई मध्य प्रदेश के आरटीआई कार्यकर्ता चन्द्रशेखर गौड़ ने दाखिल की थी। बताया गया कि नए पैन कार्ड बनवाते समय ही आधार से लिंक कर दिए जाते हैं। यह आदेश उन लोगों के लिए जारी किया गया है, जिन्होंने 1 जुलाई 2017 से पहले पैन कार्ड बनवाया था। आयकर अधिनियम की धारा 139एए के तहत पैन कार्ड और आधार को लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के तहत, जो लोग पैन-आधार लिंक नहीं करा पाते हैं, वे 1000 रुपये का जुर्माना देकर अपना कार्ड दोबारा सक्रिय करा सकते हैं। गौड़ ने कहा कि नया पैन कार्ड बनाने की फीस केवल 91 रुपये है। फिर सरकार इससे अधिक शुल्क क्यों ले रही है। कार्ड दोबारा एक्टिवेट कराने पर लगेगा 10 गुना जुर्माना लोग इनकम टैक्स रिटर्न भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। सीबीडीटी के मुताबिक ऐसे लोग इनकम टैक्स रिफंड का दावा नहीं कर पाएंगे। डीमैट खाता नहीं खोला जा सकता है और म्यूचुअल फंड यूनिट खरीदने के लिए 50,000 रुपये से अधिक का भुगतान नहीं किया जा सकता है। शेयर खरीदने और बेचने के लिए आप 1 लाख रुपये से ज्यादा का भुगतान नहीं कर पाएंगे। वाहन खरीदने पर आपको ज्यादा टैक्स देना होगा। बैंक में एफडी और सेविंग अकाउंट के अलावा कोई खाता नहीं खुलेगा। क्रेडिट और डेबिट कार्ड जारी नहीं किए जाएंगे। आप बीमा पॉलिसी प्रीमियम के लिए 50,000 रुपये से ज्यादा का भुगतान नहीं कर पाएंगे। प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त पर ज्यादा टैक्स लगेगा।




### एमजी मोटर और वीवो के खातों की हो सकती है जांच, कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय कर सकता है सिफारिश

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय एमजी मोटर इंडिया और वीवो के खातों की जांच शुरू करने की सिफारिश कर सकता है। आरओसी ने एक साल पहले जांच की थी और उस जांच की रिपोर्ट अब उसने जमा करा दी है। एमजी मोटर की जांच अक्तूबर, 2022 में शुरू हुई थी। उस समय कंपनी ने कहा था, हमें नोटिस मिला है जिसमें 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट में परिचालन के पहले वर्ष के घाटे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है, उसमें संदिग्ध लेनदेन का पता चला था। कर चोरी, बिलिंग में गड़बड़ी और अन्य वित्तीय अनियमितताएं मिलीं थी। आरओसी रिपोर्ट के बाद एमसीए जांच के आदेश जारी कर सकता है। यह मामला तब सामने आया है, जब जेएसडब्ल्यू व शंघाई के एसएआईसी मोटर कॉर्प एमजी मोटर में हिस्सेदारी के लिए बातचीत कर रहे हैं। वीवो अधिकारियों की गिरफ्तारी से भारत में कंपनी की कानूनी परेशानियां बढ़ गईं हैं। नवंबर 2022 में आई रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अनुमान के मुताबिक, सरकार भारत में काम कर रही लगभग 400-500 चीनी कंपनियों की जांच कर रही है।



## रजनीकांत को एक प्रशंसक ने भगवान बताया



साउथ के सुपर स्टार रजनीकांत के एक जबरा फैन ने घर में थलाइवा का मंदिर बनवा दिया है। उसने कहा कि वो उन्हें भगवान की तरह मानता है। अब रजनीकांत को लेकर सामने आई इस खबर से सभी शॉक्ड हैं लेकिन ये सच बात है। मामला तमिलनाडु के मदुरै का है। मंदिर की एक और खास बात ये है कि इसमें एक्टर की 250 किलो की मूर्ति भी स्थापित की गई है। रजनीकांत के इस फैन का नाम कार्तिक बताया जा रहा है। शख्स ने कहा, वो हमारे लिए भगवान के समान हैं। मैंने उनके सम्मान में मंदिर बनवाया है। इतना नहीं शख्स ने आगे कहा, मैं रजनीकांत के अलावा किसी भी एक्टर्स की फिल्म नहीं देखता। मेरे लिए वो भगवान हैं। मैंने उनके लिए मंदिर बनवाया है। हम पांच पीढ़ियों से रजनीकांत के फैन रहे हैं। रजनीकांत के फैन के इस बयान से समझ सकते हैं कि उनकी दीवानगी किस कदर लोगों में है। वो ना केवल फिल्म देखते हैं बल्कि भगवान की तरह मानते भी हैं। वहीं, रजनीकांत भी अपने प्रशंसकों पर प्यार लुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। वो उनसे मिलने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाते हैं। रजनीकांत की हाल ही में प्रदर्शित हुई फिल्म जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इस फिल्म का निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार ने किया है, जिनकी पिछली फिल्म थलापति विजय के साथ बीस्ट रही थी। आने वाले समय में रजनीकांत की थलाइवर 170 है, जिसमें वे 32 साल बाद अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन पर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले इन दोनों सितारों को एक साथ एस.रामानाथन द्वारा निर्मित और प्रयागराज द्वारा निर्देशित गिरफ्तार में देखा गया था। इस फिल्म में दोनों दोस्तों की भूमिका निभाई थी। बता दें कि रजनीकांत फैन फॉलोइंग साउथ में ही नहीं बल्कि बॉलीवुड और देशभर में है। उन्होंने हिंदी से लेकर दक्षिणी सिनेमा जगत में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। वो इंडस्ट्री के ऐसे एक्टर हैं, जिनकी लोग भगवान की तरह पूजा करते हैं और कोई फिल्म रिलीज होने वाली होती है तो वो उस मूवी को पोस्टर को रिलीज से पहले दूध से नहलाते हैं।

# फिल्म माई के लेखक मिलिंद बोले, मैंने किया है अकेलेपन का अनुभव



फिल्म के लेखक और निर्देशक मिलिंद धैमाडे ने कहा, लेखकों को विपरीत परिस्थितियों से घबराना नहीं चाहिए और किसी भी तरह के नुकसान के समय अपने अंदर की आवाज को सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकेलापन एक ऐसी चीज है जिसे उन्होंने खुद अनुभव किया है और वह इसे बेहद निजी मानते हैं। जिस तरह से प्रत्येक दिन की शूटिंग क्या खाएंगे? के साथ शुरू होती थी, उससे भोजन के प्रति उनका जुनून सामने आया और उसी दिलचस्पी के साथ, उन्होंने फिल्म में व्यंजनों और भोजन की शैली के बारे में विस्तार से बताया। मिलिंद ने क्लीनिकल डिप्रेशन के साथ अपनी मुश्किल लड़ाई के बारे में भी बात की, जिसके दौरान उन्हें माई को लिखने और निर्देशित करने के लिए एक कॉल आया, जिसके बारे में उन्होंने गंभीरता से विचार किया कि क्या उन्हें यह करना चाहिए। उन्होंने अपनी पत्नी की मदद से इस पर काम करना शुरू किया, क्योंकि उन्होंने ही मिलिंद को भोजन के दौरान मृत्यु के बारे में सोचने का विचार दिया था। इस खूबसूरत कहानी को लिखने और निर्देशित करने से ही मिलिंद को डिप्रेशन से बाहर निकलने में मदद मिली और यह फिल्म नुकसान को स्वीकार करने तथा बलिदान को अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा बनाने की उनकी यात्रा को दशार्ती है। इस फिल्म के साथ मिलिंद अब भविष्य और ऊंचाई की तरफ देख रहे हैं, तथा फीचर फिल्मों में वापसी के लिए तैयार हैं। लायंसगेट और लव एंड फेथ फिल्म्स द्वारा निर्मित उनके निर्देशन में बनी थैंक यू मिस्टर खन्ना का पोस्ट-प्रोडक्शन पूरा हो चुका है और यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। मालूम हो कि मामी फेस्टिवल में मिलिंद धैमाडे की 41 मिनट की शार्ट फिल्म माई का प्रीमियर किया गया। यह लॉस्ट एंड फाउंड संग्रह का एक हिस्सा है, जहां विषय को 7 अन्य शार्ट स्टोरीज के माध्यम से एक्स्प्लोर किया गया है। माई को कोलोसियम मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (ललित प्रेम शर्मा) और मैकगफिन पिक्चर्स (हनी त्रेहन और अभिषेक चौबे) द्वारा निर्मित किया गया है। कुणाल रॉय कपूर (सुमन) और शहाना गोस्वामी (मोना) अभिनीत माई, नुकसान, स्वीकृति और बलिदान से जुड़ी एक कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है।

## रोहमन के साथ हाथों में हाथ डाले नजर आई सुष्मिता सेन

### -एक्ट्रेस का पल्लू संभालते नजर आए एक्स-बॉयफ्रेंड




**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही हुई एक दीवाली पार्टी में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अपने एक्स-बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल के साथ हाथों में हाथ डाले नजर आईं तो सब हैरान रह गए। ऐसा लग रहा है कि सुष्मिता और रोहमन शॉल दोबारा साथ आ गए हैं और उन्होंने अपना रिलेशनशिप कन्फर्म कर दिया है। लुक की बात करें तो सुष्मिता ब्लैक साड़ी में खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स, चोकर नेकलेस से लुक को पूरा किया था।वहीं रोहमन व्हाइट कुर्ता पजामा के साथ ग्रीन ब्लेजर पहने हैंडसम दिखे। साड़ी में सुष्मिता को चलने में दिक्कत हो रही थी, इसलिए रोहमन शॉल उनका हाथ पकड़े नजर आए। सुष्मिता सेन हंस रही थीं और रोहमन शॉल ने उन्हें बेहद करीब पकड़ा हुआ था। इतना ही नहीं रोहमन सुष्मिता का पल्लू संभालते भी नजर आए। मालूम हो कि दोनों का रिश्ता 2018 में तब शुरू हुआ था, जब रोहमन ने सुष्मिता को 2018 में इंस्टाग्राम पर मैसेज किया था।दिसंबर 2021 में सुष्मिता सेन ने सोशल मीडिया के जरिए अनाउंस किया था कि वह और रोहमन शॉल अलग हो गए हैं। लेकिन अब सामने आई तस्वीरें कुछ और ही बयान कर रही हैं। खैर सुष्मिता-रोहमन रिलेशन में हैं या नहीं ये तो दोनों ही बता सकते हैं। बता दें कि बालीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर खबरों में बनीं रहती हैं। 2021 में एक्ट्रेस ने रोहमन शॉल से ब्रेकअप अनाउंस किया था। हालांकि उन्होंने कोई वजह नहीं बताई थी। पर ब्रेकअप के बाद भी रोहमन शॉल, सुष्मिता की जिंदगी का हिस्सा रहे। वह अकसर ही सुष्मिता और उनकी बेटियों के साथ हैंगआउट करते नजर आते। वहीं अब एक बार फिर दोनों को साथ देखा गया।


## शहनाज गिल निकली पहाड़ों की सैर पर



एक्ट्रेस एवं मॉडल शहनाज गिल इन दिनों पहाड़ों की सैर पर निकली हुई हैं, जहां वह खूब चिल कर रही हैं। मायानगरी की चकाचौंध से दूर शहनाज पहाड़ों में खुलकर जिंदगी एंजॉय कर रही है। शहनाज ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। शहनाज गिल ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं और कैप्शन में लिखा- धरती माता के साथ तालमेल बिठाकर विकास करना। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह पहाड़ों की वादियों के बीच खुलकर जिंदगी जी रही हैं।

इस दौरान उनके चेहरे पर नेचुरल ग्लो देखने को मिल रहा है। ब्लैक कोट, मैचिंग पैंट, शूज और बालों पर टोपी पहने उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है और एक से बढ़कर एक पोज दे रही हैं। विंटर लुक में एक्ट्रेस की नेचुलर ब्यूटी से फैंस का मन मोह रही है।

## मराठी मुल्गी बनीं आइरा खान, चुराया सबका दिल



बालीवुड एक्टर आमिर खान की बेटी आइरा खान ने अपने होने वाले पति नुपुर शिखारे के संग मराठी वेषभूषा में तस्वीरे शेयर की , जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। कपल के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। कुछ दिन पहले ही कपल की केलवन सेरेमनी हुई थीं। वहीं 7 नवंबर को आइरा ने अपने केलवन और उखाना 2 सेरेमनी की कुछ तस्वीरें शेयर की। लुक की बात करें तो आइरा ने ब्राउन कलर की साड़ी पेयर की हैं। मराठी नथ, फूलों से बनी ज्वेलरी पहने आइरा बेहद प्यारी लग रही हैं। वहीं नुपुर कुर्ता पजामा में हैंडसम लग रहे हैं। एक तस्वीर में कपल को एक-दूसरे को गले लगाते हुए देखा जा सकता है। दोनों के चेहरे पर बड़ी सी स्माइल देखने को मिल रही हैं। एक तस्वीर में आइरा को नुपुर की कलाई पर फूलों का बैंड बांधते हुए दिखाया गया है। उन्होंने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें दोनों को अनुष्ठान के दौरान भोजन करते समय मजाकिया बातचीत करते देखा जा सकता है। तस्वीरें शेयर करते हुए आइरा ने लिखा, केलवन 2! उखाना 2! मैं उससे बहुत प्यार करती हूं।

## 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर कर रही अच्छी कमाई




बालीवुड फिल्म 12वीं फेल टॉकीजों में अच्छी कमाई कर रही है। वहीं तेजस को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है। एक्ट्रेस कंगना रनौत की तेजस के साथ रिलीज इस फिल्म को प्रदर्शित हुए 11 दिन हो चुके हैं। कम बजट में बनी इस फिल्म ने कंगना रनौत की तेजस को चारों खाने चित्त कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 12वीं फेल ने 10वें दिन 3.33 करोड़ रुपए का शानदार कारोबार किया था। अब फिल्म के 11वें दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो फिल्म मंडे को 1 करोड़ 50 लाख रुपए का बिजनेस कर सकती है। इसी के साथ 12वीं फेल का कुल कलेक्शन 23.05 करोड़ हो जाएगा। 12वीं फेल 25 करोड़ के बजट में बनी फिल्म है।

कम लागत के साथ बनी यह फिल्म दर्शकों का दिल जीत रही है। फिल्म ने कंगना रनौत की तेजस को शिकस्त दे दी है जो कि अब बॉक्स ऑफिस पर काफी स्ट्रगल कर रही है, जहां 11 दिनों में 12वीं फेल ने 23.05 करोड़ रुपए कमाए हैं तो वहीं तेजस 5.9 करोड़ रुपए का ही कारोबार किया है।


## दूसरी बार मां बनेंगी अनुष्का शर्मा? बेबी बंप के साथ का वीडियो वायरल



बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली हमेशा चर्चा में रहते हैं। इस बीच एक खबर आई कि अनुष्का दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। इस खबर पर अभी तक विराट और न ही अनुष्का ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की चचाओं के बीच बेंगलुरु के एक होटल में दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक्ट्रेस का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है।

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पैपराजी पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में विराट कोहली ने अपनी पत्नी का हाथ पकड़े हुए है और अनुष्का अपने बेबी बंप के साथ चलती नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के फैंस ने इस जोड़ी की जमकर तारीफें करनी शुरू कर दी हैं। इस वायरल वीडियो में अनुष्का शर्मा ने काले रंग की शिफ्ली ड्रेस पहनी हुई है। वीडियो के कमेंट सेक्शन में, नेटिजन्स ने ...तो अनुष्का विश्व कप मैच देखने नहीं आ रही है, अनुष्का सौ फीसदी गर्भवती हैं, दोनों एक साथ बहुत अच्छे लग रहे है, अनुष्का-विराट को शुभकामनाएं और आप अपने दूसरे बच्चे के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं जैसे कई कमेंट्स दिए हैं। उल्लेखनीय है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने 11 दिसंबर 2017 को इटली में शादी की थी। इसके बाद एक्ट्रेस ने 2021 में वामिका को जन्म दिया। इन दोनों ने अब तक वामिका का चेहरा मीडिया को नहीं दिखाया है। दंपति ने पपराजी से अनुरोध किया कि वे उनकी बेटी के जन्म के बाद उसकी तस्वीरें न लें। इस बीच विराट और अनुष्का दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, इसलिए विरुष्का के फैंस के बीच खुशी का माहौल है।

## अपने लुक को लेकर शर्मिंदगी महसूस करते थे नवाज



बॉलीवुड के सबसे उम्दा एक्टर्स में से एक नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक समय ऐसा भी था जब वह अपने लुक को लेकर शर्मिंदगी महसूस करते थे। एक्टर मानते थे कि वह अच्छे नहीं दिखते। नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस बात का खुलासा हाल ही मेंएक इंटरव्यू में किया है। नवाजुद्दीन ने कहा कि कई साल तक उनका मानना था कि वह अच्छे दिखने वाले लड़के नहीं हैं, लेकिन बाद में अपने करियर में उन्हें खुद पर भरोसा हुआ। एक्टर ने कबूल किया कि दूसरों की तरह वह भी फेयरनेस क्रीम की दुनिया में फंस गए थे। उन्होंने कहा, शुरूआती दिनों में मैं अपनी त्वचा के रंग के कारण असुरक्षित था। मैं बहुत सारी क्रीम लगाता था लेकिन कुछ भी नहीं बदला। लेकिन बहुत बाद में उन्हें खुद पर विश्वास हुआ और एक बार जब उन्होंने खुद को समझ लिया तो उन्हें एहसास हुआ कि आपका लुक नहीं आपका काम बेहतरीन होना जरूरी है। उन्होंने कहा, मैं काफी समय तक ऐसा महसूस होता था कि मैं अच्छा नहीं दिखता हूं, लेकिन जब मैं बाहर गया तो मुझे एहसास हुआ कि मैं ठीक हूं, मेरा चेहरा ठीक है।

## कैमरा एंगल का सबसे अधिक प्रयोग एक्शन सिनेमा में : प्रो. सुनील उमराव

**प्रयागराज, (हि.स.)।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुनील उमराव ने कहा कि कैमरे का फ्रेम शक्ति सम्बंधों का सृजन करता है। सिनेमा में कैमरा का एंगल यह निर्धारित करता है कि कौन बचाने वाला मसीहा है और कौन मारने वाला है और किसे बचाया जा रहा है। कैमरा एंगल का सबसे अधिक प्रयोग एक्शन सिनेमा में किया जाता है। गुरुवार को ईश्वर शरण पीजी कॉलेज में चल रहे फिल्म एप्रिसिएशन वर्कशॉप के चतुर्थ दिन प्रो. उमराव ने बताया कि कैमरे के विभिन्न एंगल का प्रयोग किस किस प्रकार सिनेमा की रचना करता है। जबकि समानांतर सिनेमा या कला सिनेमा में कैमरा एंगल का प्रयोग कम किया जाता है। इस प्रकार के सिनेमा में स्टेटिक कैमरा एंगल का इस्तेमाल अधिक किया जाता है। प्रो. सुनील उमराव ने मुम्बई से बनने वाले सिनेमा में कैमरे के इस्तेमाल और दक्षिण भारतीय सिनेमा में होने वाले कैमरे के इस्तेमाल में अंतर बताया। उनके अनुसार दक्षिण भारतीय सिनेमा में कैमरे का फ्रेम अधिक रंगपूर्ण और जानकारियों से भरा होता है। उन्होंने प्रतिभागियों को केंद्र में रखकर कहा कि केवल महंगे कैमरे के इस्तेमाल से फोटोग्राफी की विधा नहीं सीखी जा सकती। फोटोग्राफी के लिए कलात्मक और रचनात्मक दृष्टि की आवश्यकता होती है। सामान्य कैमरे से भी बेहतरीन तस्वीरें ली जा सकती हैं। दूसरी ओर महंगा कैमरा होते हुए भी अर्थहीन तस्वीरें प्रायः लोग खींचते रहते हैं। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. गायत्री सिंह, फिल्म एप्रिसिएशन वर्कशॉप के संयोजक डॉ. अंकित पाठक, सांस्कृतिक समिति की सदस्य डॉ. अश्विनी, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. दीपिका शर्मा आदि मौजूद रहीं। वर्कशॉप का संचालन हिंदी विभाग के शोधार्थी रंजीत कुमार और धन्यवाद ज्ञापन बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा वर्मा ने किया।

### सूडोकू नवताल- 6609

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकू नवताल -6608 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्दजाल - 7356

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | क | जं | पु | ग | द | रि | या | दि | ल | ध |
| म | वि | ल | ग | ख | जी | ग | द | अ | ता | र्म |
| रा | स | त | यु | व | रा | ज | रा | धि | क | रा |
| ज | ज | क | दो | पु | ज | ज | ह | रा | त | ज |
| क | ना | दो | आं | आं | लं | का | म | ज | व | क |
| जी | द | ग | प | य | द | रा | ज | ण | र | यो |
| ती | ग | इ | रा | या | प | बा | श | र | ल | गी |
| क | र्ज | ल्जा | ई | ज | ब | म | र | लो | श | रा |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त | हा | ह | प | ज |
| द | पा | दे | व | रा | ज | र्त | ऐ | रा | हा | त |
| क | दु | व | न | रा | ज | रा | ब | द | ज | थ |

*शब्द जाल ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे राज शब्द लगा है.नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

रामराज, नागराज, पुखराज, अधिराज, देवराज, योगीराज, दराज, धर्मराज, महाराज, युवराज

#### शब्दजाल - 7355 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | स | बी | ला | प | इ | ज | हा | र | क | मां |
| ग | दा | औ | प | रिं | लै | ला | दि | शा | को | क |
| इ | ब | म | रि | दा | ल | अ | प | रि | हा | र |
| कु | हा | रु | हा | त | स | द | व | हा | र | म |
| व | र | न्न | र | क | ते | री | ग | स | ता | द |
| म | रि | प | व | गा | स | मा | हा | र | न | ती |
| गा | नु | स | अं | प | म | खे | क | ला | व | क |
| उ | जी | हा | ला | क | शा | सौ | व | हा | जू | क |
| प | थो | तें | र | ल | ज | का | त | न | नी | द |
| हा | ल | व्य | व | हा | र | ऐ | हा | न | हा | थो |
| र | सा | ल | व | कु | श | जा | एं | र | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### अष्टयोग - 6309


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 4 | 5 | | |
| 2 | 30 | 7 | 31 | | 34 | 2 |
| 1 | | | 3 | | 7 | |
| | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | | 1 | | | 5 | 7 |
| 3 | 30 | | 32 | 7 | 34 | |
| | 5 | | 6 | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

#### अष्टयोग 6308 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 30 | 2 | 25 | 2 | 34 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | 6 |
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 30 | 3 | 42 | 5 | 34 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# इंग्लैंड को भारतीय कोच की डिमांड का पोस्टर दिखने पर रवि शास्त्री से मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।**

दर्शक दीर्घा में बैठे एक व्यक्ति ने जब इंग्लैंड की टीम को भारतीय कोच की डिमांड वाला पोस्टर दिखाया तो कांमेंटेटर इयोन मोर्गन ने रवि शास्त्री से कोच बनने का आग्रह किया। इस पर उन्होंने कामेंट्री बॉक्स में ही रवि शास्त्री से जवाब भी मांगा। दरअसल आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के दौरान जब इंग्लैंड की टीम पुणे के मैदान पर नीदरलैंड्स के सामने थीं तो दर्शक दीर्घा में एक व्यक्ति के हाथ में पकड़ा पोस्टर चर्चा में आ गया।

क्योंकि इंग्लैंड गत चैंपियन हैं और इस विश्व कप से पहले ही बाहर हो चुकी है। ऐसे में यह पोस्टर जिस में इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से भारतीय कोच रखने की अपील की गई थी, चर्चा में रहा है। यह पोस्टर जब ऑन एयर हुआ तो कांमेंटेटर भी इस पर बात करने से खुद को रोक नहीं पाए। इस दौरान इयोन मोर्गन के साथ तब कॉमेंट्री बॉक्स में रवि शास्त्री बैठे थे। मोर्गन ने उक्त पोस्टर देखकर हामी भरी और अपने साथी कमेंटेटर से इस पर राय भी जाननी चाहिए। इसके अलावा मोर्गन ने यह भी जानने की कोशिश की कि क्या रवि शास्त्री बतौर भारतीय इंग्लैंड क्रिकेट टीम को कोचिंग देना पसंद करेंगे। हालांकि इस पर रवि शास्त्री ने कहा कि हमको बुलाओ। हम सबको बुलाओ।

हम हिंदी सिखाएगा। मेरे कहने का मतलब है कि आपका स्वागत है। मैं टीम को हिंदी सिखाऊंगा और और सुंदर क्रिकेट भी। कोई प्रॉब्लम नहीं। बता दें कि पुणे के मैदान पर आमने सामने हुई दोनों ही टीमें (इंग्लैंड और नीदरलैंड्स) खिताबी दौड़ से बाहर हैं लेकिन विश्व कप में पाकिस्तान को छोड़कर शीर्ष सात स्थानों पर रहने वाली टीमें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करेगी। गत चैम्पियन टीम इस मैच से पहले 10वें पायदान पर थी लेकिन बड़ी जीत के बाद इंग्लैंड ने तालिका में 7वें स्थान पर पहुंच कर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

## मेडुलेंस ने एचपीसीए स्टेडियम को ऑन-ग्राउंड आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान की

**धर्मशाला।** आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाता मेडुलेंस ने विश्व कप 2023 के दौरान एचपीसीए स्टेडियम को ऑन-ग्राउंड आपातकालीन चिकित्सा सहायता प्रदान की है। सहयोग का उद्देश्य विश्व कप मैचों और स्टेडियम में आयोजित अभ्यास सत्रों के दौरान खिलाड़ियों की भलाई सुनिश्चित करना है, जिसमें सहायक कर्मचारी, दर्शक और इस विशाल खेल आयोजन में अन्य लोग शामिल हैं। इस शानदार स्टेडियम में विश्व कप के कुल 5 मैच खेले गए थे जिनमें से आखिरी मैच 28 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। मेडुलेंस ने जमीन पर 6 एम्बुलेंस तैनात की और उच्च योग्य डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के साथ कई चिकित्सा केंद्र स्थापित किए।

## न्यूज ब्रीफ

### पटियाला की तीरंदाज परणीत पहली बार बनीं एशियाई चैंपियन, एशियाड विजेता ज्योति को हराकर जीता स्वर्ण

**बैंकाक/नई दिल्ली।** मिल्खा सिंह की जीवनी द रेस ऑफ माई लाइफ को कई बार पढ़कर प्रेरणा बनाने वाली पटियाला की कंपाउंड तीरंदाज परणीत कौर पहली एशियाई चैंपियन बन गई हैं।



उन्होंने फाइनल में एशियाई खेलों में व्यक्तिगत के साथ तीन स्वर्ण जीतने वाली ज्योति सुरेखा वेनम को टाईब्रेकर में पराजित कर पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। कंपाउंड तीरंदाजों के दबदबे के बीच भारत ने एशियाई चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। रिकर्व में सिर्फ एक कांस्य पदक महिला टीम ने दिलाया। परणीत मध्यांतर तक दो अंकों से पीछे चल रही थीं, लेकिन 18 वर्षीय इस तीरंदाज ने जबरदस्त वापसी करते हुए स्कोर 145-145 से बराबर कर मुकाबले को टाईब्रेकर में खींच दिया, जहां परणीत को 9-8 से जीत मिली। मिश्रित टीम स्पर्धा में अदिति स्वामी और प्रियांश की जोड़ी ने फाइनल में थाईलैंड को 156-151 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। यही नहीं ज्योति, परणीत और अदिति की टीम ने एशियाड की तरह यहां ताइवान को 234-233 से हराकर टीम का भी स्वर्ण पदक जीता। बीते माह अपने पिता को खोने वाले अनुभवी अभिषेक वर्मा ने पुरुषों के व्यक्तिगत मुकाबले में कोरिया के जू जेईहून को 147-146 से हराकर कांस्य पदक जीता। ओलंपिक में शामिल रिकर्व के व्यक्तिगत मुकाबलों में पुरुष तीरंदाज क्वार्टर फाइनल और महिला तीरंदाज प्री क्वार्टर फाइनल से आगे जगह नहीं बना सके। परणीत के पिता अवतार सिंह के अनुसार एशियाड में टीम का स्वर्ण जीतने के बाद परणीत को सिर्फ एक ही धुन सवार थी कि उन्हें किसी तरह व्यक्तिगत का स्वर्ण भी जीतना है। वह ज्योति को गुजरात राष्ट्रीय खेलों के क्वार्टर फाइनल में भी हरा चुकी हैं, इस लिए फाइनल में उन पर कोई दबाव नहीं था।

### जोकोविच एटीपी फाइनल्स में रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच रविवार से शुरू होने वाले आगामी एटीपी फाइनल्स में रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। जोकोविच खुद को एक उच्च जोखिम वाली



स्थिति में पाते हैं, टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक छह खिताब के लिए रोजर फेडरर के साथ बराबरी पर हैं। सिर्फ एक और खिताब जीतने के साथ 36 वर्षीय खिलाड़ी इवेंट के इतिहास में सबसे सम्मानित खिलाड़ी के रूप में अकेले खड़े हो जाएंगे। सर्बियाई महान खिलाड़ी, जिन्होंने पाला एल्पिटौर में प्रशिक्षण लिया, पाला एल्पिटौर में ग्रीन ग्रुप के प्रमुख हैं। सीज़न के समापन में उनका मुकाबला घरेलू पसंदीदा जानिक सिनर, स्टेफ़ानोस सितसिपास और होल्गर रूण से होगा। 24 बार का ग्रैंड स्लैम चैंपियन अपना रिकॉर्ड-विस्तारित आठवां एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 सम्मान हासिल करने की कगार पर हैं । दो साल पहले, उन्होंने पीट सम्प्रास के छह साल के नंबर 1 स्थान पर रहने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिससे इतिहास में सबसे अधिक साल के अंत में शीर्ष रैंकिंग के लिए उनकी स्थिति मजबूत हो गई। क्या उन्हें इस साल फिर से यह उपलब्धि हासिल करनी चाहिए, एटीपी फाइनल के एक सप्ताह बाद जोकोविच एटीपी रैंकिंग के इतिहास में विश्व नंबर 1 पर 400 सप्ताह तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले स्टिमैक भारत को लेकर आश्वस्त

**नई दिल्ली।** भारत के फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर मैचों में कुवैत और कतर के खिलाफ रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा कि एक बार जो खिलाड़ी बाहर हैं, वो टीम में वापस आ जाएंगे। फिर, चाहे वे किसी के भी खिलाफ खेलें उससे फर्क नहीं पड़ता। भारत 16



नवंबर को कुवैत सिटी के जाबेर अल-अहमद अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अपने शुरुआती ग्रुप ए मुकाबले में कुवैत से भिड़ने के लिए तैयार है जिसके बाद नवंबर में वह स्वदेश लौटकर भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में कतर से भिड़ेगा। एआईएफएफ.काम के हवाले से स्टिमैक ने आगामी मुकाबले और तैयारियों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, हमने अपने काम के नए चरण में प्रवेश किया है। हम जानते हैं कि यह लड़कों के लिए बहुत कठिन और मुश्किल होने वाला है। हम जानते हैं कि मार्च तक अगले कुछ महीने बहुत कठिन होंगे। इस प्रक्रिया के दौरान हमें कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन हम बहुत आशावादी हैं कि एक बार जो खिलाड़ी बाहर हैं, वे वापस आ जाएंगे, तो हम फिर से मजबूत हो जाएंगे और मैदान पर ताकत दिखाएंगे, चाहे हम किसी के भी खिलाफ खेलें।

## 95 साल की भगवानी देवी ने रचा इतिहास

# एशियन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीते तीन स्वर्ण

**नई दिल्ली ।**

विश्व चैंपियन भगवानी देवी डागर ने एक बार फिर कमाल किया है। 95 वर्षीय एथलीट ने 22वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। फिलीपींस के न्यू क्लार्क सिटी में उन्होंने शॉटपुट, डिस्कस और जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वह ऐसा करने वाली पहली एशियाई चैंपियन हैं। इससे पहले 95 साल की भगवानी देवी डागर ने पोलैंड के टोरून में वर्ल्ड मास्टर्स एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में डिस्कस थ्रो में तीन स्वर्ण पदक जीते थे। फिनलैंड में 2023 विश्व मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 90-94 आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़, 95-99 आयु वर्ग में शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता था।



भगवानी देवी का जन्म हरियाणा के खेड़का गांव में हुआ था। उनकी शादी 12 साल की उम्र में हुई और 30 साल की उम्र में उनके पति का निधन हो गया। उनके पति की मृत्यु के बाद उन्होंने एक नवजात लड़के को खो दिया। हालांकि, उन्होंने इसके बाद पुनर्विवाह न करने का फैसला किया। देवी ने अपनी छोटी बेटी और एक अन्य बच्चे पर ध्यान केंद्रित किया। उस समय वह गर्भवती भी थीं।

उनकी बेटी का जन्म समय से पहले हो गया और उसकी सेहत ठीक नहीं रहती थी। इसी वजह से कुछ समय बाद ही उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत के बाद उनका छोटा बेटा उनकी एकमात्र संतान रह गया। देवी ने अपना और अपने बच्चे का भरण-पोषण करने के लिए कठिन मुश्किलों का सामना किया। उन्होंने अपनी बड़ी बहन की मदद ली, जिसकी शादी भी उसी परिवार में हुई थी। आखिरकार उनके प्रयास रंग लाए और भगवानी देवी के बेटे को दिल्ली नगर परिषद में क्लर्क के रूप में नियुक्त किया गया, जिससे परिवार की वित्तीय स्थिति सुधारने में मदद मिली। भगवानी देवी जल्द ही दादी बन गईं और उनके तीन पोते-पोतियां हैं। सबसे बड़े पोते विकास डागर की खेलों में गहरी रुचि थी और उन्होंने कई कमियों के बावजूद एशियाई खेलों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया। खेल रत्न पुरस्कार विजेता विकास के नाम पैरा-एथलीट के रूप में कई रिकॉर्ड हैं।

### चिली विश्व कप से पहले अर्जेंटीना का दौरा करेगी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली ।** चिली में होने वाले विश्वकप से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हालात के अनुरूप ढलने के लिए अर्जेंटीना में अभ्यास मैच खेलेगी। मुख्य कोच तुषार खांडेकर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा- टूर्नामेंट 29 नवंबर से दस दिसंबर तक सैंटियागो में होना है। हम चिली जाने से पहले अर्जेंटीना में अभ्यास मैच खेलेंगे ताकि जूनियर विश्व कप से पहले हालात के अनुकूल ढल सकें।' भारत को जर्मनी, बेल्जियम और कनाडा के साथ पूल सी में रखा गया है। भारत को पहला मैच 29 नवंबर को कनाडा से खेलना है जबकि 30 नवंबर को बेल्जियम और दो दिसंबर को जर्मनी से सामना होगा। चिली, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया पूल ए में, जबकि अर्जेंटीना, स्पेन, जिम्बाब्वे और कोरिया पूल बी में है। पूल डी में इंग्लैंड, अमेरिका, न्यूजीलैंड और जापान की टीमें हैं। टीम चयन के बारे में खांडेकर ने कहा, 'हमारे पास काफी प्रतिभाशाली पूल है। अंतिम एकादश का चयन आसान नहीं था लेकिन हमने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन को बेकरार हैं।' पिछली बार भारत मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूककर चौथे स्थान पर रही थी।

# शमी पर उमड़ा हसीन जहां का प्रेम, फैंस को हजम नहीं हो रही तारीफ



**नई दिल्ली ।**

**टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर अलग रह रहीं उनकी पत्नी का प्रेम उमड़ा है। वह शमी की तारीफ भी कर रही हैं, लेकिन शमी के फैंस को उनके इस प्रेम पर विश्वास नहीं हो रहा है। या यूं कहें कि यह प्रेम किसी को हजम नहीं हो रहा है। बता दें कि शमी इस वर्ल्डकप में अब तक दो बार की पारी में पांच विकेट हासिल कर चुके हैं।**

दुनियाभर के क्रिकेट दिग्गज और फैंस ने खुले दिल से शमी को सराहा है लेकिन शमी से अलग रह रहीं पत्नी हसीन जहां की ओर से इस भारतीय तेज गेंदबाज की तारीफ हर किसी को हैरान कर रही है। हाल ही में हसीन जहां द्वारा की गई तारीफ पर लोगों को इसलिए हैरानी हो रही है क्योंकि वे शमी पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और दूसरी महिलाओं से संबंध रखने जैसे कई संगीन आरोप लगा चुकी हैं। सोशल मीडिया पर भी शमी के खिलाफ वे आपत्तिजनक पोस्ट करती रहती हैं। वर्ल्डकप के दौरान ही उन्होंने शमी को टारगेट करते हुए इंस्टग्राम पर भैंस के साथ एक फोटो पोस्ट की थी। जिसमें उन्होंने लिखा था, मैं और अमरोहा का भैंसा। तभी तो मैं इसका दूध ले रही हूं। कुछ दिन बाद इसका मीट खाऊंगी। गौरतलब है कि शमी का जन्म यूपी के अमरोहा शहर में हुआ था। उनकी इस पोस्ट पर शमी के फैंस ने हसीन जहां को खूब खरी-खोटी सुनाई थी। आलोचना भरे इस पोस्ट के बाद हसीन जहां की ओर से शमी की तारीफ किसी को हजम हो रही। हसीन ने कहा, 'कुछ भी हो, अच्छा परफॉर्म कर रहा है। अच्छा खेलेगा, टीम में बना रहेगा, अच्छा कमाएगा तो हमारा भविष्य सिक्योर रहेगा।' हसीन ने आगे कहा, 'मैं अच्छे प्रदर्शन के लिए टीम इंडिया को शुभकामनाएं दूंगी लेकिन उसे '(शमी को) नहीं। मोहम्मद शमी और हसीन जहां के बीच अब तक कानूनी तौर पर तलाक नहीं हुआ है, लेकिन फिलहाल दोनों अलग-अलग रह रहे हैं।

## यूईएफए चैंपियंस लीग

# हैरी केन ने दिलाई बायर्न म्यूनिख को जीत, चैंपियंस लीग फुटबॉल के नॉकआउट में किया प्रवेश

**नई दिल्ली।**

**हैरी केन के दो गोल की मदद से जर्मनी के फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने यूईएफए चैंपियंस लीग के मुकाबले में ग्लातासारे को 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई स्कोर गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में गोल करने की शुरुआत केन ने की। 80वें मिनट में केन को जोशुआ किमिच से गेंद मिली और उन्होंने हेडर से गोल दागकर टीम का मैच में खाता खोल दिया।**



हालांकि, उनके गोल को वार के जरिये जांचा गया जिसे गोल घोषित कर दिया गया। इसके बाद केन को अपना दूसरा गोल करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्होंने 86वें मिनट में बॉक्स के अंदर से अपना दूसरा गोल करके टीम को 2-0 की उपयोगी बढ़त दिलाई। वापसी की कोशिश में जुटी ग्लातासारे की टीम को मैच के इंजुरी समय में सफलता मिल गई। सेडिक बाकंबु (90+3) में गोल करके गलेटसराय की मैच में वापसी करा दी, हालांकि यह को जीतने के लिए काफी नहीं था।

अन्य ग्रुप मैच में कोपनहेगन ने इंग्लिश टीम मैनचेस्टर यूनाइटेड को 4-3 से हरा दिया। कोपनहेगन के लिए मोहम्मद एलयूनोसी (45वां मिनट), डिओगे कोनकाल्वस (45+9वें मिनट), लुकास लेरागर (83वें मिनट) और रूनी (87वें मिनट) ने गोल दागे। यूनाइटेड के लिए होजइंड (तीसरा और 28वां मिनट) और ब्रूनो फर्नांडिस (69वां मिनट, पेनाल्टी) ने गोल किए।

# मैक्सवेल की तूफानी पारी ने ऑस्ट्रेलियाई टीम में विश्वास ला दिया, पूर्व कप्तान रिंकी पोंटिंग मैक्सवेल के हुए मुरीद

**मुंबई ।**

ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर और पूर्व कप्तान रिंकी पोंटिंग का मानना है कि अफगानिस्तान के खिलाफ ग्लेन मैक्सवेल की शानदार पारी से ऑस्ट्रेलियाई टीम को काफी विश्वास मिलेगा और यह विश्व कप में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैक्सवेल ने चोट से उबरकर अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ 128 गेंदों (21 चौकों और 10 छक्कों) में नाबाद 201* रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पहुंचने में मदद की। 292 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर एक समय 91/7 था। लेकिन मैक्सवेल और कप्तान पैट कमिंस ने हार के जबड़े से जीत छीन ली। पोंटिंग ने कहा, मैं बहुत सारे मैच खेल हूं और मैंने कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है और अगर मैं फिर कभी ऐसा कुछ देखूंगा तब मुझे बहुत आश्चर्य होगा। यह सबसे उल्लेखनीय चीज थी जो आपने क्रिकेट में शायद कभी देखी हो।



उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के लिए विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने का बहुत बड़ा मतलब है। इस अविश्वसनीय जीत ने विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की लगातार छठी जीत दर्ज की और टूर्नामेंट के निर्णायक स्थान के लिए अगले सप्ताह एक रोमांचक सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के साथ पांच बार के चैंपियन का मुकाबला तय कर दिया। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पोंटिंग को लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाफ मैक्सवेल की वीरता ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना विजयी क्रम जारी रखने के लिए उत्प्रेरक साबित हो सकती है और उन्हें यह विश्वास प्रदान करेगी कि वे आगे बढ़ सकते हैं और एक और विश्व कप खिताब जीत सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, जितनी भी महान टीमों के साथ मैंने खेला है और जितनी भी महान टीमों के साथ मैं रहा हूं, उनका हमेशा यह विश्वास रहा है कि वे कहीं से भी जीत सकते हैं और वस्तुत: कहीं भी, यहां तक कि विश्व कप अभियान भी जिसमें मैं खेला था।

# नाओमी ओसाका ब्रिस्बेन इंटरनेशनल वार्म-अप टूर्नामेंट में करेंगी वापसी, बोलीं- मैं उत्साहित हूं

**ब्रिस्बेन।**

**चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल वार्म-अप टूर्नामेंट से टेनिस में वापसी करेंगी। ऑस्ट्रेलिया में टूर्नामेंट के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि ओसाका के 31 दिसंबर-जनवरी में प्रतिस्पर्धा करेगी। वह 2024 सत्र की शुरूआत में सात स्पर्धा में भाग लेंगी।**



दो बार की ऑस्ट्रेलियन और यू.एस. ओपन विजेता ओसाका ने पिछले साल के गर्भवती होने के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से आश्चर्यजनक रूप से नाम वापस ले लिया था। पूर्व टेनिस नंबर खिलाड़ी ने एक जुलाई में बेटी शाई के जन्म दिया था।

ओसाका ने एक बयान में कहा, मैं कोर्ट पर वापस आने और प्रतिस्पर्धा करने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे हमेशा ब्रिस्बेन में अपना सत्र शुरू करना पसंद है और मैं वापसी का इंतजार नहीं कर सकती। यह मुझे इस गर्मी में शानदार वापसी के लिए तैयार करेगा। ओसाका ने यूएस ओपन के पहले दौर में हारने के तुरंत बाद सितंबर 2022 में टोक्यो में एक कार्यक्रम के बाद से उसने दौरे पर प्रतिस्पर्धा नहीं की है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अधिकारियों ने पिछले महीने घोषणा की थी कि ओसाका 14 जनवरी से शुरू होने वाले साल के पहले बड़े टूर्नामेंट के लिए मैदान में होगी।

### इंग्लैंड के प्लेयर्स को ड्रेसिंग रूम में बंद कर सेमीफाइनल में पहुंचेगी पाकिस्तान, वसीम अकरम का बेतुका रास्ता

**नई दिल्ली ।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 का 41वां मुकाबला न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार जीत दर्ज की। कीवी टीम की जीत ने पाकिस्तान के लिए वर्ल्ड कप में परेशानी खड़ी कर दी है। अब क्वालीफाई करने के लिए उन्हें इंग्लैंड को काफी बड़े अंतर से हराना होगा, जो थोड़ा मुश्किल है। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने पाकिस्तान को जीतने के लिए एक अजीबोगरीब तरीका बताया है। पूर्व क्रिकेटर अकरम से पाकिस्तान के क्वालीफिकेशन सिनेरियो पर सवाल पूछा गया। वसीम अकरम ने इसका अजीबोगरीब जवाब देकर कहा, पाकिस्तान को पहले बैटिंग करनी चाहिए और जितना स्कोर बनाना हो बना ले। जब इंग्लैंड की बारी आए तब पाकिस्तानी खिलाड़ी इंग्लैंड के प्लेयर्स को ड्रेसिंग रूम में बंद कर दे। ताकि वे टाइम आउट हो जाए और पाकिस्तान ये मैच जीत जाए। वैसे 300 रन से उनका काम नहीं चलने वाला लेकिन इस स्कोर को बनाया, तब इंग्लैंड को 13 रन पर ऑलआउट करना होगा। पाकिस्तान ने अगर 400 रन बनाया, तब 112 रन पर इंग्लैंड को रोकना होगा। 450 रन बनाने पर 162 रन पर इंग्लिश टीम को ढेर करा होगा। सबसे कमाल की बात यह है कि पाकिस्तान की टीम ने अब तक वनडे इंटरनेशनल में कभी भी 400 रन का स्कोर खड़ा नहीं किया है। विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम: बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ , हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।



### एटीपी फाइनल्स में अलकाराज का सामना मेदवेदेव, रूबलेव और ज्वेरेव से

तूरिन। गत चैम्पियन नोवाक जोकोविच को सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में घरेलू सितारे यानिक सिनेर से खेलना होगा और उन्हें वर्ष के आखिर में नंबर एक पर रहने के लिये एक ही मैच जीतना है । आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जोकोविच का सामना राउंड रॉबिन चरण में स्टेफानोस सिटसिपास और होल्गार रूने से होगा । दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज की टक्कर दानिल मेदवेदेव , आंद्रे रूबलेव और अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगी । हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे । टूर्नामेंट रविवार को शुरू होगा और फाइनल 19 नवंबर को खेला जायेग।




# नरक से मुक्ति का मार्ग दीपदान



**योगेश कुमार गोयल**

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, उसकी श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है *नरक चतुर्दशी*। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व नरक चतुर्दशी के नाम में *नरक* शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 11 नवंबर को मनाया जाएगा या 12 नवंबर को। दरअसल कई स्थानों पर यह पर्व इस बार दीपावली के साथ 12 नवंबर को ही मनाए जाने का उल्लेख है लेकिन हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस बार 11 नवंबर 2023 को दोपहर 1 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में यह पर्व 11 नवंबर को ही मनाया जाएगा। इस दिन सायं 5 बजकर 29 मिनट से लेकर 8 बजकर 7 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। इस पर्व को *नरक चौदस, रूप चतुर्दशी, काल चतुर्दशी* तथा *छोटी दीवाली* के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा *नरकासुर* नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16,000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16,000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण और पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीपावली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रात:काल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है।

















मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**